रांची, सोमवार | 01 जून 2026 | वर्ष-27, अंक-119, पृष्ठ-12

अधिक ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 01, संवत 2083 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/00155

मूल्य 2 रु.

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



## रांची का तापमान

| रांची | कांके |
|---|---|
| अधिक. 36.0° | अधिक. 36.0° |
| न्यून. 21.0° | न्यून. 21.0° |

## तंबाकू के खिलाफ 1680 स्कूलों में चला जागरूकता कार्यक्रम

# तंबाकू को ना, जिंदगी को हां

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर रविवार को राज्य भर के 1680 स्कूलों में तंबाकू के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। पुलिस, शिक्षा एवं अन्य विभागों के साथ 282 प्रशिक्षण दिए गए। पूरे राज्य मे 2,08,701 टीटीसी काउंसेलिंग की गई एवं फरमैकोथेरेपी की गई। रांची में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में तीन महत्वपूर्ण तकनीकी सत्र एवं कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान तंबाकू से बचाव के लिए दो नारे दिए गए - 'तंबाकू को ना, जिंदगी को हां' और 'एक कश भी कैंसर तक ले जाए। प्रथम कार्यशाला में डॉ अर्पिता राय, अतिरिक्त प्राध्यापक, रिम्स रांची ने तंबाकू सेवन से होने वाले मुख कैंसर, उसकी प्रारंभिक पहचान एवं रोकथाम पर विस्तृत जानकारी दी। वहीं, संताना कुमारी ने मानसिक स्वास्थ्य एवं नशे के दुष्प्रभावों पर विशेषज्ञ व्याख्यान दिया। द्वितीय कार्यशाला में एनसीडी सेल द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के लिए नशामुक्ति विषय पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसमें समुदाय स्तर पर परामर्श सेवाओं एवं व्यवहार परिवर्तन संचार की रणनीतियों पर चर्चा की गई। तृतीय कार्यशाला में सहियाओं को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभाव, कैंसर एवं अन्य गैर-संचारी रोगों के जोखिम तथा समुदाय स्तर पर जागरूकता फैलाने में उनकी भूमिका के संबंध में प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक टीम ने तंबाकू सेवन एवं नशे के दुष्प्रभावों पर आधारित एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को मैत्री क्लिनिक, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों तथा राष्ट्रीय तंबाकू त्याग हेल्पलाइन 1800-11-2356 के माध्यम से उपलब्ध निःशुल्क परामर्श एवं सहायता सेवाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने उपस्थित सभी अधिकारियों, चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों, सामुदायिक कार्यकर्ताओं एवं प्रतिभागियों को तंबाकू निषेध की शपथ दिलाई। शपथ के माध्यम से सभी ने स्वयं तंबाकू एवं अन्य नशे से दूर रहने की सलाह दी।




कार्यक्रम में जिला दंत चिकित्सा पदाधिकारी, आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी (सीएचओ), राज्य एवं जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी, चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी एवं विभिन्न कार्यक्रमों से जुड़े प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ रवि राय (सदर अस्पताल, रांची), डॉ अर्पिता राय (अतिरिक्त प्राध्यापक, रिम्स रांची), डॉ राजीव रंजन (सदर अस्पताल, खूंटी), डॉ लाल मांझी (राज्य नोडल पदाधिकारी, एनसीडी), डॉ राहुल किशोर सिंह (राज्य नोडल पदाधिकारी, आईईसी सेल)

शेष पेज 11 पर



## राज्य सरकार ने लागू की हैं सख्त और व्यापक तंबाकू निषेध नीतियां

हेमंत सोरेन सरकार राज्य में तंबाकू की खपत को रोकने और सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए राज्य सरकार ने सख्त और व्यापक तंबाकू निषेध नीतियां लागू की हैं। राज्य सरकार ने तंबाकू और निकोटीन युक्त गुटखा व पान मसाला के निर्माण, भंडारण, बिक्री और वितरण पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है।

शेष पेज 11 पर

## दृष्टिपात

### पश्चिमी सिंहभूम के मंझारी में बेटी की डंडे से पीटकर हत्या

**चाईबासा (प सिंहभूम)।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के मंझारी थाना क्षेत्र अंतर्गत तांतनगर ओपी के खेड़ियाटांगर गांव में शनिवार की रात एक पिता ने अपनी पुत्री की डंडे से मारकर हत्या कर दी। ग्रामीणों के अनुसार, लालसिंह पूर्ति ने अपनी छह वर्षीया पुत्री सोनिया पूर्ति की डंडे से पीटकर हत्या कर दी। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़कर पेड़ से बांध दिया और पुलिस को मामले की सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद गांव में आक्रोश और मातम का माहौल है।

### रांची ने जीता राज्य स्तरीय जूनियर बालिका खो खो प्रतियोगिता

**रांची।** जामताड़ा के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित राज्यस्तरीय जूनियर बालिका खो खो प्रतियोगिता का रविवार को समापन हो गया। रांची की टीम इस प्रतियोगिता की विजेता बनी। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ 29 मई 2026 को हुआ था। इसमें 16 जिलों की टीम भाग लिया था। प्रतियोगिता का फाइनल मैच रांची और रामगढ़ जिले की टीम के बीच हुआ। रोमांचक मुकाबले में रांची जिला की टीम ने ट्रॉफी अपने नाम कर लिया। रामगढ़ जिले की टीम उपविजेता बनी।

### देवघर के रिखिया में विक्षिप्त लापता बच्चा सकुशल बरामद

**देवघर।** देवघर पुलिस ने मानसिक रूप से विक्षिप्त लापता बच्चे को सकुशल बरामद कर रविवार को उसके परिजनों को सौंप दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 31 मई 2026 को देवघर जिले के रिखिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चिरुडीह निवासी छोटेलाल बाउरी का 9 वर्षीय पुत्र राहुल बाउरी, जो मानसिक रूप से विक्षिप्त बताया जाता है, अचानक लापता हो गया था। पुलिस के लगातार प्रयासों से राहुल बाउरी को सकुशल बरामद कर लिया गया। आवश्यक सत्यापन की प्रक्रिया पूरी करने के बाद बच्चे को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

## टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी पर हमले की हेमंत सोरेन ने की निंदा, कहा

# हिंसा से नहीं दिया जा सकता है राजनीतिक असहमति का जवाब

**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद अभिषेक बनर्जी पर हुए हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हिंसा और हमलों के लिए कोई स्थान नहीं है तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि पश्चिम बंगाल में सांसद अभिषेक बनर्जी पर हुआ हमला अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में वैचारिक मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन राजनीतिक असहमति का जवाब हिंसा या बल प्रयोग से नहीं दिया जा सकता। उन्होंने कहा कि राजनीतिक विरोध का सामना तर्क, संवाद और जनमत के माध्यम से किया जाना चाहिए, न कि डर और हिंसा के जरिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी घटनाएं लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करती हैं और इनके लिए किसी भी प्रकार की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए।

हेमंत सोरेन ने घटना में शामिल लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि लोकतंत्र को हिंसा नहीं, बल्कि संवाद, सहिष्णुता और पारस्परिक सम्मान मजबूत बनाते हैं। ज्ञात हो कि अभिषेक बनर्जी पर शनिवार को उस वक्त हमला किया गया था, जब वो सोनारपुर में चुनाव बाद हुई हिंसा से प्रभावित परिवारों से मिलने जा रहे थे। रास्ते में उन पर अंडे फेंके गए और धक्का-मुक्की की गई। इस मामले में पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार किया है।

शेष पेज 11 पर

## बोले, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए



### अभिषेक झारखंड आएं, पूरी सुरक्षा और पूरा इलाज मिलेगा : डॉ इरफान

**रांची।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से आग्रह किया है कि वह अपने घायल भतीजे अभिषेक बनर्जी को बेहतर चिकित्सा सुविधा और सुरक्षा के लिए झारखंड भेजें। उन्होंने अभिषेक बनर्जी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। रविवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड सरकार अभिषेक बनर्जी को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा, सुरक्षा और आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर संवेदनशील है और जरूरत पड़ने पर हर संभव सहायता प्रदान करेगी। अभिषेक झारखंड आएंगे तो उन्हें पूरी सुरक्षा दी जाएगी और बेहतर इलाज मिलेगा। डॉ अंसारी ने अभिषेक बनर्जी के घायल होने की घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह मामला लोकतांत्रिक मूल्यों और जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रकार के दबाव, भय अथवा प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण उन्हें समुचित चिकित्सा सुविधा प्राप्त करने में कठिनाई हुई है या उपचार में कोई बाधा उत्पन्न हुई है, तो इसकी निष्पक्ष और पारदर्शी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में राजनीतिक मतभेद और वैचारिक प्रतिस्पर्धा स्वाभाविक हैं

शेष पेज 11 पर



● स्वास्थ्य मंत्री ने अभिषेक बनर्जी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की

## पहाड़ों से खूब है टीम इंडिया के पूर्व कप्तान का लगाव


# मसूरी की वादियों में सपरिवार पहुंचे क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी

**रांची/मसूरी (हि.स.)**

टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी एक बार फिर अपने परिवार के साथ पहाड़ों की रानी मसूरी की वादियों में नजर आए। इस बार वे क्रिकेट या किसी सार्वजनिक कार्यक्रम के लिए नहीं, बल्कि अपनी बेटी के समर प्रोग्राम में प्रवेश के सिलसिले में पहुंचे हैं।

उत्तराखंड और पहाड़ों से क्रिकेटर धोनी का लगाव किसी से छिपा नहीं है। व्यस्त जीवन और सार्वजनिक जिम्मेदारियों के बीच जब भी उन्हें सुकून के कुछ पल बिताने होते हैं, वह अक्सर पहाड़ी इलाकों का रुख करते हैं। इस बार धोनी अपनी बेटी के एक प्रतिष्ठित स्कूल के समर प्रोग्राम में प्रवेश की प्रक्रिया के

शेष पेज 11 पर



● अपनी बेटी के समर प्रोग्राम में प्रवेश के सिलसिले में आए हैं

# झारखंड में 6 जून तक गर्जन व आकाशीय बिजली की चेतावनी

**नवीन मेल संवाददाता**

● सबसे अधिक तापमान मेदिनीनगर में 39.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ

**रांची।** राजधानी रांची सहित राज्य के अधिसंख्य जिलों में 6 जून 2026 तक मौसम का मिजाज बदले रहने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में गर्जन, आकाशीय बिजली गिरने (वज्रपात) और तेज हवाएं चलने की आशंका को देखते हुए 'येलो अलर्ट' जारी किया है।

मौसम विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है। विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान खुले मैदानों, पेड़ों और बिजली के खंभों के नीचे खड़े होने से बचने तथा आकाशीय बिजली की चेतावनी पर सुरक्षित स्थानों में शरण लेने की सलाह दी है। मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार (1 जून) को राज्य के उत्तर-पश्चिमी जिलों को छोड़कर अधिकांश क्षेत्रों में गर्जन और वज्रपात की संभावना है। वहीं 2, 3 और 4 जून 2026 को उत्तर-पश्चिमी तथा उत्तरी जिलों को छोड़कर राज्य के शेष भागों में गरज के साथ बारिश

शेष पेज 11 पर

# राहुल सिंह गिरोह के 4 सदस्य गिरफ्तार

● पिस्टल, कारतूस, मिसफायर गोली, खाली मैगजीन और मोबाइल फोन बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू पुलिस ने कुख्यात अपराधी राहुल सिंह गिरोह के चार अपराधियों को गिरफ्तार कर कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए रविवार को उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों में विक्रांत सिंह उर्फ सिकराम सिंह (29 वर्ष), संतोष राम (26 वर्ष), मधुकांत प्रजापति, (20 वर्ष) और बिक्रम राम (24 वर्ष) शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने दो नाइन एमएम की पिस्टल, दो नाइन एमएम की कारतूस, छह पीस मिसफायर गोली, एक खाली मैगजीन और मोबाइल फोन बरामद किया है। इस संबंध में पत्रकारों को जानकारी देते हुए पलामू एसपी कपिल चौधरी ने रविवार को बताया कि शनिवार (30 मई) की रात्रि में पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि कुख्यात अपराधी राहुल सिंह गिरोह के कुछ सक्रिय सदस्य हैदरनगर थाना क्षेत्र में संचालित सड़क निर्माण डूअर्स कंस्ट्रक्शन कंपनी के कार्य को बाधित करने

शेष पेज 11 पर

## परिजनों से एक लाख रुपए की फिरौती मांगी गई थी

# रांची से लापता मां-बेटी आरा से सकुशल बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

## साइबर अपराधियों ने ब्लैकमेल कर 80 हजार की ठगी की थी

जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया है कि हाल के दिनों में मां और बेटी साइबर ठगी का शिकार हुई थीं। बताया गया है कि साइबर अपराधियों ने उन्हें ब्लैकमेल कर लगभग 80 हजार रुपए की ठगी की थी। पुलिस इस पहलू को भी गंभीरता से जांच के दायरे में रखे हुए है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि कहीं इस घटना का संबंध साइबर अपराधियों या किसी अन्य संगठित साजिश से तो नहीं है।

**रांची।** राजधानी रांची के धुर्वा क्षेत्र से रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हुई मां-बेटी को पुलिस ने बिहार के आरा जिले से सकुशल बरामद कर लिया है। दोनों के गायब होने के बाद परिजनों से एक लाख रुपए की फिरौती मांगे जाने के कारण मामला और अधिक गंभीर हो गया था। अब मां-बेटी के सुरक्षित मिलने के बाद पुलिस पूरे घटनाक्रम की गहन जांच कर रही है। झारखंड पुलिस में कार्यरत सुधीर कुमार सिंह की पत्नी और उनकी 19 वर्षीया बेटी शनिवार को अचानक लापता हो गई थीं। दोनों के एक साथ गायब होने से परिवार में चिंता का माहौल बन गया था। परिजनों ने उनकी तलाश के लिए पोस्टर भी जारी किए थे और लोगों से सूचना देने की अपील की थी। मामले को लेकर सुधीर कुमार सिंह ने धुर्वा थाना में गुमशुदगी की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस ने शिकायत मिलते ही जांच शुरू कर दी और दोनों की तलाश के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रयास किए गए। इसी दौरान एक नया मोड़ तब आया, जब एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर सुधीर कुमार सिंह और उनके बेटे से एक

शेष पेज 11 पर

## आस्था

## ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा और अधिकमास पर लगी रहीं लंबी कतारें

# बाबा बैद्यनाथ मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**नवीन मेल संवाददाता**

**देवघर।** ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा और अधिकमास के पावन अवसर पर रविवार को बाबा बैद्यनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। सुबह से ही श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के दर्शन-पूजन के लिए लंबी कतारों में खड़े दिखाई दिए। सामान्य दर्शन के साथ-साथ शीघ्र दर्शनम कूपन काउंटर पर भी श्रद्धालुओं की लंबी लाइनें मंदिर परिसर से बाहर तक देखी गईं। झारखंड के अलावा, बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश समेत देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु देवघर आए थे। श्रद्धालुओं ने बाबा बैद्यनाथ के दरबार में पूजा-अर्चना की तथा स्वयं व अपने परिवार की सुख-समृद्धि एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पदाधिकारी एवं जवान लगातार तैनात रहे। मौसम अपेक्षाकृत ठंडा रहने से श्रद्धालुओं को भी राहत मिली और दर्शन-पूजन का क्रम सुचारू रूप से चलता रहा। इस विशेष अवसर के धार्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बाबा मंदिर के तीर्थ पुरोहित प्रवीण ठाकुर ने कहा कि अधिक मास, जिसे पुरुषोत्तम मास भी कहा जाता है, सनातन धर्म में अत्यंत पवित्र माना जाता है। यह माह भगवान विष्णु को समर्पित होता है और इस दौरान किए गए जप, तप, दान और पूजा का फल कई गुना बढ़कर प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि अधिकमास की पूर्णिमा का महत्व और भी अधिक माना गया है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार वर्ष 2026 में अधिक मास की पूर्णिमा तिथि 30 मई की सुबह से शुरू होकर 31 मई की दोपहर तक रही। उदया तिथि के आधार पर पूर्णिमा का विशेष पुण्यकाल रविवार को माना गया। ज्येष्ठ अधिक मास की पूर्णिमा हिंदू धर्म में अत्यंत पुण्यदायी मानी जाती है। इस दिन गंगा स्नान, भगवान विष्णु और चंद्र देव की पूजा, व्रत, जप-तप और दान-पुण्य का विशेष महत्व बताया गया है।



## सुरक्षा और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात रही पुलिस

**भक्तिमय माहौल में डूबी रही बाबा नगरी :** मान्यता है कि पूर्णिमा के दिन पवित्र नदी में स्नान और श्रद्धापूर्वक दान करने से पापों का नाश होता है एवं मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और पितरों का आशीर्वाद प्राप्त होता है। पूर्णिमा और अधिकमास के शुभ संयोग पर बाबा नगरी देवघर भक्तिमय माहौल में डूबी रही और दिनभर श्रद्धालुओं का मंदिर में आगमन जारी रहा।

# बीएड प्रवेश परीक्षा में एंट्री नहीं मिलने पर छात्रों का हंगामा

**जमशेदपुर (पू सिंहभूम) (हि.स.)**

● जमशेदपुर के ग्रेजुएट कॉलेज केंद्र की घटना, निर्धारित समय के भीतर नहीं पहुंचने का मामला

● छात्रों का आरोप, गेट पर तैनात कर्मियों ने प्रतीक्षा करने के लिए कहा इसलिए देर हुई

बीएड, एमएड और बीपीएड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा के दौरान रविवार को जमशेदपुर के ग्रेजुएट कॉलेज परीक्षा केंद्र पर उस समय तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई, जब कई अभ्यर्थियों को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी गई। इससे नाराज छात्रों ने परीक्षा केंद्र के बाहर विरोध प्रदर्शन किया और परीक्षा संचालन व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कुछ अभ्यर्थियों ने परीक्षा में शामिल होने की मांग को लेकर कॉलेज के मुख्य गेट पर चढ़ने का प्रयास किया, जबकि कुछ छात्रों ने गेट फांदकर अंदर जाने की कोशिश भी की। घटना के बाद केंद्र के बाहर काफी देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही।

अभ्यर्थियों का कहना था कि परीक्षा के लिए रिपोर्टिंग समय सुबह 10:15 बजे निर्धारित था और परीक्षा 10:30 बजे शुरू होनी थी। उनका आरोप है कि वे परीक्षा शुरू होने से पहले ही कॉलेज परिसर पहुंच गए थे

शेष पेज 11 पर

# डॉ मिथिलेश पर हमले के विरोध में चिकित्सक समुदाय एकजुट

## दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पाटन के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मिथिलेश कुमार पर 28 मई की रात्रि ड्यूटी से लौटने के दौरान हुए क्रूर हमले की चिकित्सा समुदाय ने कड़ी निंदा की है। चिकित्सकों का कहना है कि यह घटना केवल एक डॉक्टर पर हमला नहीं, बल्कि पूरे स्वास्थ्य तंत्र और समाज की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार डॉ मिथिलेश कुमार को रास्ते में रोककर असामाजिक तत्वों द्वारा गंभीर रूप से मारपीट की गई, जिससे वे बुरी तरह घायल हो गए। वर्तमान में उनका उपचार रांची में चल रहा है।

इस घटना को लेकर झारखंड की चिकित्सा बिरादरी में गहरा आक्रोश है। आईएमए, जेएसएसएसए, जेडीएन तथा विभिन्न पारा-मेडिकल कर्मचारी संगठनों ने एकजुट होकर घटना की उच्चस्तरीय, निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कराने की मांग की है। साथ ही दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी कर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की भी मांग उठाई गई है। चिकित्सा संगठनों ने कहा है कि राज्य में चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा के लिए प्रभावी एवं स्थायी व्यवस्था लागू की जाए तथा संबंधित क्षेत्र में सक्रिय अपराधी तत्वों और सड़क लूट जैसी घटनाओं पर तत्काल रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

चिकित्सा संगठनों ने राज्य सरकार और प्रशासन को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा है कि चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा के मुद्दे पर अब किसी प्रकार की उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उनका कहना है कि यदि इस मामले में शीघ्र और संतोषजनक कार्रवाई नहीं की गई, तो आईएमए, जेएसएसएसए, जेडीएन और पारा-मेडिकल कर्मचारी संगठनों सहित संपूर्ण चिकित्सा समुदाय अपने सदस्यों की सुरक्षा और सम्मान की रक्षा के लिए पेन-डाउन आंदोलन समेत सभी लोकतांत्रिक और वैधानिक विकल्पों पर विचार करने को बाध्य होगा। चिकित्सा समुदाय ने कहा कि आज पूरा स्वास्थ्य जगत डॉ. मिथिलेश कुमार के साथ खड़ा है और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता है। साथ ही यह भी संकल्प व्यक्त किया गया कि दोषियों को न्याय के कटघरे तक पहुंचाने और पीड़ित चिकित्सक को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष जारी रहेगा। चिकित्सा संगठनों ने दोहराया कि "न्याय में विलंब, न्याय से वंचित करने के समान है", इसलिए प्रशासन को इस मामले में तत्काल और प्रभावी कार्रवाई करनी चाहिए।

### विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर राज्यस्तरीय कार्यशाला सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

# तंबाकू मुक्त राज्य के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी : शशि प्रकाश झा

- तंबाकू नियंत्रण केवल स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज का अभियान है

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस-2026 के अवसर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड द्वारा राज्य स्तरीय कार्यशाला सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य तंबाकू नियंत्रण गतिविधियों को सुदृढ़ करना, विभिन्न हितधारकों के बीच समन्वय स्थापित करना तथा स्वस्थ एवं तंबाकू मुक्त झारखंड के निर्माण हेतु सामूहिक सहभागिता सुनिश्चित करना रहा। कार्यक्रम में अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने "धुएं से आज़ादी" शीर्षक से प्रेरणादायक कविता प्रस्तुत कर नशामुक्त समाज का संदेश दिया।

उन्होंने युवाओं से तंबाकू एवं अन्य नशों से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। अपने संबोधन में श्री झा ने बताया कि झारखंड में प्रतिवर्ष लगभग 35,000 से 40,000 कैंसर रोगियों की पहचान होती है, जिनमें 40 से 45 प्रतिशत मरीज मुख (ओरल) कैंसर से प्रभावित होते हैं। उन्होंने कहा कि तंबाकू सेवन इस गंभीर बीमारी का प्रमुख कारण है, जिसे समय रहते जागरूकता और रोकथाम के माध्यम से नियंत्रित किया जा सकता है।

कार्यक्रम का आयोजन आईपीएस परीक्षागृह में किया गया। श्री झा ने कहा कि तंबाकू नियंत्रण केवल स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सम्पूर्ण समाज का अभियान है। इसके लिए ""संपूर्ण सरकार" एवं "संपूर्ण समाज"" दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक है, जिसमें स्वास्थ्य विभाग के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहिया, एएनएम, पंचायती राज संस्थाएं, ग्रामीण विकास विभाग, स्वयं सहायता समूह, शैक्षणिक संस्थान, नगरीय निकाय, सामुदायिक संगठन एवं आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रूप से कमजोर करता है तथा परिवार एवं समाज पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है। उन्होंने लोगों से नशे की लत छोड़कर स्वस्थ और सशक्त जीवन अपनाने की अपील की।

श्री झा ने दंत चिकित्सकों को तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की अग्रिम पंक्ति का महत्वपूर्ण योद्धा बताया और कहा कि प्रत्येक दंत चिकित्सा इकाई को तंबाकू त्याग परामर्श एवं व्यवहार परिवर्तन संचार का प्रभावी केंद्र बनाया जाना चाहिए। साथ ही आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को तंबाकू त्याग एवं स्वास्थ्य संवर्धन सेवाओं के मजबूत केंद्र के रूप में विकसित करने पर बल दिया गया। उन्होंने पंचायती राज संस्थाओं, शहरी निकायों, शिक्षकों, युवा संगठनों, स्वयं सहायता समूहों, धार्मिक नेताओं, मीडिया प्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि तंबाकू नियंत्रण को जनभागीदारी आधारित जन-आंदोलन का स्वरूप देना समय की आवश्यकता है।

अंत में उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे स्वयं तंबाकू मुक्त जीवनशैली अपनाएं और समाज के लिए प्रेरणा स्रोत बनें। साथ ही विद्यालयों, महाविद्यालयों, एनएसएस, एनसीसी, नेहरू युवा केंद्र एवं युवा क्लबों को इस अभियान से सक्रिय रूप से जोड़ने पर जोर दिया।

## दृष्टिपात

### दो माह में प्रतिदिन दुग्ध संग्रह में 40 हजार किग्रा की वृद्धि : शिल्पी नेहा तिर्की



**रांची।** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने विश्व दुग्ध दिवस (1 जून) के अवसर पर राज्यवासियों, दुग्ध उत्पादक किसानों और पशुपालकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि झारखंड दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रभावी, दूरदर्शी एवं किसान-केंद्रित पहल कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में 70 हजार से अधिक किसान झारखंड मिल्क फेडरेशन (जेएमएफ) से जुड़े हुए हैं और उनकी संख्या लगातार बढ़ रही है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में औसत दुग्ध संग्रहण 240 हजार किलोग्राम प्रतिदिन था, जो वर्तमान में बढ़कर 280 हजार किलोग्राम प्रतिदिन हो गया है। यानी दो माह में 40 हजार किलोग्राम प्रतिदिन की वृद्धि हुई है। यह वृद्धि राज्य के डेयरी क्षेत्र की मजबूत होती आधारशिला और किसानों के बढ़ते विश्वास का प्रमाण है। राज्य सरकार का लक्ष्य वित्तीय वर्ष 2028-29 तक दुग्ध संग्रहण को बढ़ाकर 500 हजार किलोग्राम प्रतिदिन तक पहुंचाना है। इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दुग्ध प्रसंस्करण अवसंरचना का तेजी से विस्तार किया जा रहा है।

### वेतन के लिए आज रिम्स में प्रदर्शन करेंगे कर्मचारी

**रांची।** रिम्स में कर्मचारियों, पदाधिकारियों और चिकित्सकों को पिछले तीन महीने से अधिक समय से वेतन नहीं मिला है। वेतन भुगतान की मांग को लेकर रिम्स के सभी कर्मचारी सोमवार को निदेशक कार्यालय के समक्ष पहली पाली में प्रदर्शन करेंगे। कर्मचारियों ने कहा कि तीन महीने से अधिक समय से वेतन नहीं मिलने के कारण वे आर्थिक परेशानी झेल रहे हैं। बच्चों का स्कूल फीस, किताब कॉपी, बुजुर्गों की दवाई तक खरीद पाने में अब परेशानी हो रही है। रिम्स कर्मचारी संघ का कहना है कि अगर जल्द वेतन का भुगतान नहीं हुआ तो वे आने वाले दिनों में चरणबद्ध आंदोलन के बाद हड़ताल पर जा सकते हैं।

### एनएचएम कर्मियों ने की शीघ्र वेतन भुगतान की मांग

**रांची।** राज्य के एनएचएम कर्मियों को पिछले चार महीने से वेतन का भुगतान नहीं हो पा रहा है। वेतन समय पर नहीं मिलने से कर्मी काफी परेशान हैं और आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। कर्मचारियों ने जल्द से जल्द सभी चार महीने के बकाए वेतन के भुगतान करने की मांग की है। कर्मियों ने दस साल से अधिक वर्ष या उससे अधिक सेवा दे चुके कर्मियों को स्थायी करने की भी मांग की है। इसके अलावा कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि एनएचएम में कार्यरत डिस्ट्रिक्ट अकाउंट ऑफिसर मनमानी कर रहे हैं, उसपर मिशन निदेशक की ओर से जांच कराने की मांग की है।

# भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम के मन की बात

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** हरमू स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के 134वें संस्करण को पूरे उत्साह के साथ सुना। इस दौरान मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, बिहार-झारखंड के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेन्द्र नाथ त्रिपाठी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह मौजूद थे। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के द्वारा हर बार देशवासियों को कई प्रकार की प्रेरणादायी बातें बताई जाती हैं। कार्यक्रम में उन्होंने बढ़ती गर्मी एवं हीटवेव की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए देशवासियों से सतर्क एवं सजग रहने का आग्रह किया। उन्होंने पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, स्वयं को हाइड्रेट रखने, जरूरतमंद लोगों की सहायता करने तथा पशु-पक्षियों के लिए भी जल की व्यवस्था सुनिश्चित करने का संदेश दिया।

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' कार्यक्रम में रांची में आयोजित नेशनल फेडरेशन कप में भारतीय एथलीट गुरिंदरवीर सिंह के उत्कृष्ट प्रदर्शन का उल्लेख कर सामान्य एवं मध्यमवर्गीय परिवारों से आने वाले खेल प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन किया है।

इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्र निर्माण में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी के महत्व पर भी बल दिया। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, प्रदेश महामंत्री अमर कुमार बाऊरी एवं मनोज सिंह सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जनता अब पीएम के दावों व उपदेशों से ऊब चुकी है : कांग्रेस



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह मीडिया विभाग के संयोजक लाल किशोर नाथ शाहदेव ने भाजपा कार्यालय में आयोजित मन की बात कार्यक्रम पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि देश और राज्य की जनता अब प्रधानमंत्री के दावों और उपदेशों से ऊब चुकी है। जनता को अब मन की बात नहीं, बल्कि अपने हकों और काम की बात चाहिए। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने भाजपा नेताओं के बयानों पर पलटवार करते हुए कहा कि पीएम मोदी बढ़ती गर्मी और हीटवेव पर देशवासियों को पानी पीने और सजग रहने की सलाह दे रहे हैं, लेकिन उनकी सरकार ने इस भीषण गर्मी से निपटने के लिए धरातल पर क्या बुनियादी इंतजाम किए हैं? केवल रेडियो पर संदेश देने से जनता को लू और तपिश से राहत नहीं मिलने वाली। भाजपा नेताओं को नसीहत देने के बजाय जनता को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने पर ध्यान देना चाहिए। बाबूलाल मरांडी के बयान पर तंज कसते हुए लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि रांची में एथलीट गुरिंदरवीर सिंह के प्रदर्शन की तारीफ करना अच्छी बात है, लेकिन भाजपा यह क्यों भूल जाती है कि देश का नाम रोशन करने वाले हमारे पहलवानों और खिलाड़ियों को इसी भाजपा सरकार में अपनी मांगों के लिए सड़कों पर घिसटना पड़ा था? मध्यमवर्गीय परिवारों की खेल प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन सिर्फ बातों से नहीं, बल्कि उन्हें बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और स्कॉलरशिप देने से होगा, जिस पर केंद्र सरकार पूरी तरह विफल रही है।

## सरकार पर भाजपा के आरोप निराधार व राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित : झामुमो

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने भाजपा द्वारा राज्य सरकार पर लगाए जा रहे भ्रष्टाचार के आरोपों को निराधार, तथ्यहीन और राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित बताया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विकास और जनकल्याण की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू कर रही है, जिससे विपक्षी दलों में बेचैनी बढ़ी है और वे सरकार के खिलाफ लगातार बयानबाजी कर रहे हैं।

रविवार को जारी एक विज्ञप्ति में विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार विकास, सामाजिक सुरक्षा और कल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रही है। इसके बावजूद भाजपा जनता को गुमराह करने के उद्देश्य से सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठा रही है और भ्रामक माहौल बनाने का प्रयास कर रही है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पर आरोप लगाने से पहले भाजपा को केंद्र सरकार की नीतियों और उनके प्रभावों पर भी जवाब देना चाहिए। उनके अनुसार भाजपा के नेता और प्रवक्ता विभिन्न आंकड़ों और दावों के माध्यम से जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि वास्तविक जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करने से बच रहे हैं। झामुमो महासचिव ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव का हवाला देकर लंबे समय से आम लोगों पर आर्थिक बोझ डाला जाता रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब वैश्विक स्तर पर कीमतों में कमी आती है, तब उसका पूरा लाभ उपभोक्ताओं तक क्यों नहीं पहुंचाया जाता। उन्होंने कहा कि महंगाई और बढ़ती लागत का सीधा असर आम लोगों की जिंदगी पर पड़ रहा है। विनोद कुमार पांडेय ने दावा किया कि राज्य सरकार रोजगार, शिक्षा, ग्रामीण विकास, सामाजिक सुरक्षा और जनकल्याण से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के पास जनता के मुद्दों पर कोई ठोस और सकारात्मक एजेंडा नहीं बचा है, इसलिए वह आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति पर निर्भर है। साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि राज्य की जनता राजनीतिक बयानों और वास्तविक कार्यों के बीच अंतर को भली-भांति समझती है तथा विकास और जनहित के मुद्दों पर अपना निर्णय लेने में सक्षम है।

# पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए भाजपा खड़ी : अमर बाउरी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** बोकारो जिले के बेरमो स्थित फुसरो में चार माह की गर्भवती महिला अनीता देवी की हत्या के मामले को लेकर भाजपा ने राज्य सरकार और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। प्रदेश कार्यालय में रविवार को आयोजित प्रेसवार्ता में भाजपा के प्रदेश महामंत्री अमर कुमार बाउरी ने कहा कि इस मामले में अब तक हुई छह लोगों की गिरफ्तारी पर्याप्त नहीं है और घटना के मुख्य सरगना की अविलंब गिरफ्तारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए पूरी ताकत के साथ खड़ी है। पार्टी इस लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाने को प्रतिबद्ध है। भाजपा नेता ने पीड़ित परिवार को 25 लाख रुपए मुआवजा देने, घटना में शामिल दोषी पुलिस अधिकारी एवं निष्पक्ष पोस्टमार्टम प्रक्रिया को खराब करने, उसमें बाधक बनने वाले मेडिकल कर्मियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। वहीं, प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा है कि जरूरत पड़ी तो इस मामले को अनुसूचित जाति आयोग को भी लिखित रूप से सूचित किया जाएगा।

#### भाजपा ने स्थानीय प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए

अमर बाउरी ने आरोप लगाया है कि स्थानीय प्रशासन और सत्तारूढ़ दल के जनप्रतिनिधियों के संरक्षण में मामले को दबाने और मैनेज करने का प्रयास किया गया। फिर भाजपा द्वारा बोकारो चक्का जाम का अल्टीमेटम दिए जाने के बाद ही पुलिस ने जल्दबाजी में गिरफ्तारियां कीं।

#### पार्टी का प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार से मिलेगा

बाउरी ने कहा कि पार्टी का प्रतिनिधिमंडल एक जून को पुनः पीड़ित परिवार से मिलने जाएगा। उन्होंने बोकारो के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक और संबंधित थानों की भूमिका की भी निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। प्रेसवार्ता में भाजपा ने कांग्रेस विधायक पर भी मुख्य आरोपित को बचाने का प्रयास करने का आरोप लगाया। बाउरी ने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक है और प्रशासन राजनीतिक दबाव में कार्य कर रहा है। इस अवसर पर प्रदेश मीडिया सह प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह, प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज़ तथा एससी मोर्चा के प्रवक्ता राकेश भी उपस्थित थे।

### भाजपा अनता देवी हत्याकांड पर राजनीति बंद करे : राकेश सिन्हा



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि भाजपा की ओर से बेरमो की अनीता देवी के दुखद निधन को लेकर की जा रही बयानबाजी अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण, भ्रामक और राजनीतिक स्वार्थ से प्रेरित है। एक संवेदनशील घटना पर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के बजाए भाजपा इसे राजनीतिक हथियार बनाकर अपनी खोई हुई जमीन तलाशने का प्रयास कर रही है। अमर बाऊरी के आरोपों को कांग्रेस पूरी तरह निराधार, तथ्यहीन और दुर्भावनापूर्ण करार देती है। जिस भाजपा को आज कानून-व्यवस्था की चिंता सताने लगी है, वही भाजपा देशभर में दलितों, आदिवासियों और महिलाओं पर बढ़ते अत्याचारों पर चुप्पी साध लेती है। झारखंड की जनता भाजपा के इस दोहरे चरित्र को भली-भांति पहचानती है। जब भाजपा के शासन में एक पिता अपनी बेटी के लिए न्याय मांग रहा रहा था, तब उसे दुत्कार कर भगा दिया गया, तब अमर बाउरी कहां थे। कांग्रेस स्पष्ट करना चाहती है कि अनीता देवी प्रकरण में राज्य सरकार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की है। पुलिस द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है और जांच जारी है। यदि किसी अन्य व्यक्ति की संलिप्तता सामने आती है तो उसके विरुद्ध भी कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई होगी।

### विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर मारवाड़ी युवा मंच ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

**रांची।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा ने माहेश्वरी भवन अपर बाजार के समीप जागरुकता एवं हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ व नशामुक्त जीवन के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों ने हस्ताक्षर कर तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। समाज में जन-जागरुकता फैलाने का संदेश दिया। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष विकास अग्रवाल ने कहा कि तंबाकू केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। कार्यक्रम में शाखा सचिव मुकेश शर्मा, अमित शर्मा, निकुंज पोद्दार, कुशल टेकरीवाल समेत अन्य सदस्य शामिल थे।

# राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था वेंटिलेटर पर : डॉ प्रदीप वर्मा

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने झामुमो-कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी का विभाग अब अव्यवस्थाओं, लापरवाही और प्रशासनिक विफलताओं का पर्याय बन चुका है। उन्होंने कहा कि झारखंड के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स में डॉक्टरों और कर्मचारियों का तीन-तीन महीने से वेतन लंबित है, जो सरकार की संवेदनहीनता और बदहाल वित्तीय प्रबंधन का जीवंत उदाहरण है। वेतन नहीं मिलने से कर्मचारी और चिकित्सक आंदोलन के लिए मजबूर हो रहे हैं, जिसका सीधा असर मरीजों के इलाज पर पड़ना तय है।

डॉ वर्मा ने कहा कि जिस राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था खुद वेंटिलेटर पर हो, वहां के स्वास्थ्य मंत्री सिर्फ बयानबाजी और राजनीति में व्यस्त हैं। जनता जानना चाहती है कि आखिर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी अपनी जवाबदेही कब तय करेंगे?

उन्होंने कहा कि रिम्स जैसे संस्थान की यह स्थिति बेहद शर्मनाक है। गरीब और जरूरतमंद मरीज इलाज के लिए अस्पताल पहुंचते हैं, लेकिन सरकार की नाकामी के कारण अब वहां इलाज व्यवस्था भी चरमराने लगी है।

डॉ वर्मा ने आरोप लगाया कि झामुमो सरकार में प्रशासनिक अराजकता चरम पर है। राज्य में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल हैं, दवाओं की कमी है, डॉक्टरों और कर्मचारियों में आक्रोश है, लेकिन सरकार सिर्फ राजनीतिक संरक्षण और बयानवीरता में लगी हुई है।

# हनुमान मंदिर के गेट पर युवक का शव मिलने से सनसनी



- पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के डोरंडा थाना क्षेत्र स्थित हिनू में रविवार को एक सनसनीखेज घटना सामने आई। हिनू स्थित सब-रजिस्ट्री कार्यालय (निबंधन कार्यालय) के ठीक सामने बने हनुमान मंदिर के मुख्य गेट पर एक युवक का शव फंदे से लटका हुआ मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जुट गए। मृतक की पहचान सोनू कुमार (पिता रमेश लोहरा) के रूप में हुई है, जो लोअर हिनू का निवासी बताया गया है। जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर स्थानीय लोगों की नजर मंदिर के लोहे के मुख्य गेट पर पड़ी, जहां युवक का शव फंदे के सहारे लटका हुआ था। घटना की सूचना तत्काल डोरंडा थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही डोरंडा थाना की पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर अपने कब्जे में ले लिया।

पुलिस ने आसपास के लोगों और दुकानदारों से पूछताछ कर मृतक की पहचान की तथा मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि घटना के पीछे कोई अन्य कारण या परिस्थितियां तो नहीं हैं। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं जांच के बाद ही घटना के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

**बैठक** झारखंड फेंसिंग एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा संपन्न

# खेल विकास की नई योजनाओं पर बनी सहमति

**नवीन मेल संवाददाता**




बैठक में अध्यक्ष अर्चित आनंद, उपाध्यक्ष कुलवंत सिंह, महासचिव जय कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष करमबीर उरांव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे

**रांची।** झारखंड फेंसिंग एसोसिएशन (जेएफए) की वार्षिक आम सभा (एजीएम) रविवार को धुर्वा स्थित जेएससीए परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष अर्चित आनंद ने की। इस अवसर पर राज्य के विभिन्न जिला फेंसिंग संघों के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने भाग लेकर खेल के विकास और संगठन की आगामी योजनाओं पर विचार-विमर्श किया। बैठक में अध्यक्ष अर्चित आनंद, उपाध्यक्ष कुलवंत सिंह, महासचिव जय कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष करमबीर उरांव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभा के दौरान वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट एवं आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया, जिसे सदस्यों ने सर्वसम्मति से अनुमोदित किया। साथ ही वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित योजनाओं और कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की गई।

एजीएम में आगामी वर्ष के दौरान आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं एवं चैंपियनशिप की तिथियों और आयोजन स्थलों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावा राज्य के उभरते खिलाड़ियों के लिए ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने तथा झारखंड में फेंसिंग खेल के समग्र विकास हेतु दीर्घकालिक कार्ययोजना तैयार करने पर भी सहमति बनी।

बैठक में कार्यकारिणी के विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों की जिम्मेदारियों को लेकर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष संजय मोहन ठाकुर, उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता, आशुतोष, विजय मिरोदा, कुलवंत सिंह एवं दिनेश कुमार सिंह के साथ संयुक्त सचिव राकेश कुमार मिश्रा, अनिल बनस्टोरे, अनुप राजेश लकड़ा और रामाशीष सिंह उपस्थित रहे।

सभा में शामिल जिला प्रतिनिधियों में रामगढ़ जिला फेंसिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश कुमार, सचिव राकेश मिश्रा एवं उपाध्यक्ष विजय राय, हजारीबाग से अनुप राजेश लकड़ा तथा धनबाद से अनिल बाँसफोरे एवं विजय शंकर विश्वकर्मा सहित अन्य प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर अध्यक्ष अर्चित आनंद ने बताया कि झारखंड के खिलाड़ियों ने वर्ष 2025-26 के खेल कैलेंडर में राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में कुल आठ पदक जीतकर राज्य का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों की मेहनत ने यह उपलब्धि संभव बनाई है, जो पूरे राज्य के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए जानकारी दी कि रांची जिले से प्रिंस को संघ का वरीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

महासचिव जय कुमार सिन्हा ने सभी सदस्यों और जिला संघों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि झारखंड में फेंसिंग खेल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाएगा तथा सभी जिला इकाइयों के सहयोग से खिलाड़ियों को बेहतर अवसर और सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

### काव्य संध्या में गूंजे विविध भाव

# एक बार फिर आओ कृष्ण, रण सजकर तैयार है : डॉ प्रशांत करण

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** शहर में आयोजित एक काव्य संध्या में कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से भक्ति, राष्ट्रभाव, सामाजिक चेतना और मानवीय संवेदनाओं का प्रभावशाली चित्र प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विभिन्न कवियों ने अलग-अलग छंदों और शैलियों में काव्य पाठ कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत भक्ति और आध्यात्मिक भावों से हुई, जिसमें डॉ प्रशांत करण ने "एक बार फिर आओ कृष्ण, रण सजकर तैयार है" की ओजपूर्ण प्रस्तुति दी। वहीं डॉ वैद्यनाथ मिश्र ने संस्कृतनिष्ठ पंक्तियों "वादय वाणी! वीणां वसन्ते" से वातावरण को आध्यात्मिक रंग दिया। कविराज तरुण सक्षम ने राष्ट्रभाव से ओतप्रोत पंक्तियां "हे पार्थ बोलो किस तरफ हो" प्रस्तुत कर श्रोताओं को विचारमग्न कर दिया। पूनम वर्मा ने "राममय हुआ संसार" के माध्यम से भक्ति और समरसता का संदेश दिया।

करुणा सिंह ने प्रकृति और मानवीय भावनाओं को जोड़ते हुए लिखा -"बेहिसाब रंगी है फ़ज़ा तुम मुस्कुराया करो, हंसी हो मौसम को पायल यूं ही पहनाया करो। अपर्णा सिंह ने नारी चेतना पर आधारित अपनी प्रस्तुति "सोए हुए को जगाने चली हूं, सच्चाई मैं सबको बताने चली हूं" के माध्यम से सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। रेणुबाला धार ने "हर युग में नारी ठगी गयी" के जरिए नारी जीवन की चुनौतियों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। वहीं डॉ. निवेदिता श्रीवास्तव (जमशेदपुर) ने विभिन्न छंदों में काव्य पाठ कर साहित्यिक विविधता का परिचय दिया। सुनील बादल ने व्यंग्यात्मक शैली में समाज पर कटाक्ष करते हुए कहा"आंखों पर चश्मा लगा रहे, जुबान पर ताला लगा रहे।" डॉ अंजेश कुमार ने सामाजिक-आर्थिक मुद्दों को उठाते हुए कहा"अवाम में बहुत गरीबी इसमें कोई शुबहा नहीं है, लेकिन मुफ्त में राशन देना ये भी कोई दवा नहीं है। कार्यक्रम में कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज, संस्कृति, राजनीति और मानवीय संवेदनाओं पर सार्थक संदेश दिया। श्रोताओं ने कविताओं का भरपूर आनंद लिया और कवियों की प्रस्तुति की सराहना की।

कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षणों में कवि सम्मेलन, पुस्तक लोकार्पण और सम्मान समारोह शामिल रहे। इस अवसर पर रूपमाला की पुस्तक "बस दो कदम" तथा स्वाति मानधना की पुस्तक "स्वाति के मंथन मोती" का विधिवत लोकार्पण किया गया। साहित्यप्रेमियों ने दोनों पुस्तकों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। समारोह में साहित्य एवं संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए कई साहित्यकारों को प्रतिष्ठित "विद्वावाचस्पति" मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में रामावतार बिंजराजका 'निश्चल', रितेश कुमार शर्मा 'पथिक', स्वाति मानधना, स्वाति 'सरु' जैसलमेरिया, गणेश चंद्र केष्टवाल 'प्रखर' तथा नवीन कुमार भट्ट 'नीर' प्रमुख रहे।

कार्यक्रम में संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजवीर सिंह मंत्र, महासचिव तरुण सिंह सक्षम, संयुक्त सचिव प्रशांत करण तथा सलाहकार मंडल के सदस्य रामावतार बिंजराजका, भावना दीक्षित 'ज्ञानश्री', पूनम वर्मा और सुजाता समृद्धि सहित बड़ी संख्या में देश भर के साहित्यकार एवं बुद्धिजीवी उपस्थित रहे।

### एक्वा वर्ल्ड में 'हम आपके हैं कौन' की धूम

# समर हॉलिडे स्पेशल कार्यक्रम में बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** एक्वा वर्ल्ड मछली घर की ओर से गर्मी की छुट्टियों में बच्चों एवं परिवारों के मनोरंजन के लिए समर हॉलिडे स्पेशल कार्यक्रम 'शृंखला की शुरुआत की गई है। इस क्रम में रविवार को "द ग्रेट इंडियन मूवी सीरीज" के तहत सुपरहिट फिल्म "हम आपके हैं कौन" को थीम के रूप में समर्पित विशेष आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का निर्देशन विपुल नायक द्वारा किया गया तथा संयोजन देव ज्योति नाहा (डीजे सर) के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में दीपांजलि के बच्चों ने फिल्म के लोकप्रिय गीतों पर शानदार नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। इनमें "दीदी तेरा देवर दीवाना", "लो चली मैं अपने देवर की बारात लेकर", "माय रे माय", "चॉकलेट लाइम जूस" जैसे गीत शामिल रहे।



**कई मॉडल्स ने रैंप पर प्रस्तुति दी**

फैशन शो में अंजू सिंह, सोनल नाग, अंकिता मिंज, अनुष्का झा, रानी गोसाई, शिवानी कुमारी, रोजलिन खलखो, टन्नू सोनी, अदिति प्रिया, काजल कुमारी, अयुंश सिंह, अंकित पांडेय, अर्शी अली और अनस रहमान सहित कई मॉडल्स ने रैंप पर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान दर्शकों ने सलमान खान और माधुरी दीक्षित के कटआउट के साथ सेल्फी लेकर उत्साह व्यक्त किया। साथ ही मूवी आधारित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें फिल्म के गानों और डायलॉग से जुड़े प्रश्न पूछे गए। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

नृत्य प्रस्तुति में नीवा, सान्विका, अनिका आनंद, स्वास्ति चटर्जी, राका अधिकारी, नव्यता, अक्षैनी, पियुषा, राजवी राज, प्रिशाश्री, स्वास्ति स्वराज और आश्वी सहित कई बच्चों ने भाग लिया।

इसके बाद वाम्स मॉडलिंग इंस्टीट्यूट द्वारा "हम आपके हैं कौन" थीम पर फैशन शो प्रस्तुत किया गया, जिसने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण जोड़ा। शो का निर्देशन वसीम आलम ने किया, कोरियोग्राफी श्वेता शर्मा द्वारा की गई तथा डिज़ाइनिंग नीलिमा हासा पुर्ती ने की।

### हरमू स्थित सरदार पटेल पार्क बदहाली की ओर

# करोड़ों की लागत से बना पार्क रखरखाव के अभाव में हो रहा है जर्जर, लोगों में चिंता

- करोड़ों रुपए की लागत से विकसित किए गए इस पार्क की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है

**नवीन मेल संवाददाता**



**पार्क की वर्तमान स्थिति का तत्काल निरीक्षण कराने की मांग**

स्थानीय लोगों ने रांची नगर निगम, नगर आयुक्त, जनप्रतिनिधियों तथा संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि पार्क की वर्तमान स्थिति का तत्काल निरीक्षण कराया जाए और किसी सक्षम एजेंसी को पुनः रखरखाव की जिम्मेदारी सौंपी जाए। उनका कहना है कि शहर के बीचों-बीच स्थित यह पार्क न केवल बच्चों और परिवारों के मनोरंजन का केंद्र है, बल्कि लोगों को व्यस्त जीवनशैली के बीच कुछ समय प्रकृति के करीब बिताने का अवसर भी प्रदान करता है। क्षेत्रवासियों का मानना है कि यदि समय रहते आवश्यक कदम नहीं उठाए गए तो करोड़ों रुपये की लागत से विकसित यह सार्वजनिक संपत्ति धीरे-धीरे अपनी उपयोगिता और सुंदरता खो देगी। इसलिए जनहित को ध्यान में रखते हुए पार्क की व्यवस्था को शीघ्र दुरुस्त करना आवश्यक है, ताकि यहां घूमने आने वाले लोगों को सुरक्षित, स्वच्छ और सुविधायुक्त वातावरण उपलब्ध हो सके।

**रांची।** राजधानी रांची के मध्य स्थित हरमू हाउसिंग कॉलोनी का सरदार पटेल पार्क इन दिनों उपेक्षा का शिकार हो रहा है। कभी शहरवासियों और आसपास के लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा यह पार्क आज रखरखाव के अभाव में अपनी पहचान खोता जा रहा है। करोड़ों रुपए की लागत से विकसित किए गए इस पार्क की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है, जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। हरमू हाउसिंग कॉलोनी को राजधानी के प्रतिष्ठित इलाकों में गिना जाता है। यह क्षेत्र हटिया विधानसभा के अंतर्गत आता है और यहां कई वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद्, अधिवक्ता एवं समाज के प्रतिष्ठित लोग निवास करते हैं। इसके बावजूद पार्क की दुर्दशा पर किसी का ध्यान नहीं जाना स्थानीय नागरिकों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार पार्क के रखरखाव की जिम्मेदारी संभाल रही एजेंसी का कार्यकाल लगभग आठ से दस महीने पूर्व समाप्त हो चुका है। इसके बाद से पार्क की नियमित देखरेख लगभग बंद हो गई है। वर्तमान में रांची नगर निगम द्वारा केवल टिकट व्यवस्था और रात्रि सुरक्षा के लिए कुछ होमगार्ड तैनात किए गए हैं, लेकिन पार्क की साफ-सफाई, हरियाली, मरम्मत और अन्य सुविधाओं पर कोई विशेष ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पार्क में लगे बच्चों के झूले टूट-फूट गए हैं। कई स्थानों पर पेड़-पौधे सूख रहे हैं। शौचालयों की स्थिति दयनीय बनी हुई है, जहां पानी की समुचित व्यवस्था नहीं है। नलों की टोटियां क्षतिग्रस्त हैं और कई अन्य बुनियादी सुविधाएं भी खराब हो चुकी हैं।

## भाभानगर तालाब के चारों ओर सोलर लाइटें लगी

**रांची।** कोकर वार्ड 10 स्थित भाभा नगर तालाब के पास रविवार को सोलर लाइट लगाई गई। भाभा नगर सूर्य उदय छठ पूजा तालाब समिति के अध्यक्ष कृष्णा कुमार सोनी ने नगर निगम में तालाब के चारों ओर अंधेरा रहने की लिखित शिकायत की थी। उन्होंने बताया था कि अंधेरा होने की वजह से अब तक कई दुर्घटनाएं घट चूकीं है। इसके बाद डिप्टी मेयर निरज कुमार ने इस समस्या पर संज्ञान लेते हुए तालब के चारों ओर सोलर लाइट की व्यवस्था करवाई।

### श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर के वार्षिकोत्सव को लेकर हुई बैठक

# मंदिर का 19वां वार्षिकोत्सव 26 से 28 जून तक धूमधाम से मनाया जाएगा

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** रांची नगर स्थित एकमात्र दिव्यदेशम् श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर के नवदशम् (19वां) वार्षिकोत्सव सह कल्याणोत्सव की तैयारी को लेकर मंदिर संचालक समिति की बैठक रविवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष राम अवतार नारसरिया ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी त्रिदिवसीय वार्षिकोत्सव 26 जून से 28 जून 2026 तक पूरे श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। कार्यकारी अध्यक्ष राम अवतार नारसरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी भव्य धार्मिक अनुष्ठानों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम के पहले दिन शुक्रवार को कलश स्थापन एवं यजमान संकल्प का आयोजन होगा। दूसरे दिन शनिवार को महासुदर्शन होम, गोष्ठी एवं भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें भगवान श्री वेंकटेश, श्री देवी और श्री भूमि देवी पालकी में नगर भ्रमण करेंगे। तीसरे एवं अंतिम दिन भगवान श्रीनिवास और राजकुमारी पद्मावती के दिव्य कल्याणोत्सव (विवाह महोत्सव) का आयोजन होगा।

## दो नाबालिग किशोरियां लापता, दो युवकों पर संदेह

**रांची।** रातू थाना क्षेत्र के सुंडील गांव की दो नाबालिग किशोरियां रविवार दोपहर करीब एक बजे से लापता हैं। परिजनों ने इस संबंध में रातू थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए दो युवकों पर संदेह जताया है। परिजनों के अनुसार दोनों किशोरियों की पिछले कुछ दिनों से नितीश कुमार दास और कमल कुमार नामक युवकों से मोबाइल पर बातचीत हो रही थी। इसी आधार पर उन्होंने आशंका जताई है कि दोनों किशोरियां उनके संपर्क में हो सकती हैं। परिजनों ने संबंधित युवकों के मोबाइल और अन्य आवश्यक जानकारी पुलिस को उपलब्ध करा दी है। उन्होंने पुलिस से दोनों नाबालिगों की शीघ्र बरामदगी की मांग की है।

# श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़, श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** पुंदाग स्थित श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में पुरुषोत्तम मास पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा तथा हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान श्री राधा-कृष्ण के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

कार्यक्रम के दौरान मंदिर में ट्रस्ट की ओर से 268 वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का भव्य आयोजन किया गया। पुरुषोत्तम मास पूर्णिमा पर श्री राधा रानी का विशेष एवं अलौकिक श्रृंगार किया गया। उन्हें दिव्य एवं आकर्षक आभूषणों से अलंकृत कर मनोहारी स्वरूप प्रदान किया गया, जिसके दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। सुसज्जित विग्रहों की छटा ने उपस्थित भक्तों को भाव-विभोर कर दिया।

दोपहर 12 बजे मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडेय द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना एवं मंत्रोच्चार के साथ महाप्रसाद का भोग अर्पित किया गया। इसके पश्चात श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण प्रारंभ हुआ। महाप्रसाद में मसालेदार वेजिटेबल खिचड़ी,बोतल बंद आम रस, शीतल जल,तथा आलू चिप्स का वितरण किया गया। मंदिर परिसर में उपस्थित लगभग दो हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में ट्रस्ट के भजन गायकों ने भगवान श्री श्याम एवं श्री राधा-कृष्ण की महिमा पर आधारित सुमधुर एवं मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी।

**आज / कल**




### अग्रवाल सभा द्वारा आयोजित तीन दिवसीय समर कैंप का हुआ समापन

# प्रशिक्षण व रचनात्मक गतिविधियों में बच्चों ने दिखाया उत्साह

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** अग्रवाल सभा द्वारा आयोजित तीन दिवसीय समर कैंप का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। इस अवसर पर लंबे समय से प्रशिक्षण दे रहे विशेषज्ञों को उनके योगदान के लिए उचित मानदेय देकर सम्मानित किया गया। इनमें साबिर हुसैन, सुबोध कुमार, दीपक सिन्हा, योगश्री नंदलाल दत्ता तथा सुनील किस्पोट्टा शामिल रहे।

कैंप के दौरान साबिर हुसैन ने बच्चों को अंब्रेला पेंटिंग एवं बंदिनी आर्ट की बेसिक जानकारी दी, जबकि सुबोध कुमार ने एआई, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट एवं टाइम मैनेजमेंट पर बच्चों को मार्गदर्शन दिया। दीपक सिन्हा ने फिल्मी संगीत पर आधारित सहज नृत्य का प्रशिक्षण दिया, जिससे बच्चे काफी उत्साहित नजर आए। योगश्री नंदलाल दत्ता ने बच्चों को सूर्य नमस्कार एवं जुम्बा का अभ्यास कराया, वहीं सुनील किस्पोट्टा ने सेल्फ डिफेंस की प्रारंभिक तकनीकों की जानकारी दी। छोटे बच्चों को मनीष कमल ने चित्रकला के लिए प्रेरित किया, जबकि मीतू विजयवर्गीय के निर्देशन में बच्चों ने नृत्य प्रस्तुतियों पर जमकर थिरक कर आनंद लिया। उषा विजयवर्गीय ने क्राफ्ट गतिविधियों के माध्यम से बच्चों की रचनात्मक क्षमता को बढ़ावा दिया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रतिभागी बच्चों को उनके अच्छे आचरण एवं प्रशिक्षण प्रदर्शन के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

### "रेट्रो से मेट्रो, तब से अब तक-म्यूजिक की जर्नी"

# रांची में सुरों से सजी यादगार संगीत संध्या



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची में आयोजित भव्य संगीत कार्यक्रम "रेट्रो से मेट्रो, तब से अब तक - म्यूजिक की जर्नी" ने बॉलीवुड संगीत प्रेमियों को एक अविस्मरणीय और सुरमयी शाम का अनुभव कराया। कार्यक्रम का आयोजन राजकुमार पाठक द्वारा किया गया। "एक शाम यादें पुरानी, एहसास नए" थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में पुराने और नए दौर के बॉलीवुड गीतों का खूबसूरत संगम देखने को मिला। पूरे कार्यक्रम के दौरान बॉलीवुड गायक रोहन देव पाठक ने k ने अपनी मधुर और दमदार आवाज़ से ऐसा समां बांधा कि दर्शक देर रात तक संगीत की दुनिया में खोए रहे।

उनके हर गीत पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं और कलाकार का उत्साहवर्धन किया। वहीं गायिका सेजल जैन ने भी अपनी सुरीली आवाज़ और प्रभावशाली मंच प्रस्तुति से दर्शकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में न्यायमूर्ति डॉ एसएन पाठक उपस्थित रहे। इसके अलावा अनेक विशिष्ट अतिथियों एवं शहर के गणमान्य लोगों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें डॉ किरण सिंह, डॉ बिमलेश सिंह, दीपक ओझा, शोभा यादव, शशि प्रकाश झा, राजीव कुमार, राजेश बालपन, सुहास तेतरवे, ललित ओझा, इंतखाब अंसारी, संजय मिश्रा, संजय रंजन, प्रवीण टोप्पो, मनोज तिवारी, सुमन पाठक, प्रतीक भारद्वाज, डॉ तुषार आर्य, संतोष जैन, संजीव बजाज, गोविंद मोदी, टीपी श्रीवास्तव, सुनील गुप्ता, मनीषा बुधिया, अनिकेत सहाय, अनुपम शशांक, डॉ आनंद आदिसहित शहर के कई गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

### श्री दुर्गा पूजा | श्री राम लला पूजा समिति बनाएगा स्वरवेद महामंदिर धाम का प्रारूप

# पंडाल की तैयारी के लिए अगस्त में होगा भूमि पूजन

- दुर्गा पूजा का आयोजन बड़े ही धूम धाम से किया जायेगा

**नवीन मेल संवाददाता**



**इस अवसर पर कई मुख्य सदस्यों ने अपने सुझाव रखे।**

बैठक में मुख्य रूप से समिति की ओर से अध्यक्ष अशोक चौधरी,महासचिव कुणाल आजवानी, कोषाध्यक्ष प्रकाश धेलिया, उपाध्यक्ष प्रेमचंद श्रीवास्तव ,धीरज तनेजा, रोहित अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, सह सचिव राजू पोद्दार, मनीष सराफ, प्रवीण सिंह, सह कोषाध्यक्ष दीपक चौधरी, प्रवक्ता प्रमोद सारस्वत , सह बादल सिंह ,डॉ दिलीप सोनी, रवि प्रकाश टूंना, विकास सिंह, रोहित पांडेय,मनीष लोधा, शंभु प्रसाद, गोपाल सोनी,सोनू भारद्वाज, सहित काफी संख्या में सदस्य मौजूद थे।

**रांची।** श्री दुर्गा पूजा की तैयारी को लेकर श्री राम लला पूजा समिति की एक बैठक समिति के अध्यक्ष अशोक चौधरी के अध्यक्षता में हुई। इस अवसर पर महासचिव कुणाल अजमानी ने बताया की गत दो वर्षों से श्री राम लला पूजा समिति श्री दुर्गा पूजा का आयोजन बड़े ही धूमधाम से मनाता आ रहा है। इस बार भी हम सभी तन मन और धन के साथ श्री दुर्गा पूजा का आयोजन बड़े ही धूम धाम से मनाएंगे।

उन्होंने बताया गत दिनों समिति के अध्यक्ष अशोक चौधरी के सानिध्य में अन्य पदाधिकारी के संग वाराणसी के स्वरवेद महामंदिर धाम का भ्रमण भ्रमण किया गया। सर्व सम्मति से यह तय किया गया की इस बार श्री रामलला पूजा समिति के तृतीय वर्ष पर रांची जिला स्कूल के प्रांगण में स्वरवेद महामंदिर धाम (वाराणसी)का प्रारूप हम दशहरे पर लेकर आ रहे है। ध्यक्ष अशोक चौधरी ने बताया कि स्वरवेद महामन्दिर के प्रारूप को बनाने में 60 दिन लगेंगे इस लिए आगामी अगस्त को समिति भूमि पूजन कर इस कार्य को प्रारंभ करेगी। कुणाल आजमानी ने कहा कि लगभग 3 लाख वर्ग फुट के कुल क्षेत्रफल में फैला यह सात मंजिला विशाल संरचना महामंदिर दुनिया का सबसे बड़ा ध्यान केंद्र है। इसकी दीवारों पर मकराना संगमरमर और गुलाबी बलुआ पत्थर का इस्तेमाल कर किया गया है। जिन पर स्वरवेद के हजारों श्लोक दीवारों पर उत्कीर्ण है। मंदिर के गर्भगृह में स्वामी जी की मूर्ति है। सूर्य प्रकाश में देख हम अभिभूत होंगे। वहीं रात्रि में रोशनी के कई कलर में मंदिरों का स्वरूप ओर भी सुंदर दिखायी देगा। रामलाल पूजा समिति के मुख्य संरक्षक संजय सेठ ,राजेश कश्यप, संजय यादव, सी पी सिंह और नवीन जायसवाल है ।



# रांची जिला नेटबॉल संघ का ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला नेटबॉल संघ के तत्वावधान में आयोजित ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का समापन रविवार को मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में रांची जिला के मीडिया प्रभारी सह अभिभावक चंचल भट्टाचार्य उपस्थित रहे। वहीं रांची जिला नेटबॉल संघ के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, सचिव तारा तिर्की और कोषाध्यक्ष आकाश राय सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। इस अवसर पर चंचल भट्टाचार्य ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो व्यक्तित्व विकास के साथ बेहतर भविष्य निर्माण में भी सहायक होता है। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल के प्रति समर्पित रहने और नियमित अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। संघ के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि खेल शारीरिक और मानसिक विकास का सशक्त माध्यम है। उन्होंने अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासित जीवनशैली आवश्यक है। इसके साथ ही उन्होंने ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर के समापन की औपचारिक घोषणा की। समारोह में संघ के उपाध्यक्ष पंकज टोप्पो, उपसचिव सचिन लोहार तथा राष्ट्रीय खिलाड़ी रानी कच्छप, मेघा टोपनो, श्रद्धा तिर्की, अरुण कुमार और लालू कच्छप भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया तथा खेलों में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया गया।

## मारवाड़ी युवा मंच के रक्तदान शिविर में 42 यूनिट रक्त संग्रहित

**खूंटी।** मारवाड़ी युवा मंच, खूंटी नगर शाखा की ओर से रविवार को राजस्थान भवन में रक्तदान एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। समाज सेवा और जनकल्याण के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर रक्तदान किया तथा स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंच के पदाधिकारियों, सदस्यों, पूर्व अध्यक्षों, रांची ऑर्किड हॉस्पिटल और सदर अस्पताल खूंटी की टीम द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने रक्तदान के महत्व और नियमित स्वास्थ्य जांच की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं के उत्साहपूर्ण सहयोग से कुल 42 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। कई युवाओं ने पहली बार रक्तदान कर मानव सेवा के इस पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता दर्ज कराई।
आयोजन से जुड़े पदाधिकारियों ने कहा कि एक यूनिट रक्त कई जरूरतमंद मरीजों के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है, इसलिए स्वैच्छिक रक्तदान समाज के प्रति एक महत्वपूर्ण योगदान है। इसके साथ आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 45 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर के दौरान रक्त शर्करा (शुगर), रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) और वजन की निःशुल्क जांच की गई। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने के लिए जागरूक किया। मारवाड़ी युवा मंच ने शिविर की सफलता में सहयोग देने के लिए ऑर्किड हॉस्पिटल की डॉ. भास्वती मुखर्जी एवं उनकी टीम, सदर अस्पताल खूंटी की टीम, सभी रक्तदाताओं तथा स्वास्थ्य जांच शिविर में भाग लेने वाले नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# ज्वेलर्स दुकान का ताला काटकर गहने उड़ाने वाले 4 चोर गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सिकिदिरी थाना क्षेत्र के हुंडरू फॉल मुख्य मार्ग पर स्थित सोनी ज्वेलर्स में हुई चोरी की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। गैस कटर से दुकान का ताला काटकर चोरी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक आरोपी अभी फरार है। गिरफ्तार आरोपियों में चंदवे पिठोरिया निवासी 22 वर्षीय अरमान अंसारी, ईरबा निवासी 19 वर्षीय फरहान अंसारी, 22 वर्षीय एजाज शाह और 20 वर्षीय हसनैन अंसारी शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी गए चांदी के आभूषण, घटना में इस्तेमाल कार, बाइक, गैस कटर मशीन,



सिलेंडर और मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस की जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने वारदात को अंजाम देने से पहले इलाके की रेकी की थी और पूरी योजना बनाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। चोरी के बाद कुछ सामान बेचकर मिले पैसों को उन्होंने बकरीद की तैयारियों और अन्य खर्चों में उड़ा दिया।

**27 मई को दर्ज हुआ था मामला**

ढेलवाखुटा निवासी शशिकांत प्रसाद ने 27 मई को सिकिदिरी थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि सिकिदिरी बस स्टैंड के समीप हुंडरू फॉल मुख्य सड़क पर स्थित उनकी दुकान सोनी ज्वेलर्स का ताला काटकर चांदी के आभूषण चोरी कर लिए गए हैं। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। घटना की गंभीरता को देखते हुए रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष जांच टीम का गठन किया गया। टीम का नेतृत्व सिल्ली के डीएसपी मनीष चंद्र लाल कर रहे थे।

**पहले रेकी, फिर रात में पहुंचा गिरोह**

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि घटना से कुछ दिन पहले उन्होंने दुकान और आसपास के इलाके की निगरानी की थी। यह देखने की कोशिश की गई थी कि रात में पुलिस की गतिविधियां कैसी रहती हैं और दुकान तक पहुंचने का सबसे सुरक्षित रास्ता कौन सा होगा। 26 मई की रात पांचों आरोपी एक कार और एक मोटरसाइकिल से सिकिदिरी पहुंचे।

## सोंचिपी में 2 जून को मुआशरा कार्यक्रम, तैयारी तेज



**चान्हो।** प्रखंड के सोंचिपी गांव में आगामी 2 जून को "तामीर-ए-मस्जिद ओ इस्लाहे मुआशरा" (जलसा) कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस ऐतिहासिक एवं धार्मिक आयोजन को लेकर ग्रामीणों और आयोजन समिति द्वारा तैयारियां युद्धस्तर पर शुरू कर दी गई हैं। पूरे गांव में इस कार्यक्रम को लेकर उत्साह और रौनक का माहौल देखा जा रहा है। आयोजन समिति के सक्रिय सदस्य सज्जाद अंसारी ने कार्यक्रम की रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि इस बार जलसे में देश के कई नामचीन उलेमा-ए-किराम और शायर शामिल होंगे। कार्यक्रम में ओडिशा से विशेष रूप से आने वाले प्रसिद्ध आलिम-ए-दीन मौलाना नकीबुल अमीन मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत करेंगे। वे समाज सुधार और धार्मिक शिक्षा पर विस्तृत प्रकाश डालेंगे। इसके अलावा मशहूर शायर शाबान दिल खैराबादी अपनी नात-ओ-मनकबत से कार्यक्रम में समां बांधेंगे। झारखंड सहित अन्य राज्यों से भी कई प्रतिष्ठित उलेमा इस मंच की शोभा बढ़ाएंगे। समिति के अनुसार इस जलसे का मुख्य उद्देश्य समाज में फैली कुरीतियों को दूर करना, युवाओं को सही दिशा प्रदान करना तथा मस्जिद निर्माण (तामीर-ए-मस्जिद) के कार्यों को गति देना है। कार्यक्रम के माध्यम से "इस्लाहे मुआशरा" यानी सामाजिक सुधार पर विशेष जोर दिया जाएगा।

## सविमं के पूर्व छात्रों ने लिया विद्यालय के विकास में सहयोग का संकल्प

**खलारी।** सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा, खलारी के पूर्व छात्रों का मिलन समारोह रविवार को रांची के कचहरी चौक स्थित कोरिन्थिया होटल में आयोजित किया गया। समारोह में विद्यालय के प्रथम बैच वर्ष 1994 से लेकर वर्ष 2026 तक के दशम एवं द्वादश कक्षा के लगभग 200 पूर्व छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य शालिग्राम सिंह, आचार्य संजीवकुमार सिंह, चंद्रभूषण सिंह, उमेश कुमार, पूर्व आचार्य डा रजनीकांत पाठक तथा भैयाजी योगेंद्र सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके बाद आयोजित परिचय सत्र में पूर्व छात्रों ने विद्यालय में बिताए गए अपने दिनों की स्मृतियां साझा की। पुराने साथियों और शिक्षकों से मिलकर सभी भावुक नजर आए। आयोजन समिति की ओर से आगंतुकों को अंगवस्त्र एवं कलम भेंट कर सम्मानित किया गया।

# मतदाता सूची से जुड़ी समस्याओं के समाधान में सहयोग करेगा झामुमो

**नवीन मेल संवाददाता**

**खलारी।** खलारी केडी स्थित नेहरू क्लब में रविवार को झामुमो खलारी प्रखंड कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड उपाध्यक्ष कलीम रिजवी ने की। बैठक में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा की गई तथा कार्यकर्ताओं को इसकी प्रक्रिया की जानकारी दी गई। बैठक में बीएलए-1, बीएलए-2, मतदाता द्वारा भरे जाने वाले प्रपत्र-1 (सत्यापन प्रपत्र) एवं प्रपत्र-2 (सत्यापन हेतु चिन्हित मतदाताओं की सूची) के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि क्षेत्र के सभी पात्र भारतीय नागरिकों का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना चाहिए और किसी भी योग्य व्यक्ति का नाम



छूटने नहीं दिया जाएगा। झामुमो कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे प्रखंड की सभी पंचायतों तक पहुंचकर लोगों को एसआईआर से संबंधित आवश्यक जानकारी देंगे तथा मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने या सुधार कराने में आने वाली समस्याओं के समाधान में सहयोग करेंगे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जिन ग्रामीणों को मतदाता सूची से संबंधित किसी प्रकार की कठिनाई हो रही है, वे झामुमो खलारी प्रखंड समिति के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं। बैठक का संचालन कुंदनकुमार चौहान ने किया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष श्यामजी महतो, जैनुल खान, मुबारक अंसारी, सुभाष प्रजापति, मोहम्मद नसीम अंसारी, अमर भोगता, सरफराज खान, राजेश प्रसाद, छोटू राम,

## संत मिखाएल महागिरजाघर में 154 दीक्षार्थियों ने ग्रहण किया दृढ़ीकरण संस्कार

**खूंटी।** संत मिखाएल महागिरजाघर में रविवार को पवित्र तृत्व पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अनुष्ठाता बिशप विनय कंडुलना ने मिस्सा बलिदान संपन्न कराया और 154 प्रशिक्षित दीक्षार्थियों को पवित्र दृढ़ीकरण संस्कार प्रदान करते हुए पवित्र आत्मा की मुहर से अभिषेक किया। मौके पर अपने संदेश में बिशप विनय कंडुलना ने कहा कि पवित्र तृत्व का पर्व कोई मात्र घटना नहीं, बल्कि ईसाई विश्वास का केंद्र है। उन्होंने कहा कि एक ही ईश्वर में पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा तीनों विद्यमान हैं। क्रूस का चिन्ह बनाकर करते हैं और इसी पहचान में जीवन जीने के लिए बुलाए गए हैं। जब हम इस पहचान से दूर हो जाते हैं, तब हम आध्यात्मिक अंधकार की ओर बढ़ने लगते हैं।

# सीआईएसएफ टीम ने एम्बुश लगाकर चोरी का डीजल बरामद किया

**नवीन मेल संवाददा**

**खलारी।** सीसीएल एनके एरिया क्षेत्र में सुरक्षा तथा कोयला, डीजल एवं अन्य संसाधनों की चोरी पर अंकुश लगाने के लिए सीआईएसएफ द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में रविवार देर शाम सीआईएसएफ के क्राइम एंड इंटेलिजेंस विंग ने केडीएच चेक पोस्ट के पीछे एक सुनियोजित एम्बुश अभियान चलाकर चोरी कर ले जाए जा रहे डीजल को बरामद किया। इस संबंध में सीआईएसएफ द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार एम्बुश के दौरान सीआईडब्ल्यू टीम ने केडीएच माइंस क्षेत्र की ओर से आ रही एक संदिग्ध मोटरसाइकिल पर नजर रखी। बाइक पर सवार व्यक्ति के पास एक जेरिकेन था, जिसमें किसी ज्वलनशील पदार्थ के होने की आशंका थी। संदेह के आधार पर सीआईएसएफ कर्मियों ने उसे रुकने का संकेत दिया। बाइक सवार घबरा गया और पकड़े जाने के डर से भागने का प्रयास करने लगा। जेरिकेन की जांच करने पर उसमें डीजल भरा पाया गया। यूनिट कमांडर अमित कुमार ने निर्देश पर टीम ने बरामद डीजल को जब्त कर सीसीएल प्रबंधन को सौंप दिया।

## रेंडो गांव में सीसीएल सीएमडी ने पॉलीहाउस का किया उद्घाटन



**पिठोरिया।** कांके प्रखंड क्षेत्र के रेंडो गांव में रविवार को सीसीएल सीएमडी नीलेंदु कुमार सिंह के द्वारा उन्नत कृषि परियोजना के अंतर्गत निर्मित हाईटेक टेक्नोलॉजी पॉलीहाउस का उद्घाटन किया गया। साथ ही उन्होंने इस अवसर पर उन्नत कृषि परियोजना संबंधी एक बुकलेट का विमोचन भी किया। इसके बाद सीएमडी ने अधिकारियों एवं किसानों के साथ परियोजना क्षेत्र का भ्रमण कर किसानों द्वारा अपनाई जा रही आधुनिक कृषि तकनीकों एवं नवाचारों को देखा। इस दौरान उन्होंने गांव में स्थापित ऑटोमेटेड वेदर स्टेशन, सॉइल मॉइस्चर सेंसर तथा ऑटोमेटेड इरिगेशन सिस्टम की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी ली। उन्होंने इन तकनीकों के माध्यम से किसानों को मिल रहे लाभों की सराहना करते हुए इसे कृषि क्षेत्र में एक अनुकरणीय पहल बताया। उन्नत कृषि परियोजना झारखंड की पहली इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी आधारित स्मार्ट फार्मिंग परियोजना है, जो लगभग 350 एकड़ क्षेत्र में विकसित की गई है। इस परियोजना के माध्यम से आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर किसानों को वैज्ञानिक एवं सटीक कृषि प्रबंधन की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

**योजना की शुरुआत** लाखों रुपए की लागत से पिपरवार में विकास कार्यों को मिली सौगात

# विधायक ने पांच योजनाओं का किया शिलान्यास

- स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार से क्षेत्र के ग्रामीणों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी

**नवीन मेल संवाददाता**



**पिपरवार।** बड़कागांव के विधायक रोशनलाल चौधरी ने सोमवार को पिपरवार मंडल क्षेत्र में विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास कर क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दी। इस दौरान उन्होंने कुल पांच महत्वपूर्ण योजनाओं की आधारशिला रखी, जिनमें स्वास्थ्य, शिक्षा और सड़क निर्माण से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं। विधायक ने बचरा उत्तरी पंचायत, बचरा दक्षिणी पंचायत एवं किचटो पंचायत में वर्षों से लंबित मांग रहे स्वास्थ्य उपकेंद्रों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इन तीनों स्वास्थ्य उपकेंद्रों का निर्माण 55-55 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा। स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार से क्षेत्र के ग्रामीणों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। इसके अलावा बचरा मध्य विद्यालय में 50 लाख रुपये की लागत से छह नए कमरों के निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया गया। वहीं हफुआ गांव में 98 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सड़क परियोजना की आधारशिला भी रखी गई। इस अवसर पर विधायक चौधरी ने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए उनकी प्रतिबद्धता निरंतर जारी रहेगी तथा जनता की आवश्यकताओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। शिलान्यास कार्यक्रम में भाजपा एवं आजसू के कई कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इनमें रविंद्र कुमार सिंह, लक्ष्मण मंडल, धीरेंद्र कुमार शर्मा, रामलाल महतो, धनराज गुप्ता, सुखी गंझू, इना देवी, रीना देवी, राघवेंद्र कुमार, अर्जुन महतो, विनोद सिंह, भीम सिंह यादव, उमेश मेहता, संजय मेहता, संजय पासवान, राजकुमार सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल थे।

## दृष्टिपात

### विशेष मैपिंग कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची जांचने की अपील

**पिपरवार।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष मैपिंग कार्यक्रम के तहत अनमैप्ड मतदाताओं की सूची जारी कर दी गई है। इस संबंध में बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी ने पंचायत क्षेत्र के सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे बचरा दक्षिणी पंचायत सचिवालय में उपलब्ध सूची में अपना नाम अवश्य जांच लें। उन्होंने बताया कि पंचायत सचिवालय में प्रतिदिन सुबह 10:30 बजे से शाम 4:00 बजे तक मतदाता सूची का अवलोकन किया जा सकता है। जिन मतदाताओं का नाम अनमैप्ड सूची में शामिल है, वे अपने संबंधित बीएलओ (BLO) से संपर्क कर विशेष मैपिंग कार्यक्रम का लाभ उठाएं तथा अपना और अपने परिवार के अन्य सदस्यों का नाम भी मैपिंग कराएं। मुखिया रीना देवी ने कहा कि निर्वाचन आयोग के इस महत्वपूर्ण अभियान में सभी मतदाताओं की भागीदारी आवश्यक है, ताकि मतदाता सूची को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाया जा सके। उन्होंने पंचायत के सभी नागरिकों से समय पर सूची की जांच कर आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने की अपील की।

### जुमार नदी के तट पर मुक्ति संस्था ने 36 अज्ञात शवों का किया अंतिम संस्कार



**रांची।** रविवार को मुक्ति संस्था द्वारा जुमार नदी के तट पर 36 अज्ञात शवों का पूरे विधि-विधान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। संस्था के सदस्यों ने रिम्स के मोर्चरी गृह से अज्ञात शवों को प्राप्त कर विधिवत पैकिंग के बाद जुमार नदी तट तक पहुंचाया, जहां अंतिम संस्कार की प्रक्रिया संपन्न की गई। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने स्वयं अज्ञात शवों को मुखाग्नि दी। उन्होंने बताया कि मुक्ति संस्था अब तक कुल 2189 अज्ञात शवों का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार कर चुकी है, जो मानवता और सेवा के प्रति संस्था की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अंतिम अरदास परमजीत सिंह टिंकू द्वारा की गई, जिसमें दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस दौरान संस्था के कई सदस्य उपस्थित रहे और पूरे अनुष्ठान में सहभागिता निभाई। मौके पर उपस्थित सदस्यों में प्रवीण लोहिया, रवि अग्रवाल, संदीप पपनेजा, हरीश नागपाल, सीताराम कौशिक, अरुण कुतरियार, संजय गोयल, उज्ज्वल जैन, बलबीर जैन एवं मोती सिंह सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

### रघुनाथपुर में मंडप निर्माण के लिए मातृशक्ति ने की बैठक, आभूषण त्यागने का लिया संकल्प



**चान्हो।** प्रखंड अंतर्गत रघुनाथपुर गांव में मंडप निर्माण को लेकर समस्त सनातन हिंदू परिवारों की माताओं एवं बहनों की एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में गांव के धार्मिक एवं सांस्कृतिक विकास के उद्देश्य से मंडप निर्माण पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित महिलाओं ने एक स्वर में मंडप निर्माण कराने का निर्णय लिया। इस दौरान महिलाओं ने अपनी आस्था और समर्पण का परिचय देते हुए संकल्प लिया कि जब तक मंडप का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो जाता, तब तक वे आभूषणों का त्याग करेंगी तथा निर्माण कार्य में हरसंभव सहयोग प्रदान करेंगी। बैठक में विनीता देवी, कौशल्या देवी, गीता देवी, आरती देवी, रेखा देवी, बबिता देवी, खुशबू देवी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं। सभी ने मंडप निर्माण को सामाजिक एवं धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण बताते हुए इसे जनसहयोग से पूर्ण करने का संकल्प दोहराया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 15 जून के बाद भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित कर मंडप निर्माण कार्य का शुभारंभ किया जाएगा। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि मंडप के निर्माण से गांव में धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन को नई पहचान मिलेगी।

### इग्नू अध्ययन केंद्र में इंडक्शन मीटिंग आयोजित, विद्यार्थियों को दी गई शैक्षणिक एवं प्रशासनिक जानकारी




**रांची।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के अध्ययन केंद्र 0513 मारवाड़ी कॉलेज में जनवरी 2026 सत्र के नव नामांकित विद्यार्थियों के लिए शनिवार को इंडक्शन मीटिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को इग्नू की शैक्षणिक व्यवस्था, पाठ्यक्रम संचालन, परीक्षा प्रक्रिया तथा विभिन्न ऑनलाइन एवं ऑफलाइन सेवाओं की जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में इग्नू क्षेत्रीय केंद्र के निदेशक एस. मोहती मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उनके पाठ्यक्रम, अध्ययन सामग्री, असाइनमेंट, परीक्षा, पुनः पंजीकरण तथा ऑनलाइन सेवाओं से संबंधित प्रश्नों का समाधान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, समय पर असाइनमेंट जमा करने तथा इग्नू के डिजिटल प्लेटफॉर्म का प्रभावी उपयोग करने की सलाह दी। अध्ययन केंद्र 0513 के समन्वयक डॉ बी. कुमार ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली, उद्देश्यों एवं अध्ययन केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी।

### दो दिन से लापता नाबालिग लड़की का शव कुएं से बरामद, क्षेत्र में शोक



**मांडर।** मांडर थाना क्षेत्र के हेसल गांव निवासी 14 वर्षीय नाबालिग लड़की तन्नु कुमारी का शव रवि वार को नूंहू गांव स्थित एक कुएं से बरामद होने के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। तन्नु पिछले दो दिनों से लापता थी, जिसकी परिजन लगातार तलाश कर रहे थे। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे तन्नु किसी बात को लेकर नाराज होकर घर से निकल गई थी। इसके बाद वह वापस नहीं लौटी। परिजनों ने अपने स्तर पर काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। रविवार को तन्नु का भाई अमित नूंहू गांव स्थित एक कुएं में नहाने गया था।

## दिशा की बैठक में स्वास्थ्य व्यवस्था का मुद्दा छाया रहा

# जनप्रतिनिधियों ने सिस्टम पर उठाए सवाल

**नवीन मेल संवाददाता**



**हजारीबाग।** केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में शनिवार को जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक हुई। जिसमें स्वास्थ्य विभाग की अव्यवस्था का मुद्दा छाया रहा। बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों ने स्वास्थ्य व्यवस्था के गिरते स्तर पर चिंता जाहिर की। हजारीबाग में आयोजित दिशा की बैठक में जनप्रतिनिधियों ने योजनाओं को धरातल पर सही तरीके से नहीं उतारे जाने पर सवाल खड़ा किया है। वहीं बैठक में मौजूद केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि हजारीबाग जिला का अनुभव बेहद खराब रहा है ।पदाधिकारी काम के प्रति जिम्मेवार नहीं हैं। अब नई टीम हजारीबाग जिला में बनाई गई है। उम्मीद की जा रही है कि जिला प्रशासन बेहतर काम करें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य की लचर व्यवस्था पर सबसे अधिक चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि यहां की स्थिति बेहद चिंतनीय है। इसलिए अब स्वास्थ्य व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए उप विकास आयुक्त को प्रशासक बनाया गया है।

वहीं बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग में स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से बीमार है। बैठक ने इस पर सभी जनप्रतिनिधियों ने चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था दुरुस्त करना बेहद जरूरी है। इसको लेकर पदाधिकारी से वार्ता की गई और कई अहम निर्देश भी निर्गत किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस बैठक में पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, ग्रामीण विकास समेत विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई।

## रामगढ़ में तीन स्थानों पर जलमीनार मरम्मत योजनाओं का शिलान्यास

**रामगढ़।** रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र में रविवार को तीन विकास योजनाओं का शिलान्यास किया गया। ये सभी योजनाएं जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) मद से संचालित जलमीनारों की मरम्मत से संबंधित हैं। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अजमल हुसैन ने बताया कि मांडू विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 06 गिरि मुहल्ला, बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 23 स्थित बाबा संघ मैदान तथा रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 28 महली चंडी एवं वार्ड नंबर 14 साईं मंदिर के पास स्थित जलमीनारों की मरम्मत कार्य का शिलान्यास किया गया। कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि मांडू विधानसभा के वार्ड नंबर 06 गिरि मुहल्ला में विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने शिलान्यास किया।

## चारमाइल–जतरा मोड़ सड़क मरम्मत कार्य का भूमि पूजन, सांसद व विधायक हुए शामिल



**बरही ।** मुख्यमंत्री ग्राम सुदृढ़ीकरण योजनान्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग NH-20 (पुराना NH-33) के चारमाइल से जतरा मोड़ तक लगभग 3.7 किमी सड़क मरम्मत कार्य का रविवार विधिवत भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय सांसद मनीष जायसवाल एवं बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने संयुक्त रूप से पूजा-अर्चना कर कार्य का शुभारंभ किया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय ग्रामीणों की बड़ी संख्या मौजूद रही। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने सड़क मरम्मत कार्य शुरू होने पर खुशी जताते हुए कहा कि लंबे समय से सड़क की खराब स्थिति के कारण लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। जानकारी के अनुसार, बरही से हजारीबाग खंड तक सड़क के शॉर्ट टर्म ऑपरेशन एवं मेंटेनेंस के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) द्वारा लगभग 39.88 किलोमीटर सड़क के रखरखाव व मरम्मत कार्य के लिएअनुमानित लागत लगभग 4.90 करोड़ से 9.49 करोड़ तक की थी । यह कार्य भी इसी का एक हिस्सा है जिसे 2.4 करोड़ रुपये की लागत से 3.7 किमी सड़क का सुदृढ़ीकरण किया जाने की जानकारी मिली है । मौके पर सांसद श्री जायसवाल ने कहा कि सड़क की मरम्मत होने से क्षेत्र के हजारों लोगों को राहत मिलेगी।

## दृष्टिपात

### राष्ट्रीय सेवा मंच ने गरीबों के बीच भोजन का किया वितरण



**भुरकुंडा।** राष्ट्रीय सेवा मंच ने रविवार को भुरकुंडा साप्ताहिक बाजार में दूरदराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन पत्तल बेचने आने वाले गरीब व जरूरतमन्दो के बीच भोजन का वितरण किया। इस अवसर पर संस्था के लोगो ने बताया कि जन सहयोग से संचालित यह सेवा समाज के कमजोर वर्गों तक मदद पहुंचाने का एक सतत प्रयास है। हर सप्ताह इस कार्यक्रम के माध्यम से बड़ी संख्या में जरूरतमंद लोगों को भोजन उपलब्ध कराया जाता है। संस्था का उद्देश्य केवल भोजन कराना ही नहीं, बल्कि समाज में सेवा, सहयोग और मानवता की भावना को भी मजबूत करना है ।संस्था के सदस्यों ने कहा कि समाज के लोगों के सहयोग से यह सेवा आगे भी निरंतर जारी रहेगी और जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाने का प्रयास लगातार किया जाता रहेगा। भोजन वितरण में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, रेणुका दास, रिंकू वर्णवाल, गौरी शंकर महतो, लखन राम, मोहम्मद शाहिद सहित अन्य समाजसेवी मौजूद थे।

### तंबाकू का सेवन छोड़ें, स्वस्थ जीवन को अपनाएं : डॉ. प्रकाश ज्ञानी



**बरही।** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर अनुमंडलीय अस्पताल (एसडीएच) बरही के उपाधीक्षक डॉ. प्रकाश ज्ञानी ने तम्बाकू सेवन को गंभीर जनस्वास्थ्य समस्या बताते हुए लोगों से इससे दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के अनुसार तम्बाकू के कारण हर वर्ष दुनिया में 80 लाख से अधिक तथा भारत में करीब 13 लाख लोगों की मौत होती है। डॉ. ज्ञानी ने बताया कि सिगरेट, बीड़ी, गुटखा, खैनी, जर्दा एवं अन्य तम्बाकू उत्पादों के सेवन से मुंह, गले और फेफड़ों का कैंसर, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप तथा श्वसन संबंधी गंभीर बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि देश में कैंसर के लगभग 30 से 40 प्रतिशत मामलों का संबंध प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से तम्बाकू सेवन से है। उन्होंने चिंता जताई कि युवाओं और किशोरों में तम्बाकू सेवन की बढ़ती प्रवृत्ति समाज के लिए गंभीर चुनौती बनती जा रही है। डॉ. ज्ञानी ने कहा कि तम्बाकू का धुआं केवल सेवन करने वाले को ही नहीं, बल्कि उसके आसपास रहने वाले लोगों को भी प्रभावित करता है। पैसिव स्मोकिंग के कारण कई लोग गंभीर बीमारियों के शिकार हो सकते हैं। उन्होंने लोगों से तम्बाकू त्यागने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

### बीएफसीएल ने 148 कर्मचारियों का मनाया सामूहिक जन्मदिन



**रामगढ़।** बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग्स लिमिटेड (बीएफसीएल) प्लांट में कर्मचारियों के सम्मान और सकारात्मक कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'पीपुल फर्स्ट कल्चर' के तहत मई माह में जन्मदिन मनाने वाले 148 कर्मचारियों का सामूहिक जन्मदिन समारोह आयोजित किया गया। "वन सेलिब्रेशन, मेनी स्माइल्स" थीम पर आधारित इस आयोजन ने कर्मचारियों के बीच उत्साह, एकता और आपसी सहयोग की भावना को और मजबूत किया। समारोह में जीएफए, एचएसपीए तथा रांची स्थित प्रधान कार्यालय के कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। विभिन्न विभागों के कर्मचारी एक साथ एक मंच पर जुटे और इस विशेष अवसर को उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया। कार्यक्रम के दौरान संगठन के विभिन्न विभागाध्यक्षों और वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को बढ़ाया तथा कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर जन्मदिन मनाने वाले सभी कर्मचारियों को सामूहिक रूप से शुभकामनाएं दी गईं। समारोह के दौरान केक काटा गया, बधाई संदेश साझा किए गए तथा कर्मचारियों ने एक-दूसरे के साथ खुशी के पल बिताए।

### निम्मी में भक्तिभाव के साथ संपन्न हुई मंडा पूजा, मेला में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़



**भुरकुंडा ।** श्रीश्री शिव मण्डा पूजा समिति निम्मी के तत्वावधान में निम्मी गांव रविवार को मण्डा पूजा श्रद्धा, आस्था और भक्तिभाव के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। मंडा मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला पार्षद अनु देवी, रामफल बेदिया, पूर्व जिला पार्षद दर्शन गंझू, पाली मुखिया रेखा देवी, पंसस छोटेलाल बेदिया, वार्ड सदस्य किरण देवी व इंदु देवी, भाजपा भदानीनगर मंडल अध्यक्ष सौनू प्रसाद सौर्य आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मंडा पूजा के दौरान दर्जनों दर्जनों भोक्ता और सोक्ताईनों ने दहकते अंगारों पर चलकर तथा बनस झूला पर झूलकर भगवान शिव के प्रति अपनी अटूट आस्था और श्रद्धा का परिचय दिया। शिवभक्ति में लीन श्रद्धालुओं की भक्ति और उत्साह ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। वहीं आसपास के दर्जनों गांवों से पहुंचे सैकड़ों ग्रामीणों ने डीजे की धुन पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर मेले में समां बांध दिया। मेले में लोगों ने जमकर खरीदारी की तथा विभिन्न प्रकार के लजीज व्यंजनों का आनंद उठाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि मंडा पूजा हमारी संस्कृति, परंपरा और लोक आस्था का प्रतीक है। ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज में भाईचारा, एकता और सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं। हमारी संस्कृति और परंपराओं को सहेजकर रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित इस प्रकार के पारंपरिक पर्व हमारी पहचान हैं और युवाओं को अपनी संस्कृति से जोड़ने का कार्य करते हैं। मंडा पूजा को सफल बनाने में समिति के संरक्षक सुरेश कुमार दांगी, उपाध्यक्ष झमन कुमार, उप कोषाध्यक्ष सुरज करमाली सहित रोहित महतो, निर्मल महतो, झरी बेदिया, मुकेश बेदिया आरि उपस्थि थे।

## जेएलकेएम ने संगठन विस्तार और जनमुद्दों पर आंदोलन की बनाई रणनीति



**नवीन मेल संवाददाता**

**भुरकुंडा।** बासल थाना क्षेत्र के लबगा गांव में रविवार को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने और जनहित के मुद्दों को लेकर आंदोलन तेज करने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी दिनों में सदस्यता अभियान को व्यापक रूप से चलाया जाएगा और पंचायत स्तर तक संगठन का विस्तार किया जाएगा। साथ ही आगामी पंचायत चुनाव को लेकर भी तैयारी शुरू करने पर सहमति बनी। सभी पंचायतों में जेएलकेएम के पंचायत सम्मेलन आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में प्रखंड मुख्यालय पतरातू में विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर धरना-प्रदर्शन करने की रणनीति बनाई गई। वहीं क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की मांग को लेकर पीवीयूएनएल, अल्ट्राटेक, जिंदल, सीसीएल एवं आउटसोर्सिंग कंपनियों में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता देने के लिए आंदोलन चलाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान दर्जनों महिला, पुरुष एवं युवाओं ने जेएलकेएम की सदस्यता ग्रहण कर संगठन से जुड़ने की घोषणा की। बैठक की अध्यक्षता बादल करमाली और संचालन विष्णु सोनी ने किया। मौके पर केंद्रीय महासचिव विजय कुमार साहू, प्रखंड अध्यक्ष प्रयाग महतो, एम. रहमान, सुरेंद्र महतो, गिरीशंकर महतो, सोनी देवी, रंजीत यादव, सनी महतो, ईश्वर दयाल, सहदेव महतो, शाह मोहम्मद, सीमा देवी, दीपु तुरी, सोनू महतो, बैजू करमाली, सन्नी करमाली, संजय मुंडा, राजेश साहू, मनोज साहू सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## उपायुक्त के निर्देश पर चलाया गया दोपहिया वाहन जांच अभियान

# बिना हेलमेट वाहन चला रहे चालकों को दी गई चेतावनी

- **डीटीओ ने कहा- हेलमेट केवल कानूनी अनिवार्यता ही नहीं बल्कि जीवन रक्षा का महत्वपूर्ण साधन है**

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** उपायुक्त ऋतुराज के निर्देश पर सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से शनिवार को जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश एक्का के नेतृत्व में रामगढ़ स्थित पटेल चौक पर विशेष दोपहिया वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान दोपहिया वाहन चालकों के हेलमेट उपयोग, वाहन संबंधी आवश्यक दस्तावेजों एवं यातायात नियमों के अनुपालन की जांच की गई। जांच के क्रम में कई ऐसे वाहन चालक पाए गए जो बिना हेलमेट के वाहन चला रहे थे। ऐसे चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करते हुए कड़ी हिदायत दी गई तथा भविष्य में अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनकर वाहन चलाने का निर्देश दिया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी ने मौके पर उपस्थित वाहन चालकों को संबोधित करते हुए कहा कि हेलमेट केवल कानूनी अनिवार्यता ही नहीं बल्कि जीवन रक्षा का महत्वपूर्ण साधन है। सड़क दुर्घटनाओं में सिर पर लगने वाली गंभीर चोटों से बचाव के लिए हेलमेट का नियमित उपयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने तथा सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने की अपील की। इस दौरान अधिकारियों द्वारा लोगों को सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं की जानकारी देते हुए वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा सभी आवश्यक सुरक्षा उपाय अपनाने के संबंध में भी जागरूक किया गया। उक्त अवसर पर मोटरयान निरीक्षक मोनू मृणाल, रोड सेफ्टी आईटी असिस्टेंट विकास कुमार, विपुल उरांव सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## पुलिस कर्मियों ने तंबाकू सेवन नहीं करने का ली शपथ



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर रामगढ़ एसपी मुकेश कुमार लुनायत के निर्देश पर जिले के सभी पुलिस पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया। इस मौके पर सभी थाना प्रभारी, ओपी प्रभारी, थानों में प्रतिनियुक्ति पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों ने धूम्रपान और तंबाकू का सेवन नहीं करने की शपथ ली। साथ ही अपने परिवार एवं परिचितों को भी धूम्रपान और तंबाकू उत्पाद का सेवन न करने के लिए प्रेरित करने का शपथ लिया। एसपी मुकेश कुमार लुनायत ने बताया कि सभी थाना परिसर और ओपी परिसर में शपथ ग्रहण समारोह में सभी पदाधिकारी शामिल रहे। उन्होंने कहा कि सभी थानों को तंबाकू निषेध क्षेत्र घोषित किया गया है। पुलिस कार्यालय, थाना, ओपी और टीओपी में कोई भी व्यक्ति तंबाकू का सेवन नहीं करेगा।

## मोबाइल बनवाने निकले युवक का पांचवें दिन भी नहीं मिला सुराग

**बरही।** प्रखंड की कोनरा पंचायत स्थित गिलान मोहल्ला निवासी 37 वर्षीय त्रिलोकी कुमार दास पिछले पांच दिनों से लापता हैं। परिजनों ने उनकी तलाश में आम लोगों से सहयोग की अपील की है ।लापता युवक के छोटे भाई बिरेन्द्र दास ने बताया कि उनके भाई 27 मई को अपराह्न करीब 2:30 बजे मोबाइल बनवाने की बात कहकर घर से निकले थे। इसके बाद वे वापस घर नहीं लौटे। परिजनों ने अपने स्तर पर काफी खोजबीन की, लेकिन अब तक उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। रिजनों के अनुसार श्री दास आंशिक रूप से मानसिक रूप से अस्वस्थ थे और उनका उपचार रांची में चल रहा था। हाल के दिनों में कुछ दिनों से बहुत शांत रह रहे थे। ऐसे में उनके अचानक लापता हो जाने से परिवार के लोग काफी चिंतित हैं। परिजनों ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी को त्रिलोकी कुमार दास कहीं दिखाई दें या उनके संबंध में कोई जानकारी मिले तो मोबाइल नंबर 72178 48788, 94709 23556 अथवा 96083 43773 पर तत्काल सूचना दें, ताकि उन्हें सकुशल घर वापस लाया जा सके।

## जय गुरुदेव धाम में मनाया गया बाबा मातुदा नंद जी महाराज का समाधि दिवस



- **दो दिवसीय कार्यक्रम में भजन मंडली के कलाकारों ने भक्तिमय प्रस्तुतियों से माहौल को आध्यात्मिक बना दिया**

**नवील मेल संवाददाता**

**भुरकुंडा ।** पटेलनगर स्थित जय गुरुदेव धाम में को बाबा मातुदा नंद जी महाराज का 57वां समाधि दिवस श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। दो दिवसीय कार्यक्रम में भजन-कीर्तन, पूजा-अर्चना एवं भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। समाधि दिवस के अवसर पर ट्रस्टी तारा मेवाड एवं विजय लक्ष्मी शर्मा परिवार के सहयोग से विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। दो दिवसीय कार्यक्रम में शनिवार को रांची से आई भजन मंडली के कलाकारों मदन सोनी, विष्णु नेहवाल, संजय शर्मा, सुनील साहू और मुन्ना शर्मा ने भक्तिमय प्रस्तुतियों से माहौल को आध्यात्मिक बना दिया। वहीं स्थानीय राधे-राधे मंडली के संतोष सोनी, रेखा शर्मा, चिंता देवी, राधा अग्रवाल, अनीता बंसल, बबीता गोयल एवं सीमा गोस्वामी ने भी एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। रविवार को आयोजित भव्य भंडारे में सैकड़ों महिला, पुरुष एवं बच्चों ने प्रसाद ग्रहण किया। ट्रस्टी तारा मेवाड़ा और विजय लक्ष्मी शर्मा ने बताया कि 31 मई 1969 को बाबा मातुदा नंद जी महाराज ने पटेलनगर स्थित गुरुदेव धाम में समाधि ली थी। उनकी स्मृति में वर्ष 1970 से प्रतिवर्ष समाधि दिवस का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 57 वर्षों से यह परंपरा निरंतर जारी है और इसमें ट्रस्टी परिवार के साथ-साथ पटेलनगरवासियों का भी भरपूर सहयोग मिलता रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में पवन मेवाड, सुशील शर्मा, अनिल शर्मा, सुनील शर्मा, सुनीता शर्मा, सारिका शर्मा, अर्चना शर्मा, अनुराधा शर्मा, राजश्री शर्मा, रमेश गुप्ता, रवि अग्रवाल, विजय बंसल, जयकिशन सोनी, दीपेश गुप्ता, रोनक गुप्ता सहित अनेक श्रद्धालुओं का सराहनीय योगदान रहा।

**सुरक्षा ही बचाव**

## रामगढ़ चैंबर में कैंसर जागरुकता सेमिनार, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर जोर

# तंबाकू कैंसर जैसी बीमारियों को देती है जन्म : विधायक

- **ममता ने कहा-कैंसर के प्रति जागरुकता ही इससे बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है**




**रामगढ़।** रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सभागार में रविवार को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें चिकित्सकों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कैंसर के कारणों, बचाव के उपायों, समय पर जांच और उपचार के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक ममता देवी उपस्थित रहीं, जबकि रांची के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ सतीश शर्मा और नगर परिषद के उपाध्यक्ष रणधीर गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष पंकज प्रसाद तिवारी ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन सांसद प्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता धनंजय कुमार पुटूस ने किया। अपने संबोधन में विधायक ममता देवी ने कहा कि आधुनिक जीवनशैली, असंतुलित खानपान और नशे की बढ़ती प्रवृत्ति कई गंभीर बीमारियों को जन्म दे रही है। उन्होंने लोगों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित व्यायाम करने और तंबाकू व अन्य नशीले पदार्थों से दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि कैंसर के प्रति जागरूकता ही इससे बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है। ममता देवी ने कहा कि कैंसर कोई लाइलाज बीमारी नहीं है। यदि इसकी समय पर पहचान हो जाए और उचित उपचार मिल जाए तो रोगी सामान्य जीवन जी सकता है। उन्होंने लोगों से नियमित स्वास्थ्य जांच कराने और किसी भी प्रकार के लक्षण को नजरअंदाज नहीं करने की सलाह दी। रांची से आए वरिष्ठ चिकित्सक डॉ सतीश शर्मा ने कैंसर रोगियों के लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार की कई योजनाएं आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को उपचार उपलब्ध कराने में मदद कर रही हैं। इसलिए लोगों को इन योजनाओं की जानकारी रखनी चाहिए और जरूरत पड़ने पर उनका लाभ उठाना चाहिए। डॉ। शर्मा ने कैंसर के शुरुआती लक्षणों, आधुनिक जांच पद्धतियों और उपचार की उपलब्ध सुविधाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि समय पर जांच और सही उपचार से कैंसर के कई मामलों में बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने लोगों से नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने और चिकित्सकीय सलाह लेने की अपील की। सेमिनार के अंत में कैंसर के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने, समय पर जांच को प्रोत्साहित करने और समाज में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता फैलाने का सामूहिक संकल्प लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम लोगों को गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूक करने और स्वस्थ समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में रामगढ़ चेंबर के अध्यक्ष मनजीत साहनी, सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष विष्णु पोद्दार, सचिव प्रदीप गुप्ता, सदस्य अनिल गुप्ता, चेंबर उपाध्यक्ष अमरेश गणक, सहसचिव इंद्रपाल सिंह सैनी, पूर्व अध्यक्ष अनूप कुमार सिंह, कार्यकारिणी सदस्य मुरारी अग्रवाल, विनोद गर्ग सहित नगर परिषद के कई वार्ड पार्षद, सामाजिक कार्यकर्ता और शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सोलर पैनल उड़ने से 15 दिनों से बंद है जलमीनार, नहीं मिल रहा पानी



नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** प्रखंड अंतर्गत शाहपुर पंचायत के कोम्बकेरा लोहरा टोली में पिछले 15 दिनों से पेयजल संकट गहरा गया है। तेज हवा और बारिश के कारण जलमीनार पर लगा सोलर पैनल उड़ जाने से जलापूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है। इसके चलते ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए दूसरे टोले से पानी लाने को मजबूर होना पड़ रहा है।

ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए भाजपा एसटी मोर्चा के जिला महामंत्री मुनेश्वर तिर्की ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने जलमीनार की मरम्मत को लेकर संबंधित संवेदक, पेयजल विभाग के जूनियर इंजीनियर और कार्यपालक अभियंता से संपर्क कर समस्या से अवगत कराया।मुनेश्वर तिर्की ने बताया कि विभागीय अधिकारियों और संवेदक द्वारा जल्द मरम्मत का आश्वासन दिया गया था, लेकिन 15 दिन बीत जाने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे ग्रामीणों में विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ रही है।ग्रामीणों ने विभाग से अविलंब जलमीनार की मरम्मत कर जलापूर्ति बहाल करने की मांग की है, ताकि लोगों को पेयजल संकट से राहत मिल सके।

### घुटबहार गांव में मरिया प्रोसेशन आयोजित

## विधायक ने संस्कृति संरक्षण और जनजागरूकता पर दिया जोर



नवीन मेल संवाददाता

**ठेठईटांगर।** प्रखंड के घुटबहार गांव में रविवार को मरिया प्रोसेशन का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंनगाड़ी एवं विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा उपस्थित रहे। इस अवसर पर ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक नमन विक्सल कोंनगाड़ी ने कहा कि मई माह मां मरियम को समर्पित होता है और इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर उनकी स्तुति के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों का मुख्य उद्देश्य विलुप्त होती सभ्यता, संस्कृति, गीत, संगीत और पारंपरिक नृत्यों को संरक्षित और संवर्धित करना है।उन्होंने कहा कि मां मरियम हमें करुणा, दया, प्रेम, स्नेह और मातृत्व का संदेश देती हैं।

### चक दे रेंगारीह हॉकी अकादमी की हुई शुरुआत

# खेल के माध्यम से बच्चों का भविष्य संवारने की हुई ऐतिहासिक पहल

नवीन मेल संवाददाता

**ठेठईटांगर।** ग्रामीण प्रतिभाओं को नई उड़ान देने और खेल के माध्यम से बच्चों का भविष्य संवारने के उद्देश्य से आशा की किरण संस्था द्वारा रेंगारीह में "चक दे रेंगारीह हॉकी अकादमी" की शुरुआत की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ ठेठईटांगर पश्चिमी जिला परिषद सदस्य अजय एक्का ने दीप प्रज्वलित कर किया।इस अवसर पर आशा की किरण संस्था की अध्यक्ष एवं अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी फातिमा कुजूर ने कहा कि अकादमी की स्थापना का उद्देश्य क्षेत्र के बच्चों में खेल के प्रति रुचि विकसित



करना तथा उन्हें बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि संस्था ऐसे खिलाड़ियों द्वारा बनाई गई है जिन्होंने खेल के माध्यम से अपने जीवन को नई दिशा दी है और आज विभिन्न सरकारी विभागों में सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि संस्था में वर्तमान में पांच अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी, 38 राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तथा तीन प्रशिक्षक जुड़े हुए हैं, जो क्षेत्र के बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव सहयोग करेंगे। उनका मानना है कि गांवों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल सही मार्गदर्शन और अवसर की है।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला परिषद सदस्य अजय एक्का ने कहा कि आशा की किरण संस्था के सदस्यों ने रेंगारीह में एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायक पहल की है। जिस समाज और मिट्टी से निकलकर उन्होंने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई, आज उसी समाज के बच्चों के भविष्य को संवारने के लिए वे आगे आए हैं। यह केवल एक हॉकी अकादमी नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सपनों को पंख देने का अभियान है।

## बाघचट्टा पंचायत में आदिवासी लोहरा समाज का पंचायत स्तरीय मिलन समारोह संपन्न



नवीन मेल संवाददाता

**ठेठईटांगर।** आदिवासी लोहरा समाज जिला इकाई सिमडेगा के तत्वावधान में ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत बाघचट्टा पंचायत में पंचायत स्तरीय मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज की एकता, संगठन की मजबूती और सामाजिक विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।समारोह को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बासुदेव तिर्की ने समाज के लोगों से संगठित होकर शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और अधिकारों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज की प्रगति के लिए सभी सदस्यों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।


संगठन सचिव मुनेश्वर तिर्की ने कहा कि समाज की एकता, शिक्षा और सामाजिक विकास को मजबूत करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

उन्होंने युवाओं से शिक्षा के प्रति जागरूक होकर समाज के उत्थान में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।कार्यक्रम में जिला कोषाध्यक्ष साधु लोहरा, उपाध्यक्ष कृतलोचन राम, संगठन सचिव मुनेश्वर तिर्की, बांसजोर प्रखंड अध्यक्ष दशरथ केछुआ, ठेठईटांगर प्रखंड अध्यक्ष कालू इंद्वार, जगदीश लोहरा, डेबिट लोहरा, जलडेगा महासचिव बसंत इंदार सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।मौके पर समाजहित में मिल-जुलकर कार्य करने और संगठन को पंचायत स्तर तक मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया।

## उपायुक्त की पहल पर सभी बैंकों में ग्राहकों के लिए शीतल पेयजल की हुई व्यवस्था

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** बढ़ती गर्मी के मद्देनजर सभी सरकारी कार्यालयों और थानों के साथ अब उपायुक्त सिमडेगा के पहल पर जिले के सभी बैंकों में भी ग्राहकों के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई। जेठ की तपती गर्मी में जीवन सुरक्षित रखने के लिए लोगों को शीतल पेयजल की जरूरत सबसे अधिक होती है। अपने कार्य से बाहर निकलने के दौरान कई लोग गर्मी को देखते हुए अपने साथ पानी का बोतल लेकर चलते हैं। लेकिन गर्मी के कारण बोतल का पानी काफी गर्म हो जाता है। जिससे लोगों को उस गर्म पानी को पीने में परेशानी हो रही थी। लोगों को इस भीषण गर्मी में घड़े का शीतल पेयजल मिल सके इस उद्देश्य से डीसी सिमडेगा कंचन सिंह के निर्देश पर जिले के सभी सरकारी कार्यालयों के साथ- साथ सभी थानों और चौक चौराहों पर घड़े रख कर




शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई। जिससे सरकारी दफ्तर आने वाले और बाजार जाने वाले ग्रामीणों को शीतल पेयजल मिलने लगा। लेकिन हरेक दिन बैंकों में आने वाले सैकड़ों ग्राहकों के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था नहीं रहने से सुदूर ग्रामीण इलाके से आने ग्राहकों को शीतल पेयजल के लिए काफी परेशानी हो रही थी। जिसको देखते हुए डीसी सिमडेगा कंचन सिंह ने सभी बैंकों को अपने परिसर में ग्राहकों के लिए घड़े रख कर शीतल पेयजल की व्यवस्था करने का निर्देश दिया था। डीसी के निर्देश पर जिले के सभी बैंकों ने घड़े रख कर ग्राहकों के लिए शीतल पेयजल व्यवस्था की। बैंको के द्वारा शीतल पेयजल व्यवस्था करने से बैंक आने वाले लोगों को अब शीतल पेयजल मिलने लगा है।

## बानो रेलवे स्टेशन पर तीन महत्वपूर्ण ट्रेनों के ठहराव की मांग, सौंपा ज्ञापन

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** बानो रेलवे स्टेशन पर तीन महत्वपूर्ण ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर भाजपा नेता सुजान मुंडा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से क्षेत्रवासियों की समस्याओं से अवगत कराते हुए जनहित में ट्रेनों के ठहराव की मांग की गई।प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि बानो रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकसित किया जा रहा है, लेकिन महत्वपूर्ण ट्रेनों का ठहराव नहीं होने के कारण यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विद्यार्थियों, मरीजों, व्यवसायियों एवं आम यात्रियों को लंबी दूरी तय कर दूसरे स्टेशनों से ट्रेन पकड़नी पड़ती है।ज्ञापन में जनहित को देखते हुए तीन प्रमुख ट्रेनों का बानो स्टेशन पर ठहराव सुनिश्चित करने की मांग की गई। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभाग से इस विषय पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया।ज्ञापन सौंपने वालों में सुजान मुंडा के अलावा बालमुकुंद सिंह,



रामचंद्र बड़ाइक एवं परमानंद सिंह शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि ट्रेनों के ठहराव से क्षेत्र के हजारों यात्रियों को लाभ मिलेगा और क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

## जहरीले सांप के काटने से 12 वर्षीय किशोर की मौत

**बानोः** बानो प्रखंड के बिंतुका पंचायत अंतर्गत टूरियो (टुड़यु) गांव में जहरीले सांप के काटने से 12 वर्षीय किशोर जगदीश सिंह की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है और परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।मृतक के वृद्ध पिता बिरसा सिंह ने बताया कि शनिवार रात खाना खाने के बाद उनका बेटा घर में सोया हुआ था। देर रात करीब 1 बजे किसी जहरीले सांप ने उसे डंस लिया। सर्पदंश के बाद किशोर ने उठकर परिजनों को इसकी जानकारी दी।परिजनों और ग्रामीणों ने उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो पहुंचाया। ग्रामीणों का कहना है कि गांव तक बेहतर सड़क सुविधा नहीं होने के कारण समय पर अस्पताल पहुंचाने में कठिनाई हुई, जिससे इलाज में भी देरी हुई। अस्पताल में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार एवं एंटी-वेनम इंजेक्शन दिया।

## ग्रामीणों ने चंदा कर पांच किमी कच्ची सड़क बनाने का लिया निर्णय

नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** बानो प्रखंड क्षेत्र के जमताई पंचायत अंतर्गत कोहिपाट से जोरोबाड़ी जाने वाली सड़क की जर्जर स्थिति से परेशान ग्रामीणों ने रविवार को पंचायत के मुखिया नामजन जोजो एवं गिरदा ओपी पुलिस से मुलाकात कर अपनी समस्या रखी। ग्रामीणों ने बताया कि वे पिछले करीब 15 वर्षों से सड़क की समस्या झेल रहे हैं, लेकिन अब तक इसका स्थायी समाधान नहीं हो पाया है।ग्रामीणों के अनुसार बरसात के दिनों में सड़क की स्थिति और भी खराब हो जाती है। गांव तक एम्बुलेंस नहीं पहुंच पाती, जिससे गर्भवती महिलाओं, बीमारों और बुजुर्गों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार लोगों को लकड़ी के अस्थायी पुल के सहारे आवागमन करना पड़ता है।ग्रामीणों ने बताया कि जब वे अपनी समस्या लेकर मुखिया के पास पहुंचे तो उन्हें बताया गया कि सरकारी फंड उपलब्ध नहीं होने के कारण सड़क निर्माण कार्य नहीं हो सका। वहीं, गिरदा ओपी प्रशासन ने ग्रामीणों को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।सड़क समस्या



से परेशान ग्रामीणों ने निर्णय लिया है कि वे सोमवार, 1 जून 2026 से आपसी सहयोग और चंदा एकत्र कर लगभग 5 किलोमीटर कच्ची सड़क के निर्माण एवं मरम्मत कार्य की शुरुआत करेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि अब वे अपने श्रमदान और सहयोग से सड़क को चलने योग्य बनाने के लिए एकजुट हो चुके हैं।

### सोगड़ा पारिस में भक्तिभाव के साथ मनाया गया मारिया प्रोसेशन

# करुणा और मानव सेवा का संदेश देता है माता मरियम का जीवन: जोसिमा खाखा

- विधायक के प्रयासों से जिले में विकास की नई दिशा बनी है, जिसका लाभ आम लोगों को मिल रहा है

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** पाकरटांड के सोगड़ा पारिस में माता मरियम के प्रति श्रद्धा एवं विश्वास को लेकर मारिया प्रोसेशन का आयोजन भक्ति भाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में पल्ली पुरोहित फ़ा. पात्रिक खलखो, फ़ा. एलेक्सियुस किंडो एवं फ़ा. ओसकार ने मिस्सा पूजा सम्पन्न कराया। मौके पर उपस्थित जिला



परिषद सदस्य सह कांग्रेस महिला जिला अध्यक्ष जोसिमा खाखा ने कहा कि मरियम माता त्याग, सेवा, प्रेम और समर्पण की जीवंत मिसाल हैं। उनका जीवन हमें विनम्रता, करुणा और मानव सेवा का संदेश देता है।

उन्होंने कहा कि आज समाज में बढ़ती चुनौतियों के बीच युवाओं की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। युवा यदि सही दिशा में आगे बढ़ें तो समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सिमडेगा विधायक सह कांग्रेस जिला अध्यक्ष भूषण बाड़ा लगातार क्षेत्र के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए कार्य कर रहे हैं। उनके प्रयासों से जिले में विकास की नई दिशा बनी है, जिसका लाभ आम लोगों को मिल रहा है। उन्होंने लोगों से विकास कार्यों में सहयोग करने तथा सामाजिक एकता और भाईचारे को मजबूत करने की अपील की। इस दौरान यूथ की नवगठित कमेटी को जोसिमा खाखा ने बधाई दी। उन्होंने नई कमेटी के सदस्यों को ईमानदारी, सेवा भावना और समर्पण के साथ कार्य करने की शुभकामनाएं दीं। मौके पर सिस्टर मंजू, सिस्टर प्रीति लता, प्रतिमा कुजूर, समीर कोड़ो, नीलिमा बाड़ा, विक्टर खेस, किशोर मिंज, ममता मिंज, अनास्तासिया किंडो, विनीता, जयंती मिंज, रितेश सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## दृष्टिपात

### कुरडेग में 161 बच्चों ने ग्रहण किया प्रथम परम प्रसाद



**कुरडेग।** प्रखंड मुख्यालय स्थित आर.सी. चर्च खालीजोर (कुरडेग) में रविवार को प्रथम परम प्रसाद संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 161 बच्चे-बच्चियों ने प्रथम परम प्रसाद ग्रहण किया।मौके पर मुख्य अनुष्ठाता फादर सुनील तिर्की ने धार्मिक अनुष्ठानों के बीच सभी बच्चे-बच्चियों को प्रथम परम प्रसाद ग्रहण कराया। प्रथम परम प्रसाद ग्रहण करने वाले सभी बच्चों को आशीष देते हुए फादर सुनील तिर्की ने कहा कि आज पल्ली के 161 बच्चे-बच्चियां प्रेम के प्रतीक चिन्ह प्रथम परम प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं और ईश्वर के प्रति विश्वास की ओर आगे बढ़ रहे हैं।उन्होंने कहा कि प्रथम परम प्रसाद ईश्वर की ओर जाने के लिए हमारी आत्मा में नई उमंग, जोश और स्फूर्ति उत्पन्न करता है। ईश्वर के प्रति विश्वास को मजबूत करने के लिए परिवार के सदस्यों को बच्चों के लिए अच्छा माहौल एवं मार्गदर्शन देने की आवश्यकता है, जिससे बच्चे ईश्वर के प्रति सच्चाई के रास्ते पर चल सकें।फादर तिर्की ने प्रथम परम प्रसाद ग्रहण करने वाले सभी बच्चों को ईश्वर के कर्तव्यों का पालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी बच्चे प्रथम परम प्रसाद ग्रहण कर यीशुमय एवं ख्रीस्तीय हो गए हैं। उन्हें ख्रीस्त के जैसा बनना है, जिसमें प्रेम, शांति, सद्भाव, सहयोग, एकता और आपसी मेल-मिलाप जैसी शिक्षाओं को अपने जीवन में धारण करना चाहिए।मौके पर फादर बोनीफास, फादर अलेक्स, फादर हेमंत सहित अन्य पुरोहित उपस्थित रहे।

### सिकोरदा गिरजाटोली एवं पुजारटोली में नया ट्रांसफार्मर लगा, ग्रामीणों ने जताया आभार



**बानो।** तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया की पहल पर उकौली पंचायत के सिकोरदा गिरजाटोली एवं सिकोरदा पुजारटोली में नया 25 केवीए ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि गिरजाटोली का ट्रांसफार्मर पिछले चार वर्षों से खराब था, जबकि पुजारटोली का ट्रांसफार्मर 18 मई से खराब पड़ा था, जिससे गांव में बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित थी।ग्रामीणों ने विधायक को आवेदन देकर समस्या से अवगत कराया, जिसके बाद विधायक ने बिजली विभाग से संपर्क कर दोनों स्थानों पर नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि तनवीर हुसैन, वार्ड सदस्य हेरमन समद, प्रचारक एम्यान बुढ़ एवं अन्य ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।विधायक प्रतिनिधि तनवीर हुसैन ने कहा कि विधायक के प्रयास से क्षेत्र में खराब ट्रांसफार्मरों को बदला जा रहा है और बिजलीविहीन गांवों तक बिजली पहुंचाने का काम जारी है। ग्रामीणों ने विधायक की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### लचरागढ़ आरसी मिशन चर्च में नए डीन फादर रफायल केरकेट्टा ने ली शपथ



**कोलेबिरा।** प्रखंड के लचरागढ़ आरसी मिशन चर्च परिसर में कार्यक्रम आयोजित कर नए डीन एवं पल्ली पुरोहित फादर रफायल केरकेट्टा का शपथ ग्रहण कराया गया। साथ ही असिस्टेंट के रूप में फादर यूजिन टोप्पो ने भी शपथ ग्रहण किया और उनका स्वागत किया गया।जानकारी के अनुसार इससे पूर्व लचरागढ़ भिखारिएट के डीन एवं पल्ली पुरोहित के रूप में फादर राजेश केरकेट्टा कार्यरत थे। कार्यकाल पूरा होने के बाद सिमडेगा धर्मप्रांत के बिशप के निर्देशानुसार फादर रफायल केरकेट्टा को नए डीन एवं पल्ली पुरोहित के रूप में नियुक्त किया गया।कार्यक्रम के दौरान फादर राजेश केरकेट्टा ने नए डीन को गिरजाघर की चाभी एवं रजिस्टर सौंपते हुए पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। मौके पर उपस्थित लोगों ने नए डीन एवं असिस्टेंट का स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर फादर, ब्रदर, सिस्टर एवं बड़ी संख्या में मसीही विश्वासीगण उपस्थित रहे।

### लचरागढ़ आरसी मिशन चर्च में 168 बच्चे-बच्चियों ने ग्रहण किया प्रथम परम प्रसाद

**कोलेबिरा।** प्रखंड के लचरागढ़ आरसी मिशन चर्च परिसर में प्रथम परम प्रसाद समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें 168 बच्चे-बच्चियों ने प्रथम परम प्रसाद ग्रहण किया। इनमें 75 बालक एवं 93 बालिकाएं शामिल थीं।मुख्य अनुष्ठाता फादर राजेश केरकेट्टा ने धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कर सभी बच्चे-बच्चियों को प्रथम परम प्रसाद ग्रहण कराया। इस अवसर पर विशेष मिस्सा अनुष्ठान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें फादर राजेश केरकेट्टा ने मिस्सा पूजा संपन्न कराई। वहीं फादर रफायल केरकेट्टा, फादर यूजिन टोप्पो, फादर क्लेमेंट लकड़ा, फादर अल्बिनुस केरकेट्टा, फादर जोन डांग, फादर सुनिल केरकेट्टा एवं फादर रोमानुस सोरेंग ने मिस्सा बलिदान में सहयोग किया।परम प्रसाद ग्रहण करने वाले सभी बच्चे-बच्चियों का गीत-संगीत के माध्यम से स्वागत करते हुए चर्च परिसर स्थित कार्यक्रम स्थल तक लाया गया, जहां धार्मिक अनुष्ठान के साथ उन्हें प्रथम परम प्रसाद ग्रहण कराया गया।कार्यक्रम के उपरांत अभिभावकों एवं कलिसिया के लोगों ने सभी बच्चों का स्वागत किया। इस अवसर पर फादर राजेश केरकेट्टा ने कहा कि प्रथम परम प्रसाद ग्रहण करने वाले बच्चे प्रभु के सानिध्य में आते हैं और कलिसिया जीवन में यह एक महत्वपूर्ण संस्कार है।

### कीटनाशक पीकर महिला ने की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस



**सिमडेगा।** कुरडेग थाना क्षेत्र के सावा तेतरटोली गांव निवासी बसंती देवी नामक महिला ने कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार बसंती देवी के घर में मेहमान आए हुए थे और किसी बात को लेकर नाराज होकर उसने घर में रखे कीटनाशक का सेवन कर लिया जब उसके पति कुंभकरण साय को इसकी भनक लगी ,तब तुरंत उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुरडेग लाया, जहां पर उसकी स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा रेफर कर दिया।

### केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, सांसद और विधायक ने राज्य सरकार पर साधा निशाना

# हजारीबाग में फल-फूल रहा अवैध खनन और नशीले पदार्थों का कारोबार

● हजारीबाग-बड़कागांव रोड पर देर रात्रि से जो बालू लदी गाड़ियों का आवागमन शुरू होता है वह सुबह 6:00 बजे तक जारी रहता है



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिले में इन दोनों अवैध खनन, लॉटरी और नशीले पदार्थों का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। इस पर नकेल कसने में प्रशासन विफल साबित हो रहा है। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी से लेकर सांसद और बड़कागांव विधायक ने इस पर चिंता जाहिर की है और वर्तमान हेमंत सरकार पर जमकर निशाना साधा है। अवैध खनन के इस कारोबार की चर्चा जिले में जोर-शोर से चल रही है। बालू घाट की नीलामी नहीं होने के बावजूद धड़ल्ले से बालू का अवैध उठाव हो रहा है। हजारीबाग-बड़कागांव रोड पर देर रात्रि से जो बालू लदी गाड़ियों का आवागमन शुरू होता है वह सुबह 6:00 बजे तक जारी रहता है। यही नहीं विभिन्न चौक-चौराहों पर भी बालू लदी गाड़ियां नजर आती हैं। कोई भी पदाधिकारी इस पर कुछ भी कहने को तैयार नहीं हैं। एक ओर जहां बालू के अवैध उठाव से सरकार को करोड़ों रुपये का राजस्व का नुकसान हो रहा है तो दूसरी ओर पर्यावरण को भी नुकसान हो रहा है। खासकर हजारीबाग का बड़कागांव इलाका अवैध बालू के कारोबार के लिए पूरे क्षेत्र में जाना जा रहा है। जहां से बालू दूसरे जिले तक पहुंच रहा है, लेकिन अवैध बालू लदी गाड़ियों को ना को रोकने वाला है और ना ही कोई पूछने वाला है। कुछ यही स्थिति कोयला खनन की भी है। अवैध कोयला खनन का कारोबार भी हजारीबाग में खूब फल-फूल रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि सरकार और जिला प्रशासन ने इन खनन माफियाओं को संरक्षण दिया है। इस कारण खनन माफियाओं पर कोई कार्रवाई नहीं होती है। इस संबंध में हजारीबाग पहुंची केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने भी कहा कि यह बेहद संवेदनशील मामला है। एक ओर जहां युवा नशे की गिरफ्त में हैं तो दूसरी ओर अवैध खनन भी हजारीबाग समेत पूरे झारखंड भर में हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस मामले में राज्य सरकार संवेदनशील नहीं है। सरकारी राजस्व का नुकसान हो रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कहीं ना कहीं सरकार की इच्छा शक्ति ही नहीं है कि वह अवैध कारोबार को रोके। यही कारण है कि अवैध बालू, कोयला, लॉटरी और नशीले पदार्थों का जमकर कारोबार हो रहा है।

## महाविष्णु यज्ञ में भक्ति में डूबे श्रद्धालु

**देवघर।** सारठ के चितरा कोलियरी स्थित दुखिया बाबा मंदिर प्रांगण में आयोजित नौ दिवसीय श्री श्री 1008 महाविष्णु यज्ञ के चौथे दिन पूरा चितरा क्षेत्र भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर रहा। तड़के सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर पहुंचे और पूजा-अर्चना कर सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर स्थित विभिन्न देवी-देवताओं के मंदिरों में दर्शन-पूजन करने के बाद यज्ञशाला की परिक्रमा की तथा धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। यज्ञशाला में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञाचार्य संजय मिश्रा, सुनील वल्लभ झा, राघवेंद्र मिश्रा, नारायण पलिवार, रवि मठपती, गणपति खवारे, मानिक बलियासे, पिंकू मिश्रा, राजेश नरौने, सोनू मठपती, मोहनलाल नरौने, प्रकाश परिहार एवं गिरधारी बाबा सहित अन्य विद्वान पंडितों के जरिये मुख्य यजमान नित्यानंद राय एवं उनकी धर्मपत्नी के हाथों हवन एवं पूजन संपन्न कराया गया ।

### बढ़ती महंगाई और कम किराये से परेशान हैं वाहन चालक

# टैक्सी चालकों ने ओला, उबर और रैपिडो के खिलाफ जताई नाराजगी

**नवीन मेल संवाददाता**



**पूर्वी सिंहभूम)।** बढ़ती महंगाई, ईंधन की लगातार बढ़ती कीमतों और घटती आमदनी से परेशान जमशेदपुर के टैक्सी चालकों ने रविवार को कैब सेवा संचालित करने वाली कंपनियों ओला, उबर और रैपिडो की नीतियों के खिलाफ नाराजगी व्यक्त की। चालकों का कहना है कि मौजूदा किराया व्यवस्था में काम करना उनके लिए आर्थिक रूप से घाटे का सौदा बनता जा रहा है, जिससे परिवार का भरण-पोषण करना भी कठिन हो गया है। टैक्सी चालकों का आरोप है कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार वृद्धि के बावजूद कंपनियों ने बेस किराये में कोई बढ़ोतरी नहीं की है। उनका कहना है कि वर्तमान किराया दरों पर मिलने वाली आय का बड़ा हिस्सा वाहन की ईएमआई, रखरखाव, मरम्मत और ईंधन पर खर्च हो जाता है। इसके बाद उनके पास बहुत कम राशि बचती है, जिससे दैनिक जरूरतों को पूरा करना मुश्किल हो रहा है। चालक रमेश सिंह, भोला और टोपनो पूर्ति सहित कई ड्राइवरों ने कहा कि कंपनियों को मौजूदा आर्थिक परिस्थितियों को देखते हुए बेस चार्ज और प्रति किलोमीटर किराये की दरों की समीक्षा करनी चाहिए। उनका कहना है कि यदि समय रहते किराये में संशोधन नहीं किया गया तो हजारों चालकों के सामने आर्थिक संकट और गहरा सकता है। ड्राइवरों ने कंपनियों की हेल्पलाइन और कस्टमर केयर सेवाओं की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। उनका आरोप है कि दुर्घटना, यात्री विवाद, भुगतान संबंधी समस्या या अन्य आपात स्थितियों में सहायता के लिए संपर्क करने पर अपेक्षित सहयोग नहीं मिलता। कई बार शिकायतों के समाधान में काफी देरी होती है, जिससे चालकों को अतिरिक्त परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## झाड़ियों से युवक का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस



**पूर्वी सिंहभूम।** शहर के उलीडीह ओपी क्षेत्र के आदिवासी क्लब के समीप झाड़ियों से रविवार सुबह एक युवक का शव पुलिस ने बरामद किया है। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत और चर्चा का माहौल है। मृतक की पहचान शकोंसाई रोड नंबर-2 निवासी 24 वर्षीय विकास सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में विकास के सिर पर किसी धारदार हथियार से किए गए कई गहरे वार के निशान पाए गए हैं। पुलिस को आशंका है कि हत्या कहीं और करने के बाद शव को झाड़ियों में फेंका गया है। परिजनों ने बताया कि विकास सिंह शनिवार देर रात अपने भगिने से मिलने उलीडीह क्षेत्र गया था। मुलाकात के बाद वह घर लौटने के लिए निकला, लेकिन रात काफी बीत जाने के बाद भी घर नहीं पहुंचा। परिवार के सदस्यों ने उससे लगातार संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन उसका मोबाइल फोन बंद मिला। इसके बाद परिजन पूरी रात उसकी तलाश में जुटे रहे, मगर उसका कोई सुराग नहीं मिला। रविवार सुबह उलीडीह की एक युवती ने परिजनों को फोन कर बताया कि आदिवासी क्लब के पास झाड़ियों में एक युवक का शव पड़ा हुआ है।

## पाकुड़ पुलिस ने 48 घंटा में हत्याकांड का किया उद्भेदन



**पाकुड़।** पाकुड़ जिलान्तर्गत दिनांक-28 ।05 ।2026 को लिट्टीपाड़ा थाना (सिमलौंग ओ0पी0) क्षेत्रान्तर्गत ग्राम-बड़ा चटकम स्थित जंगल में एक मृतक का शव पडे.होने की सूचना प्राप्त हुई। उक्त सूचना के आधार पर लिट्टीपाड़ा थाना (सिमलौंग ओ0पी0) काण्ड संख्या-27/2026, दिनांक-28 ।05 ।2026 धारा-103(1)/238/3(5) भान्यासं-2023 के तहत दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को देखते हुये काण्ड के उद्भेदन के लिए अनुदीप सिंह भापुसे, पुलिस अधीक्षक, पाकुड़ के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पाकुड़ के नेतृत्व में एक विशेष अनुसंधान दल (SIT)का गठन किया गया। उक्त गठित विशेष अनुसंधान दल (SIT)त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुंचे, जहॉ शव सड़ा-गला अवस्था में पाया गया। अनुसंधान के क्रम में उक्त शव का पहचान सुनील पहाड़िया उम्र करीब 35 वर्ष, पिता-चमरा पहाड़िया, ग्राम-राजाभीठा, थाना-सुन्दरपहाड़ी, जिला-गोड्डा के रूप में किया गया। तत्पश्चात गठित टीम द्वारा मानवीय/तकनीकी आसूचना संकलन कर हत्या के अपराधकर्मी के गिरफ्तारी हेतु लगातार छापेमारी अभियान चलाया गया। गठित टीम द्वारा मानवीय, तकनीकी एवं आधुनिक वैज्ञानिक साक्ष्य के आधार पर छापेमारी कर महज 48 घंटे के अंदर हत्या की घटना में संलिप्त कुल-02 अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया गया।

## समाज सेवा का उद्देश्य जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना : डॉ विजय

**देवघर।** भारत विकास परिषद की बैद्यनाथ धाम शाखा और देवघर शाखा के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को बाजला चौक स्थित परिषद कार्यालय प्रकोष्ठ में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य संगठन की आगामी कार्ययोजनाओं को गति देना, सेवा गतिविधियों को अधिक प्रभावी बनाना और दोनों शाखाओं के बीच समन्वय को मजबूत करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रख्यात शिक्षक, लेखक एवं समाजसेवी डॉ विजय शंकर उपस्थित रहे। वहीं भारत विकास परिषद के पूर्वी क्षेत्रीय संयोजक (संपर्क) प्रो अरविंद कुमार झा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बैद्यनाथ धाम शाखा के अध्यक्ष संतोष शर्मा ने की। अपने संबोधन में डॉ विजय शंकर ने कहा कि समाज सेवा का वास्तविक उद्देश्य केवल सहायता करना नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना है।

### बोकारो में गर्भवती महिला की पीट पीटकर हत्या का मामला

# छापेमारी के दौरान पुलिस ने 6 आरोपियों को किया गिरफ्तार

● ढुल्लू महतो और डुमरी विधायक जयराम महतो भी आंदोलनकारियों के समर्थन में देर रात तक सड़क पर डटे रहे



**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** बेरमो थाना क्षेत्र अंतर्गत पांच नंबर धौड़ा में 29 मई की रात हुई आपसी विवाद की घटना में महिला अनीता देवी उर्फ अनु की हत्या के मामले में पुलिस ने छापेमारी के दौरा छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, विगत 29 मई की रात करीब 9 बजे पांच नंबर धौड़ा में आपसी विवाद को लेकर मारपीट हुई। इस दौरान अनीता देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतका के पति के आवेदन पर बेरमो थाना में कांड संख्या 63/26 दर्ज किया गया।

**पुलिस की त्वरित कार्रवाई**

बेरमो पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल छापेमारी अभियान चलाया। नामजद सभी छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में बबलू भूईयां, सुरेंद्र भूईयां, वीरेंद्र कुमार भारती, राहुल दिगार, धीरेंद्र भूईयां, राजेश कुमार शामिल हैं। आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

**क्षेत्र में हाई वोल्टेज ड्रामा**

महिला की हत्या की खबर फैलते ही बेरमो कोयलांचल क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त हो गया। परिजनों और स्थानीय लोगों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क पर प्रदर्शन किया। धनबाद के भाजपा सांसद ढुल्लू महतो और डुमरी विधायक जयराम महतो भी आंदोलनकारियों के समर्थन में देर रात तक सड़क पर डटे रहे।

**डीएसपी का बयान**

बेरमो डीएसपी रविंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस की सघन छापेमारी में सभी नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मामले की जांच जारी है और घटना से जुड़े सभी पहलुओं की गहनता से पड़ताल की जा रही है। पुलिस की कार्रवाई के बाद क्षेत्र में तनाव कम हो गया है और स्थिति सामान्य होने लगी है। स्थानीय लोगों में महिला की मौत को लेकर काफी आक्रोश था, जिसके बाद आंदोलन भी देखा गया।

## बोकारो में लगी भीषण आग, दो लोग गंभीर रूप से झुलसे



**बोकारो।** जिले के एलएच कॉलोनी स्थित एक घर में भीषण आग लग गई। इस घटना में दो लोग बुरी तरह झुलस गए। दोनों को बोकारो जनरल अस्पताल ले जाया गया, जहां बर्न यूनिट में शिफ्ट कर दिया गया है। इसमें से एक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। यह घटना शनिवार को बोकारो के बीएसएल के एलएच कॉलोनी की स्ट्रीट 15 के मकान नंबर 6 में हुई। बताया जा रहा है कि घर में मिट्टी तेल का एक ड्रम रखा हुआ था। वहां पहले आग लगी, फिर तेजी से फैलते हुए पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें देखकर आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने की कोशिश की। वहीं, सूचना पाकर एक दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि इस हादसे में घर का मालिक भाना झा और महबूब आलम बुरी तरह झुलस गए। दोनों को बोकारो जनरल अस्पताल में इलाज चल रहा है। जहां भाना झा की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। सिटी थाना प्रभारी सुदामा दास ने कहा कि केरोसिन तेल के ड्रम में आग लगने के कारण पूरे घर में आग लग गई। इस मामले में दो लोग बुरी तरह झुलस गए। थाना प्रभारी ने बताया कि तेल गोदाम अवैध था या कुछ और, पूरे मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही पूरा मामला साफ हो पाएगा।

## मंडा पूजा महोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुए सन्नी टोप्पो



**बिजूपाड़ा।** चामा पंचायत अंतर्गत रामदगा गांव में मंडा पूजा समिति के तत्वावधान में शनिवार को पारंपरिक आस्था, श्रद्धा और सांस्कृतिक उत्साह के साथ फूलकुंदी सह भव्य नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चामा पंचायत सहित आसपास के दर्जनों गांवों से हजारों श्रद्धालु एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण फूलकुंदी अनुष्ठान रहा, जिसमें भगवान शिव के प्रति अटूट आस्था रखने वाले उपवासधारी भोक्ताओं ने दहकते अंगारों पर चलकर अपनी श्रद्धा और विश्वास का परिचय दिया। इस दौरान पूरा मेला परिसर "हर-हर महादेव" और "जय शिव" के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने इस अलौकिक दृश्य को भक्तिभाव से देखा और भगवान शिव से सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद आयोजित भव्य नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर मंडा पूजा समिति एवं ग्रामीणों ने उनका पारंपरिक तरीके से भव्य स्वागत करते हुए पगड़ी और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। सभा को संबोधित करते हुए सन्नी टोप्पो ने मंडा पर्व को जनजातीय और सनातन संस्कृति के समन्वय का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह पर्व त्याग, तपस्या और आस्था का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि दहकते अंगारों पर भोक्ताओं का चलना भगवान भोलेनाथ के प्रति अटूट विश्वास का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने क्षेत्रवासियों को मंडा पूजा की शुभकामनाएं देते हुए पंचायत क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि झारखंड की संस्कृति और परंपराएं हमारी पहचान हैं और इन्हें संरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में भाईचारा, एकता और सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं। उन्होंने युवाओं से शिक्षा, खेल और सामाजिक नेतृत्व के क्षेत्र में आगे बढ़कर क्षेत्र और राज्य का नाम रोशन करने का आह्वान किया।

## कार्मिक विभाग ने आयुक्त को पहाड़िया समुदाय को जनजाति प्रमाण पत्र जारी करने का दिया निर्देश

**देवघर।** कार्मिक विभाग के उपसचिव संजय कुमार रजक ने प्रमंडलीय आयुक्त को दुमका, गोड्डा और देवघर जिलों में विभिन्न टाइटल (उपनाम) धारण करने वाले आदिम जनजाति माल पहाड़िया समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) प्रमाण-पत्र जारी करने का निर्देश दिया है। पत्र लिखकर उन्होंने उल्लेख किया है कि विधायक प्रदीप यादव और राजद विधायक सुरेश पासवान, जो अनागत प्रश्न क्रियान्वयन समिति के सभापति हैं, की ओर से उठाए गए प्रश्न पर यह मामला संज्ञान में आया है। समिति ने संथाल परगना के गोड्डा, दुमका और देवघर जिलों में विभिन्न टाइटल एवं उपनाम धारण करने वाले माल पहाड़िया समुदाय के लोगों को जाति प्रमाण-पत्र जारी करने में आ रही कठिनाइयों की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया था। पत्र में विशेष रूप से कादर, लैया, लाया, नैया, निईया, पुजहर उपनामों वाले व्यक्तियों का उल्लेख करते हुए कहा गया है।

# जामाडोबा फायरिंग केस का खुलासा, दो आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

**नवीन मेल संवाददाता**



**धनबाद।** जिले के झरिया पुलिस अनुमंडल अंतर्गत जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के जामाडोबा डुमरी नंबर-2 में हुई गोलीबारी की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि घटना में इस्तेमाल की गई दो मोटरसाइकिलें भी बरामद की गई हैं। रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता में सिंदरी एसडीपीओ प्रकाश चंद महतो ने पूरे मामले की जानकारी दी। एसडीपीओ ने बताया कि 29 मई को डुमरी नंबर-2 निवासी 28 वर्षीय रिक्की सिंह को आपसी रंजिश के दौरान गोली मार दी गई थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। घटना के बाद घायल की पत्नी चंदा कौर के लिखित आवेदन पर जोड़ापोखर थाना में कांड संख्या 64/26 दर्ज किया गया। मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं और आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सिंदरी एसडीपीओ के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया। टीम ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया। जांच के क्रम में पुलिस ने नानक सिंह और आरिफ अंसारी को गिरफ्तार कर लिया। वहीं घटना में प्रयुक्त दोनों बजाज पल्सर 220 मोटरसाइकिलों को बोकारो स्टील रेलवे स्टेशन क्षेत्र से बरामद किया गया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अपने अन्य साथियों हर्ष सिंह और गौरव सिंह के साथ रिक्की सिंह के घर के समीप रखे रोपवे केबल को लेने पहुंचे थे। इसी दौरान रिक्की सिंह और उसके भाई विजय उर्फ दारा सिंह के साथ कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया। इसी क्रम में जामाडोबा पेट्रोल पंप के पास हर्ष सिंह ने रिक्की सिंह पर गोली चला दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

### नोटिस जारी | तोपचांची सीएचसी में एक्सपायरी दवाओं का खुलासा

# लापरवाही उजागर होने के बाद चार कर्मियों पर गिरी गाज

● जांच के दौरान अस्पताल के स्टोर में कई एक्सपायरी दवाएं पाई गईं

**नवीन मेल संवाददाता**




**धनबाद।** तोपचांची सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक्सपायरी दवाएं मिलने के मामले ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। डीएमएफटी टीम की जांच में दवा प्रबंधन और स्टोर संचालन में गंभीर लापरवाही उजागर होने के बाद प्रशासन हरकत में आया है। उप विकास आयुक्त के निर्देश पर चार स्वास्थ्यकर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी अस्पताल की व्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। तोपचांची के साहूबहियार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का हाल ही में डीएमएफटी टीम ने निरीक्षण किया था। जांच के दौरान अस्पताल के स्टोर में कई एक्सपायरी दवाएं पाई गईं। टीम ने इसे गंभीर प्रशासनिक चूक मानते हुए अपनी रिपोर्ट में संबंधित कर्मियों की जवाबदेही तय की। रिपोर्ट में स्टोर इंचार्ज, डेंटल मेडिकल ऑफिसर, फार्मेसी इंचार्ज और जीएनएम की भूमिका पर सवाल उठाए गए हैं। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद उप विकास आयुक्त के निर्देश पर सीएचसी प्रभारी डॉ। श्वेता गुंजन ने डेंटल एमओ डॉ। राज शेखर भट्टाचार्य, स्टोर इंचार्ज शेखर सुमन, जीएनएम सोनामुनी अड्डी और फार्मेसी इंचार्ज मो। तनवीर आलम को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। सभी से निर्धारित समय सीमा के भीतर स्पष्टीकरण देने को कहा गया है। मामले की जानकारी सिविल सर्जन सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी और उप विकास आयुक्त को भी भेज दी गई है। इधर, टुंडी विधायक प्रतिनिधि जगदीश चौधरी ने अस्पताल की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि सीएचसी में लंबे समय से लापरवाही की शिकायतें मिलती रही हैं। उनका आरोप है कि कई कर्मचारी वर्षों से एक ही जगह पदस्थापित हैं, जिससे कार्य संस्कृति और जवाबदेही दोनों प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर वे जिला प्रशासन से मुलाकात कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग करेंगे। एक्सपायरी दवाओं के मामले में फिलहाल चार स्वास्थ्यकर्मियों से जवाब मांगा गया है। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि स्पष्टीकरण मिलने के बाद प्रशासन दोष तय कर क्या कार्रवाई करता है और स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था में सुधार के लिए कौन से कदम उठाए जाते हैं।

## रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती प्रतिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**पूर्वी सिंहभूम।** सामाजिक संस्था अन्वेषा की ओर से रविवार को कविगुरु रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती के अवसर पर प्रतिक्षण रवींद्रनाथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर साहित्य, संगीत और संस्कृति के माध्यम से गुरुदेव को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभात फेरी से हुई। यह प्रभात फेरी सोनारी से आरंभ होकर कदमा और साकची के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए पुनः सोनारी पहुंचकर संपन्न हुई। प्रभात फेरी के दौरान प्रतिभागियों ने कविगुरु के विचारों और सांस्कृतिक विरासत का संदेश लोगों तक पहुंचाया। संस्था की संस्थापक सचिव अल्पना भट्टाचार्य ने बताया कि रवींद्रनाथ टैगोर का संथाल समुदाय और उनकी संस्कृति से विशेष जुड़ाव रहा था।

## जमशेदपुर में युवक की हत्या, झाड़ियों में मिला शव

**जमशेदपुर।** जिले के मानगो उलीडीह क्षेत्र में अज्ञात अपराधियों ने एक युवक की हत्या कर दी। युवक का शव एक क्लब के पास बरामद हुआ है। मामले में उलीडीह थाना प्रभारी ने बताया कि युवक के सर पर प्रहार के निशान हैं और अपराधियों का पता लगाया जा रहा है। झाड़ियों से बरामद हुआ शव : युवक का शव क्षेत्र में स्थित आदिवासी क्लब के पास झाड़ियों से बरामद हुआ है। शव मिलने की खबर से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग घटनास्थल पर जुट गए हैं। युवक के सर पर धारधार हथियार से हमला : सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंची और पूछताछ के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान शकोंसाई रोड नंबर 2 निवासी 24 वर्षीय विकास सिंह के रूप में हुई है। जांच के दौरान पाया गया कि मृतक के सर पर धारदार हथियार से प्रहार के निशान थे। जिससे हत्या की आशंका और गहरा गई है। परिजनों के मुताबिक, विकास शनिवार देर रात अपने भगिना से मिलने के लिए उलीडीह गया था। भगिना से मुलाकात के बाद वह घर लौटने के लिए निकला था लेकिन देर रात के बाद भी वापस नहीं पहुंचा। सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है पुलिस : परिवार के लोगों ने उसे कई बार फोन करने की कोशिश की लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। सुबह उलीडीह में रहने वाली एक युवती ने परिजनों को फोन कर झाड़ियों में एक युवक का शव पड़े होने की जानकारी दी। इधर पुलिस अपराधियों की पहचान के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालने में जुटी है।

**विचार प्रवाह** अनंत परमेश्वर के साथ की प्रेमलीला ही सर्वोच्च है। आपको कल्पना भी नहीं है कि जीवन कितना सुंदर हो सकता है। जब आप अचानक ईश्वर को सर्वत्र पाते हैं, जब वे आपको दर्शन देते हैं और आपसे बातें करते हैं और आपका मार्गदर्शन करते हैं, तब ईश्वरीय प्रेमलीला शुरु हो जाती है। - **स्वामी विवेकानंद जी**

राष्ट्रीय नवीन मेल

# नदी नालों पर बने घर दुकान टूटेंगे पर भविष्य में समस्या न हो

**इंडिया**



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

राजधानी रांची के कोने में पंचशील नगर के पास एनएच 75 पर पिछले बरसात में हजारों की भीड़ लाचार खड़ी हो जाती थी जिसमें मरीज ले जा रहा एंबुलेंस भी हुआ करता था। इसके विरुद्ध नवीन मेल के अभियान पर कैबिनेट से ऐसे नदी-नालों या जलस्त्रोतों के ऊपर अतिक्रमण पर कार्रवाई का निर्णय तथा मुख्यमंत्री,उपायुक्त रांची मंजुनाथ भजंत्री और नगर आयुक्त सुशांत गौरव ने संज्ञान लेकर और पंचशील के आसपास के 23 अवैध भवनों को अंतिम नोटिस दिया जाना ऐतिहासिक और प्रशंसा योग्य कदम है जिससे वे हजारों परिवारों को राहत मिलेगी जिनके घरों में वर्षों से पानी भर जाता था या रास्ते बंद हो जाते थे। राजनीति या पैसों के बलबूते नियम तोड़ने की होड़ के बीच रास्तों से लेकर नदी नालों तक के ऊपर घर या दुकान बनाने वाले अतिक्रमण से अधिक बड़ा अपराध करते हैं क्योंकि वे लाखों लोगों की परेशानी और भविष्य के लिए समस्याएं खड़ी करते हैं। राजधानी रांची के नदी नालों पर अतिक्रमण कर लोगों ने घर दुकानें बना लीं हैं। राजधानी रांची के हिन्दपीढ़ी इलाके में 2019 में पांच साल की बच्ची एक खुले नाले में गिर गई थी और उसका शव तीन किलोमीटर दूर श्मशान घाट के निकट स्वर्णरेखा नदी से बरामद हुआ था 2021 नें एक वृद्ध नाले में बह गए और 12 घंटे बाद भी शव का पता नहीं चला था। ऐसा ही ही मामला कांटाटोली के नाले के ऊपर रहने वालों के साथ हुआ था, हंगामा हुआ फिर लोग भूल गए। पिछले साल तक रातू रोड के पंचशील नगर और न्यू शाहदेवनगर में पानी भरा हुआ था। 2023 में रांची के तत्कालीन नगर निगम प्रशासक शशि रंजन ने कहा था कि बिल्डिंग बायलॉज के अनुसार नदी और नालों के 15 मीटर के दायरे में भवन या किसी प्रकार का निर्माण नहीं कराया जा सकता है। पर वस्तुस्थिति यह है कि अतिक्रमण और औद्योगीकरण से रांची में बहने वाली 12 से 14 सहायक छोटी नदियां या तो लुप्त हो गई हैं या अंतिम सांसें गिन रही हैं। कई नदियों के नाम तक लोग भूल गए है। वर्ष 2000 के पहले व बाद राज्य गठन के समय से ही तेजी से इन नदियों को अतिक्रमण व दूषित करके इसे विलुप्त कर दिया गया। इसमें हटिया क्षेत्र में नकटी नदी भी है। जिस पर बढ़ते शहरीकरण से इसका अस्तित्व समाप्त हो गया। ऐसी ही दूसरी डोढ़ नदी भी थी। जो इरगूटोली होकर बहती थी। अब यह सहायक नदी नाले में बदल दी गई है। इसके अलावा करमटोली से करम ढोढ़हा नामक की छोटी सी जलधारा बहा करती थी जो कोकर स्थित डिस्टिलरी तालाब तक आती थी। इसका भी स्त्रोत अब शहरीकरण व आबादी बढ़ने के कारण बंद हो गया है। इस तरह कई और सहायक नदियां हैं, जिनका आज कुछ पता नहीं है। दिनों-दिन अतिक्रमण के कारण बंशीधरनगर(पलामू) की लाइफलाइन कही जाने वाली बांकी नदी सिकुड़ती गई। पेयजल संकट के बाद सरकार, स्वयंसेवी संगठन व बुद्धिजीवी प्राकृतिक जल स्त्रोतों की पुनरुद्धार करने की बात दो वर्ष से कर रहे हैं। गुमला शहर के दोनों छोर से गुजरने वाली नदी धीरे-धीरे सिकुड़ती जा रही है। उत्तर में बस स्टैंड के नीचे से होकर और दक्षिण में काली मंदिर से होकर गुजरने वाली दोनों नदियों के किनारे की जमीन का अतिक्रमण कर भूमाफिया ने इन्हें नाले में बदल दिया है। इससे दुर्गंध आती है और हल्की बारिश होने पर लोगों के घरों में पानी प्रवेश कर जाता है। आवागमन बाधित हो जाता है। रांची की लाइफ-लाइन कही जाने वाली हरमू नदी का पानी कुछ दशक पहले एकदम साफ हुआ करता था और आसपास की बस्तियों के लोग इसका पानी पीते तक थे। नहाने-धोने, मवेशियों को पिलाने और खेतों की सिंचाई के लिए भी हरमू नदी के पानी काम आता था। आज इस का पानी गंदगी और प्रदूषण के कारण काला पड़ गया है। हाईकोर्ट की निगरानी में एक कमेटी ने क्षेत्र का दौरा किया, तो जानकारी मिली कि हरमू नदी के उद्गम स्थल से लेकर अंतिम छोर तक अतिक्रमण और अवैध कब्जा हुआ है। झारखंड की महत्वपूर्ण नदियों में से एक स्वर्णरेखा नदी अतिक्रमण का शिकार होती रही है। जो कभी 24.47 मीटर चौड़ी हुआ करती थी वह आज 05 मीटर तक रह गयी है। जुमार नदी जो कभी 30.4 मीटर चौड़ी हुआ करती थी वह भी आज 10 मीटर तक चौड़ी रह गयी है। वीआइपी इलाके में पोटपोटो नदी(कांके) जो कभी 32.37 मीटर चौड़ी हुआ करती थी,आज 07-08 मीटर चौड़ी रह गयी है। सिकुड़ती नदियां यह बताने को काफी है कि कैसे रांची नगर निगम और सरकारों ने इस की अनदेखी की। राजधानी बनने के बाद रांची में जमीन महंगी होती गयी और भू माफियाओं ने सरकारी बाबुओं के साथ मिलकर नदी किनारे की जमीन को भी नहीं छोड़ा। हर बरसात में इस पर चर्चा होती है फिर समाप्त हो जाती है।

# दोहरा के रूप में झारखंड- यूपी-बिहार में बेधड़क बिकता कैंसर का सामान

**आज की बात**



कृष्णमोहन सिंह

उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल क्षेत्र, विशेषकर जौनपुर व बिहार तथा झारखंड के कई जिलों में गहरे तक जड़ जमा चुके 'दोहरा' (चूने, सुपारी और कच्ची तंबाकू का घातक मिश्रण) के खाने से लोगों को गले व मुंह का कैंसर हो रहा है ,और उससे मर रहे हैं। इस मामले में और तथ्य जुटाने के लिए लखनऊ व दिल्ली संवाददाताओं ने जो डेटा खंगाला, निकाला वह खौफनाक सच उजागर करती है। स्वास्थ्य मंत्रालयों, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल और आईसीएमआर की राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री के आंकड़ों को खंगालने पर जो कड़वा सच सामने आया है, उसका विस्तृत ब्यौरा यह है-

**1. उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड में मौतों व कैंसर का आंकड़ा–**

तंबाकू और सड़े-गले सुपारी के इस धीमे जहर से हर साल हजारों घर तबाह हो रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार स्थिति भयावह है:

- **उत्तर प्रदेश :** इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च ( की रिपोर्ट के मुताबिक, **उत्तर प्रदेश में पुरुषों में होने वाले कुल कैंसर के मामलों में से 53% से अधिक मामले सीधे तंबाकू (चबाने वाले और धूम्रपान) से जुड़े हैं।** राज्य में हर साल तम्बाकू जनित कैंसर के कारण लगभग **1.1 लाख से अधिक लोगों की मौत** होती है, जिनमें से एक बड़ा हिस्सा केवल मुंह, जीभ और गले के कैंसर (ओरल कैविटी कैंसर) का है। वाराणसी (बीएचयू) और अन्य रीजनल सेंटर्स के ताजा आंकड़ों के अनुसार पिछले 6 सालों में मुंह के कैंसर के मरीजों की संख्या तीन गुना तक बढ़ गई है।
- **बिहार :** बिहार में तंबाकू चबाने (खैनी, गुटखा) की दर बेहद ऊंची है। ग्लोबल कैंसर ऑ जर्वेटरी के अनुमानों के विश्लेषण से पता चलता है कि बिहार में मुंह के कैंसर के मामले हर साल तेजी से बढ़ रहे हैं और वर्ष 2025-26 तक यह संख्या सालाना **14,500 नए मामलों** को पार कर चुकी है। यहाँ तंबाकू जनित रोगों से हर साल **80,000 से अधिक मौतें** होती हैं।
- **झारखंड :** झारखंड के आदिवासी और ग्रामीण इलाकों में भी गुटखा और खैनी का सेवन चरम पर है। यहाँ हर साल लगभग **35,000 से 40,000 लोग** तंबाकू जनित विभिन्न प्रकार के कैंसर और बीमारियों के कारण जान गंवाते हैं।

**पूरे भारत में सबसे ज्यादा मौतें कहां?** तोड़ों और जनसंख्या के लिहाज से **उत्तर प्रदेश** और **महाराष्ट्र** पूरे देश में मुंह व गले के कैंसर के सबसे बड़े 'हॉटस्पॉट' बने हुए हैं। मुंबई के हेड एंड नेक कैंसर इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, देश में होने वाली जटिल कैंसर सर्जरियों का **60% से अधिक बोझ** अकेले उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र से आता है। पूरे देश में तंबाकू के कारण हर साल **13.5 लाख से अधिक लोग** अपनी जान गंवाते हैं।

**2. आर्थिक और सामाजिक वर्गों के आधार पर प्रभाव (गरीब, मध्यम व अमीर)–**

कैंसर किसी का बैंक बैलेंस देखकर नहीं आता, लेकिन इसका सामाजिक ढांचा कुछ इस प्रकार बंटा हुआ है:

## इलाज गरीबों की पहुंच से दूर

| वर्ग | प्रभावित आबादी (%) | प्रभाव का स्वरूप |
|---|---|---|
| गरीब व श्रमिक वर्ग | ~60% - 65% | रिक्शा चालक, दिहाड़ी मजदूर और झुग्गी बस्तियों में रहने वाले लोग सबसे बड़े शिकार हैं। ₹20 से ₹50 की पुड़िया इनकी दैनिक लत है। जागरूकता की कमी और बेहद कम मजदूरी के कारण ये तीसरी या चौथी स्टेज पर अस्पताल पहुंचते हैं, जहाँ इलाज संभव नहीं हो पाता। इलाज के खर्च के कारण पूरा परिवार कर्ज के जाल में डूब जाता है। |
| मध्यम वर्ग | ~25% - 30% | छोटे व्यापारी, सरकारी कर्मचारी और युवा इस श्रेणी में आते हैं। काम के तनाव या संगति में शुरू हुई लत इन्हें कैंसर तक ले जाती है। प्राइवेट अस्पतालों में कीमोथेरेपी और सर्जरी के लाखों के खर्च के कारण इस वर्ग की पूरी जमा पूंजी और बच्चों की पढ़ाई का बजट खत्म हो जाता है। |
| उच्च वर्ग व धनी लोग | ~5% - 10% | ऐसा नहीं है कि अमीर लोग इससे अछूते हैं। जैसा कि आपकी स्टोरी में भी जिक्र है- बड़े नेता, रसूखदार और अधिकारी भी इसके चंगुल में हैं। हालांकि, इनके पास टाटा मेमोरियल (मुंबई) या विदेशों में इलाज कराने के वित्तीय साधन होते हैं, लेकिन शारीरिक तबाही और मौत का खतरा इनके लिए भी उतना ही बड़ा होता है। |

**3. सबसे ज्यादा प्रभावित जिले और शहर–**

देश के कुछ खास शहर और जिले इस नशे की वजह से '**कैंसर रेड जोन**' घोषित किए जा चुके हैं:

- **उत्तर प्रदेश के शीर्ष जिले : जौनपुर, प्रयागराज (इलाहाबाद), प्रतापगढ़ और वाराणसी।** जौनपुर और प्रतापगढ़ 'गीले दोहरा' के लिए बदनाम हैं, जबकि प्रयागराज में 'सूखा दोहरा' धड़ल्ले से बिकता है। वाराणसी का रीजनल कैंसर सेंटर पूर्वांचल के इन जिलों के लाखों मरीजों का बोझ उठा रहा है। इसके अलावा कानपुर को देश की 'गुटखा राजधानी' कहा जाता था, जहां आज भी मुंह के कैंसर की दर बहुत ऊंची है।
- **देश के अन्य शहर :** बिहार का **मुजफ्फरपुर, पटना, और गया;** झारखंड का **रांची और धनबाद;** तथा महाराष्ट्र के **पुणे, नागपुर और मुंबई के स्लम इलाके** मुंह के कैंसर के सबसे बड़े केंद्र बन चुके हैं।

**4. कानून होने के बाद भी बैन फेल क्यों है? सरकार क्या कर रही है?**

कहने को तो केंद्र सरकार के **COTPA (सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम)** और खाद्य सुरक्षा कानून (FSSAI) के तहत गुटखा और पान मसाले (जिसमें निकोटीन या तंबाकू मिला हो) के निर्माण और बिक्री पर पूरी तरह प्रतिबंध है। राज्य सरकारों ने भी इस पर कागजी बैन लगा रखा है। लेकिन यह बैन जमीन पर पूरी तरह फेल है, जिसके पीछे 3 बड़े कारण हैं:

**क) 'टू-सैशेट' का तगड़ा लूपहोल (कानूनी खामी)–**

सुप्रीम कोर्ट और सरकार ने उस उत्पाद को बैन किया है जिसमें सुपारी और तंबाकू एक साथ पैकेट में पैक हो। कंपनियों ने इसका तोड़ निकाल लिया। वे **पान मसाला (बिना तंबाकू वाली सुपारी)** अलग पैकेट में बेचते हैं और **जर्दा/कच्ची तंबाकू** अलग पैकेट में। कानूनन दोनों अलग-अलग खाद्य और कृषि उत्पाद हैं, इसलिए पुलिस इन्हें जब्त नहीं कर पाती। उपभोक्ता इन दोनों पुड़ियों को खरीदता है, हाथ पर मिलाता है और खा लेता है। जौनपुर का 'दोहरा' भी इसी तरह पुलिस की नाक के नीचे खुलेआम 'लोकल वेंडर्स' द्वारा कूटकर बेचा जाता है।

**ख) प्रशासनिक शिथिलता और भ्रष्टाचार –**

जैसा कि आपके लेख में खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि "सैंपल में हानिकारक तत्व नहीं मिलते"। वास्तविकता यह है कि यह पूरा कारोबार अब भूमिगत (Underground) और ब्लैक मार्केट के जरिए चलता है। करोड़ों रुपये के इस अवैध सिंडिकेट के कारण स्थानीय पुलिस और प्रशासन अक्सर आंखें मूंद लेते हैं। जब कोई बड़ी खबर छपती है, तो दिखावे के लिए कुछ दिन छापे पड़ते हैं, फिर सब कुछ सामान्य हो जाता है।

**ग) इलाज की बदहाली ("भगवान भरोसे") –**

ग्रामीण और जिला स्तर पर कैंसर के इलाज या शुरुआती स्क्रीनिंग (जांच) की कोई व्यवस्था नहीं है। जौनपुर जैसे जिलों में यदि किसी मरीज को शुरुआती लक्षण (जैसे मुंह का कम खुलना - OSF) दिखते हैं, तो वहां बायोप्सी या रेडियोथेरेपी की सुविधा ही नहीं है। मरीजों को मजबूरन लखनऊ (KGMU/SGPGIMS) या सीधे मुंबई (टाटा मेमोरियल) भागना पड़ता है। तब तक कैंसर आखिरी स्टेज में पहुंच जाता है।

**उपाय व आगे की राह–**

रकारों को यदि सच में मौतों को रोकना है, तो केवल गुटखा मिक्सिंग पर नहीं, बल्कि **खुली तंबाकू और खराब सुपारी की अवैध री-पैकेजिंग पर जिला स्तर पर पूरी तरह कठोर प्रतिबंध** लगाना होगा। साथ ही, जब तक गांव और कस्बों के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (PHCs) पर कैंसर की शुरुआती जांच (स्क्रीनिंग) और जागरूकता नहीं फैलेगी, तब तक प्रेमचंद मौर्य और रिजवान हैदर जैसे सैकड़ों युवा रोज़ इस 'दोहरा' नाम के देशी जहर की वेदी पर चढ़ते रहेंगे।

# लोकमाता देवी अहिल्याबाई शिवभक्ति की अद्भुत प्रेरणा

**अलग बात**



योगाचार्य महेश पाल

वर्ष द्वारा 26 में पूरे भारतवर्ष में लोकतंत्र देवी अहिल्याबाई जी की 301वी जयंती बड़े धूमधाम से मनाई जा रही है,भारतीय इतिहास में कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं जिनका जीवन केवल एक शासनकाल नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए आदर्श बन जाता है। ऐसे ही महान व्यक्तित्वों में से एक थीं लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर। योगाचार्य महेश पाल ने बताया कि उनका जीवन त्याग, सेवा, शिवभक्ति, न्याय और जनकल्याण का अद्भुत संगम था। आज जब समाज तनाव, अन्याय, भौतिकता और नैतिक पतन की चुनौतियों से जूझ रहा है, तब अहिल्याबाई का जीवन वर्तमान पीढ़ी के लिए एक प्रकाश स्तंभ के समान दिखाई देता है। अहिल्याबाई का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के चौंडी ग्राम में एक पाल बघेल धनगर (गाडरी) सामान्य परिवार में हुआ था। उनके पिता मानकोजी शिंदे एक साधारण किंतु धार्मिक और संस्कारवान व्यक्ति थे। बाल्यकाल से ही अहिल्याबाई में आध्यात्मिकता, सेवा और विनम्रता के गुण दिखाई देने लगे थे। उस समय समाज में महिलाओं की शिक्षा का प्रचलन बहुत कम था, फिर भी उनके पिता ने उन्हें धार्मिक और सामाजिक ज्ञान प्रदान किया। यही संस्कार आगे चलकर उनके महान व्यक्तित्व की नींव बने। कहा जाता है कि मालवा के शासक मल्हारराव होल्कर ने एक बार छोटी अहिल्या को मंदिर में भक्तिभाव से पूजा करते देखा और उनके संस्कारों से अत्यंत प्रभावित हुए। बाद में उनका विवाह खंडेराव होल्कर से हुआ।विवाह के बाद भी अहिल्याबाई ने राजसी जीवन के बीच अपने भीतर की सादगी, सेवा और शिवभक्ति को कभी समाप्त नहीं होने दिया। उनका जीवन अत्यंत संघर्षपूर्ण रहा। पति की मृत्यु, पुत्र की मृत्यु और परिवार के अनेक दुखों के बाद भी उन्होंने स्वयं को टूटने नहीं दिया। उन्होंने दुख को साधना में बदला, पीड़ा को सेवा में बदला और अपने जीवन को लोककल्याण के लिए समर्पित कर दिया। यही योग का वास्तविक स्वरूप है-परिस्थितियों से ऊपर उठकर आत्मबल और धैर्य को जागृत करना। अहिल्याबाई भगवान शिव की अनन्य उपासिका थीं। उनका संपूर्ण जीवन शिव तत्व से ओतप्रोत था। भगवान शिव केवल एक देवता नहीं बल्कि योग, ध्यान, वैराग्य, न्याय, संतुलन और चेतना के प्रतीक माने जाते हैं। अहिल्याबाई ने शिव के इन्हीं गुणों को अपने जीवन में उतारा। वे प्रतिदिन ध्यान, जप और पूजा करती थीं। उनका जीवन यह सिखाता है कि वास्तविक शक्ति बाहरी वैभव में नहीं बल्कि आंतरिक साधना में होती है। योग के दर्शन में कहा गया है कि जो व्यक्ति अपने मन, भावनाओं और कर्मों को संतुलित कर लेता है वही सच्चा योगी होता है। अहिल्याबाई का जीवन इसी योगमय चेतना का उदाहरण था। राजसत्ता के सर्वोच्च स्थान पर होते हुए भी उनमें अहंकार नहीं था। उन्होंने अपने राज्य को परिवार की तरह माना और प्रजा को अपने बच्चों की तरह संरक्षण दिया। उन्होंने पूरे भारत में मंदिरों, घाटों, धर्मशालाओं और तीर्थस्थलों का निर्माण कराया। काशी विश्वनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण, उज्जैन, सोमनाथ, गया, द्वारका, हरिद्वार, रामेश्वरम और अनेक तीर्थों का संरक्षण उनके लोककल्याणकारी दृष्टिकोण को दर्शाता है। उनके कार्य केवल धार्मिक नहीं थे बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने वाले थे। आज जब समाज में धर्म को केवल बाहरी आडंबर तक सीमित कर दिया गया है, तब अहिल्याबाई का जीवन हमें बताता है कि सच्चा धर्म सेवा, करुणा और न्याय में होता है। उन्होंने कभी सत्ता का उपयोग भय पैदा करने के लिए नहीं किया बल्कि समाज में विश्वास और सुरक्षा का वातावरण निर्मित किया। उनकी न्याय प्रणाली आज भी उदाहरण के रूप में याद की जाती है। कहा जाता है कि उनके दरबार में कोई भी व्यक्ति बिना भय के अपनी बात रख सकता था। वे निर्णय लेने से पहले दोनों पक्षों को ध्यानपूर्वक सुनती थीं। उनके लिए न्याय केवल कानून नहीं बल्कि धर्म था। वर्तमान समय में जब न्याय व्यवस्था में विलंब, भ्रष्टाचार और प्रभाव का संकट दिखाई देता है, तब अहिल्याबाई की न्यायप्रियता समाज के लिए प्रेरणा बन सकती है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

**आपकी बात**

## छात्रों में बढ़ती आत्महत्याओं ने देश को झकझोरा



मुकेश सिंह चौहान

देश में छात्रों के बीच बढ़ती आत्महत्या की घटनाओं ने एक भयावह सामाजिक संकट का रूप ले लिया है। हालिया रिपोर्ट के अनुसार पिछले चार वर्षों में छात्र आत्महत्या की दर 4.3 प्रतिशत से बढ़कर 14.48 प्रतिशत तक पहुंच गई है। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि अब औसतन हर 36 मिनट में एक छात्र अपनी जिंदगी समाप्त कर रहा है। यह सिर्फ आंकड़ा नहीं है यह हर 36 मिनट में टूटता एक सपना है, बिखरता एक परिवार है, और हारती हुई हमारी सामाजिक संवेदनाएं हैं। जिस उम्र में बच्चों की आंखों में भविष्य चमकना चाहिए, उस उम्र में उनके भीतर डर, अकेलापन, अवसाद और असफलता का बोझ बढ़ता जा रहा है। बच्चे अब किताबों से कम और दबावों से ज्यादा घिर गए हैं। प्रतिस्पर्धा इतनी कठोर हो चुकी है कि कई बच्चे खुद को "अंकों की मशीन" समझने लगे हैं। सबसे चिंता की बात यह है कि जो बच्चे बाहर से सामान्य दिखाई देते हैं, वे भीतर से चुपचाप टूट रहे होते हैं। उनकी मुस्कान के पीछे कई बार गहरी खामोशी छिपी होती है। सरकार ने भी इस स्थिति को गंभीर संकट माना है। केंद्रीय सूचना आयोग ने सभी शिक्षण संस्थानों में छात्र मानसिक स्वास्थ्य को लेकर हाई लेवल कमिटी गठित करने की सिफारिश की है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय रहते सामाजिक और भावनात्मक स्तर पर पहल नहीं की गई, तो आने वाले वर्षों में स्थिति और भयावह हो सकती है। "सिर्फ करियर नहीं, बच्चों का मन भी बचाना होगा" शिक्षाविदों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि आज बच्चों को सिर्फ अच्छी शिक्षा नहीं, बल्कि सकारात्मक वातावरण, संवाद, अपनापन और भावनात्मक सहारा चाहिए। बच्चों को यह भरोसा चाहिए कि-"असफल होने पर भी जिंदगी खत्म नहीं होती।" इसी सोच के साथ "खुशी क्लास" जैसे सकारात्मक प्रयासों की आवश्यकता महसूस की जा रही है। खुशी क्लास केवल पढ़ाई की बात नहीं करता, बल्कि बच्चों को मानसिक रूप से मजबूत बनाने, सकारात्मक सोच विकसित करने और जीवन के प्रति आशा जगाने का प्रयास करता है। इस पहल का उद्देश्य है-हर बच्चे तक यह संदेश पहुंचाना कि वह सिर्फ रिजल्ट नहीं, बल्कि एक अनमोल जीवन है।

राष्ट्रीय नवीन मेल
**धर्म-अध्यात्म**

## शांत और स्थिर रहें, द्रष्टा बने रहें




स्वामी चिन्मयानंद


हम आत्म-बल की मीनार पर चढ़े सुरक्षित हैं। वहाँ से हम नीचे भयंकर वन्य पशुओं का युद्ध देख रहे हैं। अपने हृदय को शान्त और स्थिर रखें और द्रष्टा बने रहें इस समय हम अपने मानसिक विकारों के तथा अपने बाह्य जगत् के 'साक्षी' हैं। साक्षी होकर हम तटस्थ किन्तु सावधान द्रष्टा हैं। हम अपने मानसिक उद्वेगों से न तादात्म्य रखते हैं और न उनसे प्रभावित होते हैं। उनसे तादात्म्य करने पर ही हम अपने भीतर उठ रहे तूफान में फंश कर पीड़ित होते हैं या बाह्य जगत की समस्याओं से हम प्रताड़ित होते हैं। मन की यह दशा अनासक्त भाव है। इस समय मन अपने आप में शान्त रहता है और अपने बाहर भीतर होने वाली उछल-कूद को तटस्थ रहकर देखता है। इसका फल यह होता है कि मन का विक्षेप-नृत्य स्वयं धीरे-धीरे शान्त हो जाता है। तब हम अपने को शान्त सरोवर में निमज्जित पाते हैं। यह ध्यान का प्रारम्भ है। यह सरल नहीं है। घटनाओं और विचारों का गड़गड़ाहट करता तूफान मन को कभी भी बहा ले जा सकता है। वह विचारों के भंवर जाल में फंस कर अपनी शान्ति खो देगा। हम अपने मन को जहां शान्त बनाकर रखते हैं वहां टिके रहने के लिए कोई सहारा चाहिए और यह सबसे उत्तम आश्रय प्रभु के चरण कमल हैं। मन्त्र जप करते रहने से मन को वह स्थिर आधार मिलता है जिस पर टिके रहकर वह परिवर्तित होते हुए विचारों में बिना लिप्त हुये उन्हें देखता रह सकता है। इस प्रकार प्रातःकाल या सांयकाल कम से कम दस मनिट नित्य हम सचेत रह कर अपने मन को विश्राम देने का अभ्यास करें। इससे मन की थकान मिटेगी और उसकी खोई शक्ति पुनः प्राप्त हो जायेगी। सजग विश्राम थके मन को सशक्त बनाता है। प्रभु के चरणों में बालक की भांति समर्पण भाव रखो। उस समय हम न पुत्र हैं, न पिता, न किसी समाज के सदस्य और न किसी राष्ट्र के नागरिक।

**–पुस्तक अवश्य करें से साभार**

**फेसबुक वॉल से**




**एक्स से**




# शरीर गलाते मौत के शौक से बिखर रहा अमूल्य जीवन

**देश की बात**



डॉ प्रितम भि गेडाम

हमें अपने आसपास आसानी से प्राप्त होने वाला जहर है तंबाकू, हम सभी इसके बारे में, इससे होनेवाली जानलेवा बीमारियां और खतरों के बारे में अच्छे से जागरूक हैं। टीवी, अखबार और सोशल मीडिया पर तंबाकू के प्रति जागरूकता विज्ञापन देखते रहते हैं। साधारणतः अनपढ़ से लेकर उच्च शिक्षित तक, हर वर्ग, हर उम्र के लोग इसके नुकसान के बारे में जानते है, परंतु गंभीरता नहीं दिखाते, यही सबसे बड़ी समस्या है हमारे समाज कीं। हमारे आखों के सामने छोटे-छोटे स्कूली बच्चे भी तंबाकू का सेवन करते नजर आते है, चौराहों पर संभ्रात घर की लड़कियां, नामी स्कूल की छात्र-छात्राएं भी सिगरेट फूंकते नजर आते है, गांवों-कस्बों में भी तंबाकू उपयोगकर्ताओं की संख्या बहुत ज्यादा हैं। तंबाकू, सिगरेट के पैकेट पर घातक चेतावनी लिखी होती है, पढ़ना और चेतावनी के जानलेवा बीमारी के चित्र को समझना सबको मालूम है, पर गंभीरता ही नहीं। इस साल 2026 विश्व तंबाकू निषेध दिवस की थीम "आकर्षण का पर्दाफाश-निकोटीन और तंबाकू की लत का मुकाबला" यह हैं। नशे के लिए लोगों ने मिथ्य तो ऐसे पाल रखे है कि, नशे के लिए ही इनका जीवन बना हो। कोई कहता है कि तंबाकू से उनका पाचन सुधरता है, कोई कहता है कि तंबाकू के सेवन से नींद अच्छी आती है, कोई कहता है कि तंबाकू खाने से काम में मन लगा रहता है ऐसा बोल-बोल कर तंबाकू खाने लग जाते है फिर इसे लत में तब्दील कर लेते है, धीरे-धीरे तंबाकू शरीर को खोखला करना शुरू कर देता है, फिर अवयवों को गलाता है और महंगे लाइलाज बीमारी के चौखट पर खड़ा कर देता हैं। हम पूरी दौलत खर्च करके भी मौत को जीवन में नहीं बदल सकते, फिर इस अनमोल जीवन को अपने नशे के शौक को पूरा करने के लिए क्यों घातक बीमारियों के हवाले करते हो? किशोरवयीन बच्चे, युवा पीढ़ी तो आधुनिकता का दम भरने, दिखावे के चक्कर में और अभिभावकों के नियंत्रण के अभाव में तंबाकू, सिगरेट, हुक्का फुंकने लगते हैं। इस आधुनिकता के भ्रमजाल में युवाओं के लत में बढ़ोतरी के लिए नवनवीन हुक्का पार्लर का साम्राज्य शहरों में खूब फलफूल रहा हैं। तंबाकू का सेवन विविध पद्धति से किया जाता है जैसे :- बीड़ी, सिगरेट, हाथ से बनी सिगरेट, पाइप, सिगार, हुक्का, वॉटर-पाइप, चुट्टा, धुमती और चिलम शामिल हैं। इसके अलावा तंबाकू वाला पान, खैनी, गुटखा और तंबाकू मिश्रित पानमसाला। मिश्री, गुल, बज्जर, गुड़ाखू आदि जैसे तंबाकू उत्पादों को दांतों और मसूड़ों पर लगाया जाता है और नसवार को सूंघा जाता हैं। हमारे भारत देश में हर दिन लगभग 3,500 मौतें तंबाकू इस्तेमाल की वजह से होती हैं। भारत में 15 साल और उससे ज्यादा उम्र के 26.7 करोड़ तंबाकू उपयोगकर्ता हैं। 2011 में 35 से 69 साल के लोगों के लिए तंबाकू इस्तेमाल का आर्थिक खर्च 1,04,500 करोड़ रुपए था। जब कोई व्यक्ति खुद धूम्रपान नहीं करता, परंतु किसी अन्य द्वारा किए जा रहे धूम्रपान के धुएं के संपर्क में आता है एवं उस धुएं को सांस के जरिये ऑक्सीजन के साथ शरीर में लेता है तब वह व्यक्ति सेकेंड हैंड धूम्रपान वाला व्यक्ति होता हैं। हम अक्सर अपने घरों या आसपास किसी को धूम्रपान करते हुए देखते है, जिसका धुंआ पुरे घर में फैल जाता है और घर के अन्य सदस्य भी उस धूम्रपान के धुएं के शिकार बन जाते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन अनुसार, तंबाकू उन आधे से ज़्यादा तंबाकू उपभोक्ताओं की जान ले लेता है जो इसे छोड़ते नहीं हैं। तंबाकू से हर साल 7 मिलियन से ज़्यादा लोगों की मौत होती है; इसमें लगभग 1.6 मिलियन लोग जान गवांते है, जो सेकंड-हैंड धूम्रपान के संपर्क में आते हैं। साथ ही तंबाकू से जुड़ी बीमारियों के कारण लोग विकलांग हो जाते हैं और लंबे समय तक दर्दभरी तकलीफ झेलते हैं। तंबाकू से हर साल 1.35 मिलियन से अधिक की असमय मौत जिसमे धूम्रपान और सेकेंड हैंड स्मोक से लगभग 1.2 मिलियन भारतीयों की मौत भी शामिल हैं। स्मोकलेस तंबाकू से होने वाले वैश्विक स्वास्थ्य बोझ का 70 प्रतिशत हिस्सा भारत में हैं। स्मोकलेस तंबाकू के इस्तेमाल से हर साल 2,30,000 से ज़्यादा भारतीयों की मौत होती हैं। भारत में मुंह के कैंसर के लगभग 90 प्रतिशत मामले स्मोकलेस तंबाकू के इस्तेमाल से होते हैं। जो लोग बीड़ी और सिगरेट पीते हैं, वे धूम्रपान न करने वाले लोगों की तुलना में 6 से 10 साल पहले मर जाते हैं। भारत में कैंसर के सभी मामलों में से 27 प्रतिशत तंबाकू के इस्तेमाल की वजह से होते हैं। कर्करोग, हृदय विकार, मधुमेह, फेफड़ों की पुरानी बीमारियां, स्ट्रोक, इनफर्टिलिटी, अंधापन, ट्यूबरकुलोसिस, मुंह की बीमारियां अन्य के लिए यह तंबाकू बेहद घातक घटक हैं। कर्करोगों के 50 फीसदी मामले पुरुषों में और 20 फीसदी महिलाओं में तंबाकू से होते हैं। तंबाकू से भारतीय अर्थव्यवस्था को हर साल लगभग 1773.4 बिलियन रुपये (अमेरिकी डॉलर 27.5 बिलियन) का नुकसान होता है, जो देश के सकल घरेलु उत्पाद का 1 प्रतिशत से ज्यादा हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आज का दोहा

एक वक्त जो आग थे, हुए अचानक राख।
गयी देखते देखते , उनकी स्वर्णिम साख।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/00155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', सह कार्यकारी संपादक : प्रवीण कुमार दूबे*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : समाचार - news.rnmail@gmail.com, लेख - article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# अभिषेक बनर्जी के बाद अब कल्याण बनर्जी पर हमला

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पश्चिम बंगाल के हुगली में तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कल्याण बनर्जी पर हमले की खबर सामने आई है। टीएमसी नेता का आरोप है कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन पर यह हमला किया है। उन्होंने दावा किया कि उनके सिर पर ड्यूज गेंद से वार किया गया। हमले के बाद टीएमसी नेता विरोध में सड़क पर ही लेट गए, जिसके बाद मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने उन्हें उठाया। इस घटना के बाद टीएमसी कार्यकर्ताओं ने भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जानकारी के मुताबिक, कल्याण बनर्जी हुगली के चंडीपुर इलाके में चुनाव के बाद हुई हिंसा को लेकर एक डेप्यूटेशन सौंपने जा रहे थे।

## अभिषेक बनर्जी हमला मामले में टीएमसी विधायक समेत 10 गिरफ्तार

**हुगली (हि.स.)।** पुलिस के काम में बाधा डालने और पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की करने के आरोप में चूंचुड़ा के पूर्व तृणमूल कांग्रेस विधायक असित मजूमदार समेत 10 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रविवार सुबह हुई कार्रवाई के बाद इलाके में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार को तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और डायमंड हार्बर के सांसद अभिषेक बनर्जी के साथ सोनारपुर में हुई कथित हमले की घटना के विरोध में हुगली के पिपुलपाती इलाके में तृणमूल कांग्रेस द्वारा पथावरोध कर विरोध प्रदर्शन किया गया था। इस आंदोलन का नेतृत्व चूंचुड़ा के पूर्व विधायक असित मजूमदार कर रहे थे।



## अभिषेक बनर्जी को नहीं आई कोई गंभीर चोट, यह सिर्फ एक नौटंकी है: गिरिराज

**पटना।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री और राजद नेता राबड़ी देवी द्वारा पटना के 10 सर्कुलर रोड स्थित सरकारी बंगला खाली न करने पर सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि कानून सबके लिए समान है। पत्रकारों से बात करते हुए कहा, "कानून सबके लिए एक बराबर होता है।

## बीजेपी सोच-समझकर कर रही अटैक : ममता



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी चेयरपर्सन ममता बनर्जी ने पार्टी सांसद कल्याण बनर्जी के घर जाकर उनसे मुलाकात की। यह मुलाकात हुगली के चंडीतला पुलिस स्टेशन के पास कल्याण बनर्जी पर हुए कथित हमले के बाद हुई। टी'एक्स' अकाउंट पर इस मुलाकात की एक तस्वीर भी शेयर की है। फोटो में ममता बनर्जी कुर्सी पर बैठी नजर आ रही हैं, जबकि कल्याण बनर्जी बिस्तर पर लेटे हुए हैं। इस मुलाकात से पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर भाजपा सरकार और उसके कार्यकर्ताओं पर तीखा हमला बोला। ममता बनर्जी ने लिखा, "कल, भाजपा समर्थकों ने टीएमसी के लोकसभा फ्लोर लीडर अभिषेक बनर्जी पर बेरहमी से हमला किया और उन्हें पीट-पीटकर घायल कर दिया।

इस हमले के डरावने वीडियो अब पब्लिक डोमेन में मौजूद हैं।"

## पाकिस्तान से विस्थापित 1645 परिवारों को भूमिधरी अधिकार पत्र देंगे सीएम योगी

**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शोषित-वंचित समुदाय तथा विस्थापितों को निरंतर भूमिधरी अधिकार पत्र मिल रहा है। ऐसे लोगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़कर नए भारत के नए उत्तर प्रदेश में सुरक्षा, सुविधा व सम्मान मिल रहा है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री सोमवार को बड़े पैमाने पर पाकिस्तान से विस्थापित परिवारों को भी उनका अधिकार दिलाएंगे। सीएम योगी आदित्यनाथ सोमवार को बिजनौर के आलमपुर गांवड़ी, अफजलगढ़, धामपुर में विकास की बड़ी योजनाओं से स्थानीय लोगों को जोड़ेंगे। वह पाकिस्तान से विस्थापित 1645 परिवारों तथा 50 पूर्व सैनिकों/लीजधारकों को भूमिधरी अधिकार पत्र देंगे।



सीए योगी यहां प्रधानमंत्री आवास योजना तथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के लाभार्थियों को आवंटन पत्र व चेक वितरित करेंगे। साथ ही कॉमन सर्विस सेंटर और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित विदुर प्रेरणा कैफे का उद्घाटन भी करेंगे। बता दें कि इससे पहले मुख्यमंत्री ने अप्रैल में लखीमपुर खीरी में भी बांग्लादेश से विस्थापित 331 परिवारों को भूमिधरी अधिकार पत्र वितरित किया था।

### जम्मू-कश्मीर में 240 मेगावाट जलविद्युत के निर्माण का रास्ता साफ

# आंतकवाद प्रभावित उरी में जलविद्युत परियोजना की ऐतिहासिक शुरुआत

**एजेंसी। श्रीनगर**

एनएचपीसी के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक भूपेंद्र गुप्ता ने रविवार को जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के उरी क्षेत्र में 240 मेगावाट की उरी-प्रथम चरण-द्वितीय जलविद्युत परियोजना के निर्माण के लिए पहला विस्फोट सफलतापूर्वक संपन्न किया।

एनएचपीसी के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक भूपेंद्र गुप्ता द्वारा रविवार को 240 मेगावाट की उरी-प्रथम चरण-द्वितीय जलविद्युत परियोजना के लिए पहले विस्फोट के सफल संचालन के साथ जम्मू-कश्मीर के विद्युत क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की गई, जिससे प्रमुख निर्माण गतिविधियों का औपचारिक प्रारंभ हुआ।

इस विकास को क्षेत्र के ऊर्जा अवसंरचना के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि परियोजना से विद्युत उत्पादन क्षमता में वृद्धि होने और दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा में योगदान मिलने की उम्मीद है। परियोजना से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि सफल पहले विस्फोट से उरी-प्रथम चरण-द्वितीय जलविद्युत परियोजना के तहत प्रमुख निर्माण कार्य की शुरुआत का संकेत मिलता है। इस जलविद्युत परियोजना से बिजली उत्पादन में वृद्धि और ऊर्जा की उपलब्धता में सुधार होने की उम्मीद है, खासकर तब जब जम्मू और कश्मीर अपने विद्युत अवसंरचना के विस्तार के प्रयासों को जारी रखे हुए है। यह परियोजना जलविद्युत क्षमता का दोहन करने और बाहरी बिजली आपूर्ति स्रोतों पर निर्भरता कम करने के व्यापक प्रयासों का हिस्सा है। अधिकारियों ने कहा कि निर्माण कार्य शुरू होना परियोजना के कार्यान्वयन में एक महत्वपूर्ण चरण है। 240 मेगावाट की यह परियोजना उत्पादन क्षमता बढ़ाने और क्षेत्र की भविष्य की बिजली आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। एनएचपीसी पहले से ही जम्मू और कश्मीर में 2,250 मेगावाट की कुल स्थापित क्षमता वाली छह प्रमुख जलविद्युत परियोजनाओं का संचालन कर रही है। इनमें रियासी जिले में सलाल एचईपी (690 मेगावाट), बारामूला जिले में उरी-प्रथम एचईपी (480 मेगावाट), बारामूला जिले में उरी-द्वितीय एचईपी (240 मेगावाट), किश्तवाड़ जिले में दुलहस्ती एचईपी (390 मेगावाट), बांदीपोरा जिले में किशनगंगा एचईपी (330 मेगा वॉट) और कठुआ जिले में सेवा-द्वितीय एचईपी (120 मेगा वॉट) शामिल हैं।



### बड़े निवेश कार्यक्रम को मंजूरी दी है

एनएचपीसी जम्मू और कश्मीर में कई बड़े पैमाने की परियोजनाओं को क्रियान्वित कर रही है, जिनमें से अधिकांश संयुक्त उद्यमों जैसे चेनाब वैली पावर प्रोजेक्ट्स लिमिटेड (सीवीपीपीएल) और रैटल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आरएचपीसीएल) के माध्यम से संचालित की जा रही हैं। इनमें किश्तवाड़ जिले में मरुसुदार नदी पर स्थित पाकल दुल परियोजना (1,000 मेगावाट), किश्तवाड़ जिले में चेनाब नदी पर स्थित रैटल परियोजना (850 मेगावाट), किश्तवाड़ जिले में चेनाब नदी पर स्थित किरू परियोजना (624 मेगावाट) और किश्तवाड़ जिले में चेनाब नदी पर स्थित क्वार परियोजना (540 मेगावाट) शामिल हैं।

### चार राज्यों में एसआईआर हुई शुरू

## साढ़े तीन सौ करोड़ से अधिक मतदाता शामिल होने की आशंका

**एजेंसी। नई दिल्ली**

चुनाव आयोग ने ओडिशा, मिजोरम, सिक्किम और मणिपुर में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तीसरे चरण के तहत मतदाताओं का सर्वेक्षण और सत्यापन प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस चरण में 3.68 करोड़ से अधिक मतदाताओं का सत्यापन किया जाएगा। आयोग ने कहा कि पात्र लोगों को मतदाता सूची में शामिल करने और अपात्र व्यक्तियों को बाहर रखने के उद्देश्य से यह प्रक्रिया शुरू की गई है।

चुनाव आयोग ने बताया कि संविधान के अनुच्छेद 324 और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 21 के तहत 14 मई 2026 को 16 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में विशेष गहन पुनरीक्षण का आदेश जारी किया गया था। इसके तहत ओडिशा, मिजोरम, सिक्किम और मणिपुर में 30 मई से मतदाताओं का सर्वेक्षण और सत्यापन चरण शुरू हो गया है। जिन मतदाताओं के प्रगणना फॉर्म 28 जून तक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) को प्राप्त हो जाएंगे, उनके नाम प्रारूप मतदाता सूची में शामिल किए जाएंगे।



आयोग के अनुसार, बूथ स्तर अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर मौजूदा मतदाताओं को प्रगणना फॉर्म उपलब्ध कराएंगे। मतदाता भरे हुए फॉर्म बीएलओ के माध्यम से अथवा ऑनलाइन जमा कर सकेंगे। जो मतदाता निर्धारित समय तक फॉर्म जमा नहीं कर पाएंगे, वे दावे और आपत्तियों की अवधि के दौरान घोषणा पत्र के साथ फॉर्म-6 भरकर आवेदन कर सकेंगे।

नए मतदाताओं के पंजीकरण को आसान बनाने के लिए बीएलओ अपने साथ फॉर्म-6 और घोषणा पत्र भी रखेंगे। आयोग ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बूथ स्तर एजेंटों (बीएलए) को भी अधिक सक्रिय भूमिका देते हुए प्रतिदिन 50 तक फॉर्म एकत्र कर बीएलओ को सौंपने की अनुमति दी है।

## दृष्टिपात

### बंगाल से रोजाना पांच से 10 हजार घुसपैठिए वापस बांग्लादेशी जा रहे

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में अवैध बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ अब तक का सबसे व्यापक अभियान चल रहा है और इसके नतीजे जमीन पर साफ दिखाई देने लगे हैं। राज्यभर में संदिग्ध बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान, सत्यापन और वापसी की प्रक्रिया को तेज करते हुए होल्डिंग सेंटरों की संख्या महज एक सप्ताह के भीतर बढ़कर 11 हो गई है। इन केंद्रों में फिलहाल साढ़े तीन सौ से ज्यादा बांग्लादेशी नागरिक रखे गए हैं, जिनमें सबसे अधिक संख्या उत्तर 24 परगना के बसीरहाट क्षेत्र में है। इसके साथ ही सीमावर्ती क्षेत्रों में घुसपैठियों की ओर से बना लिये गये अवैध ढांचों पर बुलडोजर की कार्रवाई भी लगातार चल रही है। यह अभियान राष्ट्रीय सुरक्षा और जनसांख्यिक संतुलन की रक्षा का एक निर्णायक कदम माना जा रहा है। विशेष रूप से बसीरहाट, बनगांव, मालदा, मुर्शिदाबाद और नदिया जैसे सीमावर्ती जिलों में निगरानी और पहचान अभियान को अभूतपूर्व स्तर पर पहुंचा दिया गया है। बसीरहाट उपमंडल के टेटुलिया, चारघाट और मेडिया में हाल ही में शुरू हुए नए केंद्रों में सैकड़ों संदिग्ध घुसपैठियों को रखा गया है। जांच में यह भी सामने आया है कि अनेक घुसपैठियों ने रिश्वत देकर पहचान पत्र, आधार और मतदाता पहचान पत्र जैसे दस्तावेज हासिल कर लिए थे।

### क्यों सादगी से होगा डीके शिवकुमार का शपथ ग्रहण समारोह?

**नई दिल्ली।** डीके शिवकुमार 3 जून को दोपहर 3.30 बजे राजभवन के ग्लास हाउस में कर्नाटक के नए मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेंगे। पार्टी नेताओं ने बताया कि यह तारीख और समय डीके शिवकुमार के निजी ज्योतिषी बेलूर द्वारकानाथ से सलाह-मशविरा करने के बाद तय किया गया है। ज्योतिष में गहरी आस्था रखने वाले डीके शिवकुमार को सलाह दी गई थी कि वे उस दिन शाम करीब 4.05 बजे शुरू होने वाले शुभ मुहूर्त में शपथ लें। इस समय को चुनने की एक वजह यह भी है कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और एआईसीसी की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा भी आसानी से इस कार्यक्रम में शामिल हो सकें। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, राज्य में नेतृत्व बदलाव की बातचीत के आखिरी दौर में प्रियंका गांधी ने बहुत अहम भूमिका निभाई है। इस मौके की बड़ी राजनीतिक अहमियत होने के बावजूद कांग्रेस ने कोई भव्य या बड़ा आयोजन न करने का फैसला किया है। राज्य कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जीसी चंद्रशेखर ने बताया, "हमने पहले इस कार्यक्रम को विधान सौध की भव्य सीढ़ियों पर करने का सोचा था, जिसमें 15,000 से 20,000 लोग आते।



### नकली सरकारी आदेश और झूठे आधिकारिक रिकॉर्ड बनाने वाले हजार करोड़ के जमीन घोटलेबाज गिरफ्तार

**हैदराबाद।** तेलंगाना में साइबराबाद पुलिस ने नकली सरकारी आदेश और झूठे आधिकारिक रिकॉर्ड बनाकर कीमती सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने की साजिश से जुड़े मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को वेलाडी राधाकृष्ण और उनके ड्राइवर ग्यारा प्रवीण कुमार की गिरफ्तारी की घोषणा की, जिन्हें आरोपी नंबर 9 और 10 बताया गया है। पुलिस ने 29 मई को तीन लोगों की गिरफ्तारी के साथ 1000 करोड़ रुपए के जमीन घोटाले का भंडाफोड़ करने का दावा किया। यह मामला गंडीपेट में लगभग 1,500 करोड़ रुपए की 10 एकड़ सरकारी जमीन को गैर-कानूनी तरीके से बेचने के लिए नकली सरकारी आदेश और झूठे सरकारी रिकॉर्ड बनाने से जुड़ा है। रंगरेड्डी जिले के गंडीपेट मंडल के तहसीलदार श्रीनिवास रेड्डी की शिकायत पर 23 मई को नरसिंगी पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया था। आंध्र प्रदेश से वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधायक बोल्ला ब्रह्म नायडू, इस मामले के पांच अन्य आरोपियों में से एक हैं जो फरार है। डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस सीएच श्रीनिवास ने रविवार को मीडिया को बताया कि राधाकृष्ण 2006 से 2009 तक आंध्र प्रदेश सेक्रेटेरिएट में इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी और कम्युनिकेशन डिपार्टमेंट में आउटसोर्सिंग एम्प्लॉई के तौर पर काम करता था।

### मौसम साफ होते ही फिर शुरू हुई केदारनाथ यात्रा, प्रशासन अलर्ट

**रुद्रप्रयाग।** उत्तराखंड में भारी बारिश के कारण कुछ समय के लिए रोकी गई केदारनाथ यात्रा रविवार को फिर से शुरू हो गई। जैसे ही मौसम साफ हुआ और बारिश रुकने के बाद केदारनाथ ट्रैकिंग मार्ग पर कामकाज फिर से शुरू हुआ, तीर्थयात्रियों की आवाजाही भी शुरू हो गई। हालांकि, अगर दिन में बाद में मौसम फिर से खराब होता है, तो तीर्थयात्रियों को हालात सुधरने तक पास की सुरक्षित जगहों पर ठहराया जाएगा। इससे पहले दिन में मौसम विभाग द्वारा भारी बारिश के बीच 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किए जाने के बाद केदारनाथ यात्रा को कुछ समय के लिए रोक दिया गया था। रुद्रप्रयाग के जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) विशाल मिश्रा ने पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि इस इलाके में रातभर बारिश हुई। हमें मौसम विभाग से जानकारी मिली है कि आज 'ऑरेंज अलर्ट' जारी रहेगा और मौजूदा मौसम के हालात को देखते हुए सोमवार के लिए 'येलो अलर्ट' घोषित किया गया है।उन्होंने कहा कि हमने उन लोगों से अनुरोध किया है जो अभी तीर्थस्थलों की ओर जा रहे हैं, वे पास के 'होल्डिंग एरिया' (ठहरने की जगह) और सुरक्षित स्थानों पर शरण लें। हमारी टीमें कंट्रोल रूम से और मौके पर जाकर भी हालात पर नजर रख रही हैं। हमारी पूरी कोशिश यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी तीर्थयात्री को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### स्वामीनाथन बने नए नौसेना प्रमुख, कहा-

## चुनौतियों के बीच नौसेना को तैयार रखना पहली प्राथमिकता

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने रविवार को देश के 27वें नौसेना प्रमुख के रूप में अपना पदभार संभाल लिया है। कमान संभालते ही उन्होंने साफ किया कि सुरक्षा के इस चुनौतीपूर्ण माहौल में नौसेना को पूरी तरह से तैयार रखना और नई तकनीक को अपनाना उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता होगी। उन्होंने इस जिम्मेदारी के लिए देश के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया और इसे अपने करियर का सबसे बड़ा सम्मान बताया। मीडिया से बात करते हुए नए नौसेना प्रमुख ने कहा, "मैं आज बहुत ही जिम्मेदारी, गर्व और आभार की भावना के साथ यह कमान संभाल रहा हूं। भारतीय नौसेना देश के हितों की रक्षा के लिए हर जगह पूरी तरह अलर्ट है। आज के समय में हमारे आसपास की सुरक्षा का माहौल लगातार चुनौतीपूर्ण, जटिल और अनिश्चित बना हुआ है, ऐसे में हमारी सक्रियता बहुत जरूरी है।"समुद्री खतरों से निपटने के अपने प्लान पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि देश के आर्थिक और सुरक्षा हितों की रक्षा करना सबसे ऊपर है। एडमिरल स्वामीनाथन ने कहा, "मेरा सबसे बड़ा काम यह पक्का करना होगा कि भारतीय नौसेना युद्ध और ऑपरेशन के लिए हमेशा उच्चतम स्तर पर तैयार रहे।



### जनरल एन एस राजा सुब्रमणि ने संभाला नए सीडीएस का कार्यभार

भारत सरकार की तरफ से देश के नए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ बनाए गए जनरल एन एस राजा सुब्रमणि ने आधिकारिक तौर पर अपना काम संभाल लिया है। वे पूर्व सीडीएस जनरल अनिल चौहान की जगह ले रहे हैं। इससे पहले वे राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय में सैन्य सलाहकार के रूप में देश की सुरक्षा रणनीति में अहम भूमिका निभा रहे थे। ऊपर तीनों सेनाओं के बीच तालमेल बढ़ाने और सेना को आधुनिक बनाने की बड़ी जिम्मेदारी होगी। भालते हुए जनरल सुब्रमणि ने कहा, "मैं यह जिम्मेदारी मिलने पर बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं। भारतीय सेना, नौसेना, वायुसेना और रक्षा मंत्रालय मिलकर देश की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए काम करेंगे।

### सीबीएसई रिजल्ट विवाद पर राहुल ने कहा: केंद्र सरकार फेल

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सीबीएसई के छात्रों से मुलाकात की और हाल ही में रिजल्ट को लेकर चल रहे विवाद पर बातचीत की। छात्रों ने राहुल गांधी से अपनी समस्याओं को लेकर बात की और बताया कि जब उन्होंने सोशल मीडिया पर इस मुद्दे को उठाया तो किस तरह उन्हें ट्रोल किया गया। उन्हें देशद्रोही और देश का दुश्मन तक बताया गया। छात्रों के साथ बातचीत का वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लिखा, "मेरे साथी 'राष्ट्र-विरोधी सोरोस एजेंटों' के साथ एक खुलासा करने वाली बातचीत। वेदांत और उनके दोस्त प्रतिभाशाली, बहादुर युवा भारतीय हैं, जिन्होंने सीबीएसई और मोदी सरकार से सरल प्रश्न पूछे लेकिन जवाब के बजाय उन्हें अपमान मिला। वे एक उज्ज्वल और सुरक्षित भविष्य के हकदार हैं। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि उन्हें यह मिले।" वीडियो में छात्र बताते हैं, "लोगों ने मुझे देशद्रोही, पाकिस्तानी और डीप स्टेट एजेंट तक कह दिया।



### पश्चिम बंगाल में आज होगा मंत्रिमंडल विस्तार

## 35 नए मंत्री लेंगे शपथ : शुभेंदु अधिकारी

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के पूर्ण मंत्रिमंडल का गठन सोमवार को होने जा रहा है। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने रविवार को इसकी घोषणा करते हुए बताया कि मंत्रिमंडल विस्तार के तहत 35 नए मंत्री शपथ ग्रहण करेंगे।



मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर जारी संदेश में कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता के जनादेश से बनी सरकार का पूर्ण मंत्रिमंडल सोमवार को आकार लेगा। उन्होंने बताया कि सुबह 11 बजे लोक भवन में आयोजित समारोह में 35 मंत्री पद एवं गोपनीयता की शपथ लेंगे। राज्यपाल आरएन रवि उन्हें शपथ दिलाएंगे।

गौरतलब है कि, चार मई को हुए सत्ता परिवर्तन के बाद पहली बार राज्य में भाजपा की सरकार बनी थी। इसके बाद 9 मई को ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने पद की शपथ ली थी। उनके साथ पांच अन्य मंत्रियों दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, अशोक कीर्तनिया, निसिथ प्रमाणिक, क्षुदीराम टुडू ने भी शपथ ग्रहण किया था। तभी से मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में चर्चा जारी थी। सूत्रों के अनुसार, हाल ही में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य ने नई दिल्ली में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के साथ अलग-अलग बैठकें की थीं।

### भाजपा के 208 विजयी विधायकों में से किन नेताओं को मंत्री बनाया जाएगा

इसके बाद मंत्रिमंडल विस्तार की अटकलें तेज हो गई थीं। अब जून के पहले दिन इस प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वर्तमान में मुख्यमंत्री सहित राज्य मंत्रिमंडल में छह सदस्य हैं। सोमवार को 35 नए मंत्रियों के शामिल होने के बाद मंत्रिमंडल की कुल संख्या 41 हो जाएगी। संविधान के प्रावधानों के अनुसार, किसी राज्य में मंत्रियों की संख्या विधानसभा की कुल सदस्य संख्या के 15 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकती। 294 सदस्यीय पश्चिम बंगाल विधानसभा में अधिकतम 44 मंत्री बनाए जा सकते हैं।

### पांच जून को बढ़ेगा असम कैबिनेट का कुनबा

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि अगले सप्ताह नए मंत्रियों के शपथ लेने के साथ उनके मंत्रिपरिषद का विस्तार किया जाएगा। शर्मा को लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य द्वारा 12 मई को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलायी गई थी। शर्मा के शपथ ग्रहण समारोह मेंप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कई केंद्रीय मंत्रियों, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग)-शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और अन्य शीर्ष गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। मुख्यमंत्री के साथ चार अन्य मंत्रियों ने भी शपथ ली थी।इनमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अजंता नियोग और रामेश्वर तेली, असम गण परिषद के अतुल बोरा और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट के चरन बोरो शामिल थे। शर्मा ने 'एक्स' पर लिखा, "मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि असम सरकार की मंत्रिपरिषद का विस्तार पांच जून, 2026 को किया जाएगा।" उन्होंने मंत्रिपरिषद में शामिल किए जाने वाले नए मंत्रियों की संख्या या उनके नामों का उल्लेख नहीं किया।

**भारत\नेपाल** संसद में बालेन शाह का पहला भाषण, सीमा विवाद पर यूके से दखल की मांग

# नेपाल और भारत ने किया है एक-दूसरे की जमीनों पर अतिक्रमण

- **दोनों पक्षों को बैठकर इस मामले पर विचार करना चाहिए**

**एजेंसी। काठमांडू**

नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह ने रविवार को नेपाल की संसद को संबोधित किया है। इस साल मार्च में हुए चुनावों के बाद सत्ता संभालने के बाद यह पहला मौका है, जब नेपाल के प्रधानमंत्री शाह ने संसद में अपनी बात रखी है। संसद में भाषण के दौरान शाह ने नेपाल के कई मुद्दों पर चर्चा की तो अपनी सरकार की विदेश नीति का भी जिक्र किया। उन्होंने खासतौर से भारत के साथ विवादित मुद्दों को टकराव के बजाय बातचीत के जरिए हल करने पर जोर दिया है।

नेपाल की संसद (प्रतिनिधि सभा) को संबोधित करते हुए बालेंद्र शाह ने कहा, 'प्रधानमंत्री बनने के बाद मुझे पता चला कि ना केवल भारत ने नेपाल की जमीन पर अतिक्रमण किया है बल्कि नेपाल ने भी कई जगहों पर भारत की जमीन पर अतिक्रमण किया है। दोनों पक्षों को बैठकर इस मामले पर विचार करना चाहिए।' संसद में श्रम संस्कृति पार्टी के आरेन राय के एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने ये बात कही।

नेपाल और भारत के बीच बीचे कुछ समय में लिपुलेख और दूसरे इलाकों को लेकर तनाव देखा गया है। नेपाल के भारतीय इलाकों पर हक जताने के चलते दोनों देशों के बीच यह तनाव आया है। लिपुलेख पर नेपाल ने दावा ठोककर भारत को नाराज किया है क्योंकि यह दशकों से भारतीय इलाका है। बॉर्डर के अलावा व्यापार के मुद्दे के भी दोनों पड़ोसी देशों में तनातनी की स्थिति देखी गई है।

बालेन शाह ने आम चुनाव में बड़ी जीत दर्ज करने के बाद इस साल 27 मार्च नेपाल के प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली थी। पीएम बनने के बाद से वह ना तो किसी विदेश यात्रा पर गए हैं और ना ही ज्यादा विदेशी मेहमानों से मिले हैं। उन्होंने अपने देश में प्रेस से बहुत ज्यादा संपर्क नहीं रखा है।



### नेपाल-भारत के रिश्ते

बालेन शाह ने कहा कि भारत-नेपाल की सरकारें इतिहासकारों, सर्वेक्षकों औ इलाके से परिचित विशेषज्ञों की टीमें बनाएंगी और बातचीत के जरिए हल निकालने की कोशिश करेंगी। नेपाल ने सीमा विवाद को लेकर ना सिर्फ भारत और चीन से बात की है बल्कि यूके की सरकार से भी बातचीत की है।' शाह ने आगे कहा कि हमारा मानना है कि यूके को इसमें दिलचस्पी लेनी चाहिए क्योंकि यह मुद्दा उस समय का है, जब ब्रिटिश भारत ने इस इलाके को छोड़ा था। उन्होंने कहा कि हम पड़ोसी देश भारत के साथ सीमा विवाद को बातचीत और कूटनीतिक प्रयासों के माध्यम से सुलझाने के पक्ष में हैं।



## 15 दिवसीय ग्रीष्मकालीन वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर संपन्न, खिलाड़ियों को मिला तकनीकी प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला वॉलीबॉल संघ एवं जिला खेल विभाग, रांची के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 15 दिवसीय ग्रीष्मकालीन वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर का रविवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया। 18 मई से 31 मई तक मोराबादी स्थित ऑक्सीजन पार्क में आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर का उद्देश्य खिलाड़ियों की तकनीकी दक्षता, शारीरिक क्षमता, खेल अनुशासन और प्रतिस्पर्धात्मक कौशल का विकास करना था। प्रशिक्षण के दौरान खिलाड़ियों को वॉलीबॉल की आधुनिक तकनीकों, शारीरिक फिटनेस, टीम भावना और मुकाबलों की रणनीतियों की विस्तृत जानकारी दी गई। रांची जिला वॉलीबॉल संघ द्वारा प्रत्येक वर्ष विभिन्न स्थानों पर ऐसे प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाते हैं। वर्तमान में धुर्वा स्थित वाईएमसीए परिसर में भी प्रशिक्षण शिविर संचालित किया जा रहा है। शिविर में झारखंड के अनुभवी प्रशिक्षकों ने खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया।

पुरुष वर्ग के खिलाड़ियों को संजय कुमार और अमन खलखो ने प्रशिक्षण प्रदान किया, जबकि बालिका वर्ग की खिलाड़ियों को जयश्री कुमारी ने खेल की बारीकियों से अवगत कराया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि चंचल भट्टाचार्य उपस्थित रहे। इसके अलावा झारखंड वॉलीबॉल संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विश्वनाथ सिंह, सचिव उत्तम राज, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी डॉ. निशिकांत पाठक, अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक भानु प्रसाद, अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक सेतांक सेन, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के प्रशिक्षक अमरजीत सिंह खरे, धनंजय उपाध्याय, शिवदयाल कुमार, रामसुधीर झा, रांची जिला वॉलीबॉल संघ के चेयरमैन भोला प्रताप सिंह, अध्यक्ष विकास वर्मा, सचिव संजय ठाकुर और अजय किस्पोट्टा सहित कई खेल प्रेमी एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि नियमित अभ्यास, अनुशासन और समर्पण ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने तथा राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार होने का बेहतर अवसर प्रदान करते हैं। समारोह के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन, अनुशासन और नियमित सहभागिता के लिए खिलाड़ियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों ने भी प्रशिक्षण शिविर को अपने खेल जीवन के लिए उपयोगी बताते हुए आयोजकों और प्रशिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। सफल आयोजन के साथ संपन्न हुआ यह ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर खिलाड़ियों के लिए नई ऊर्जा, आत्मविश्वास और भविष्य की बेहतर तैयारी का आधार बन गया।

## अंतरराष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भाग लेने श्रीनगर पहुंची रांची जिला ताइक्वांडो संघ की 21 सदस्यीय टीम



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची ।** रांची जिला ताइक्वांडो संघ की 21 सदस्यीय टीम प्रथम प्रोफेशनल ताईक्वांडो फेडरेशन इंडिया ओपन अंतरराष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता-2026 में भाग लेने के लिए श्रीनगर पहुंची। यह प्रतियोगिता 29 मई से 2 जून 2026 तक शेर-ए-कश्मीर इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, श्रीनगर में आयोजित की जा रही है। रांची जिला ताइक्वांडो संघ की टीम का नेतृत्व संघ के सचिव मिथलेश कुमार सिंह कर रहे हैं।

टीम के प्रशिक्षक के रूप में चंदन कुमार, करमचंद भगत एवं अनंत नाग चंदन खिलाड़ियों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। वहीं टीम प्रबंधक की जिम्मेदारी भारती कुमारी, देवाशीष भगत एवं कुमारी रोमा निभा रहे हैं।

## रॉकमेंस क्रिकेट अकादमी बनी महिला क्रिकेट टूर्नामेंट की चैंपियन




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित आरडीसीए महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रविवार को सेक्टर-दो स्थित शाखा मैदान में खेला गया। खिताबी मुकाबले में राटू रोड क्रिकेट अकादमी और रॉकमेंस क्रिकेट अकादमी आमने-सामने थीं, जिसमें रॉकमेंस क्रिकेट अकादमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में रांची जिला क्रिकेट संघ के कार्यकारी अध्यक्ष राजू शर्मा, उपाध्यक्ष विभूति भूषण प्रसाद, सचिव शैलेंद्र कुमार तथा कोषाध्यक्ष सौमित्र पटनायक ने संयुक्त रूप से विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया।

## बेंगलुरु लगातार दूसरी बार आईपीएल चैंपियन



### गुजरात को 5 विकेट से हराया कोहली ने छक्का लगाकर जीत दिलाई, रसिख को मिले 3 विकेट

**एजेंसी । नई दिल्ली**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने चेज मास्टर विराट कोहली की नाबाद अर्धशतकीय पारी के दम पर गुजरात टाइटंस को 5 विकेट से हराकर आईपीएल की ट्रॉफी सफलतापूर्वक डिफेंड कर ली। आरसीबी के सामने जीत के लिए 156 रन का लक्ष्य था, जिसे उसने 5 विकेट खोकर 18 ओवर में हासिल कर लिया। विराट कोहली 42 गेंद में 75 रन बनाकर नाबाद रहे। इसके साथ ही आरसीबी सफलतापूर्वक आईपीएल ट्रॉफी डिफेंड करने वाली तीसरी टीम बन गई।

इससे पहले टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात टाइटंस की बल्लेबाजी अच्छी नहीं रही और 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर टीम 155 रन ही बना पाई। गुजरात ने पावरप्ले में ही अपने मैच विनर खिलाड़ी शुभमन गिल और साई सुदर्शन का विकेट खो दिया था। सुदर्शन 12 रन जबकि शुभमन गिल 10 रन बनाकर आउट हो गए। वो तो भला हो वाशिंगटन सुंदर का जिन्होंने अर्धशतकीय पारी खेलकर गुजरात को 150 रन के पार पहुंचा दिया। सुंदर ने 37 गेंद में 50 रन की पारी खेली। आरसीबी की ओर से रसिख सलाम डार ने 3 और जोश हेजलवुड और भुवनेश्वर कुमार ने 2-2 विकेट चटकाए।

### तीसरी टीम बनी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

इसके साथ ही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु आईपीएल ट्रॉफी डिफेंड करने वाली तीसरी टीम बन गई। इससे पहले 18 साल के आईपीएल इतिहास में केवल दो टीम यह कारनामा कर पाई थी। सबसे पहले चेन्नई सुपर किंग्स ने 2010 में पहली बार आईपीएल की ट्रॉफी उठाई थी और इसे 2011 में सफलतापूर्वक डिफेंड किया था।

## शतरंज चैंपियनशिप में 4 से 74 वर्ष तक के खिलाड़ियों की भागीदारी ने बनाया नया रिकॉर्ड




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सहयोग से रांची जिला शतरंज संघ द्वारा चैम्बर भवन में आयोजित तीन दिवसीय रांची जिला शतरंज चैंपियनशिप-2026 का रविवार को भव्य समापन हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में खेल निदेशक छवि रंजन तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड चैम्बर के अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा उपस्थित रहे। समारोह में रांची जिला शतरंज संघ के महासचिव नवजोत अलंग, अखिल भारतीय शतरंज संघ के सचिव मनीष कुमार, उपाध्यक्ष सुनील खवारे, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। तीन दिनों तक चली इस प्रतियोगिता में कुल 240 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जो झारखंड की किसी जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में अब तक की सर्वाधिक सहभागिता का नया रिकॉर्ड माना जा रहा है। प्रतियोगिता की विशेषता यह रही कि इसमें 4 वर्ष से लेकर 74 वर्ष तक के खिलाड़ियों ने भाग लेकर शतरंज के प्रति बढ़ते आकर्षण का परिचय दिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया तथा कुल 15,500 रुपये की पुरस्कार राशि वितरित की गई। बिरंचि सिन्हा को वरिष्ठ खिलाड़ी, आयुष्मान राज को सबसे कम आयु वर्ग के बाल खिलाड़ी और शानवी सिन्हा को सबसे कम आयु वर्ग की बालिका खिलाड़ी का सम्मान मिला। वहीं बीसी त्रिपाठी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। रांची जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप वर्मा तथा कार्यवाहक अध्यक्ष ऋचा संगीता ने सभी प्रतिभागियों और विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## कोरिया को हरा भारत की लगातार दूसरी जीत एशिया कप की ओर बढ़ा कदम

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अंडर-18 एशिया कप 2026 में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कोरिया को 3-1 से पराजित कर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। मुकाबले में भारतीय खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल, जुझारूपन और अनुशासित खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत अपने नाम की। पूरे मैच के दौरान भारतीय टीम का उत्साह, मेहनत और सामूहिक खेल प्रशंसनीय रहा। खिलाड़ियों ने हर विभाग में शानदार प्रदर्शन कर प्रतिद्वंद्वी टीम पर दबाव बनाए रखा और महत्वपूर्ण जीत हासिल की। इस जीत के साथ भारतीय टीम का आत्मविश्वास और मजबूत हुआ है। खेल प्रेमियों और समर्थकों ने टीम की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए खिलाड़ियों को बधाई दी है।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## अमेरिका में कानूनी चुनौतियां खत्म, अब विकास और विस्तार पर पूरा ध्यान : अदाणी

**एजेंसी । नई दिल्ली**



- गौतम अदाणी ने कहा कि अमेरिका से जुड़े कानूनी मामलों का दौर अब समाप्त हो चुका है
- अदाणी इंटरप्राइजेज के 24,930 करोड़ रुपये के राइट्स इश्यू को निवेशकों के विश्वास का संकेत बताया
- ऊर्जा, परिवहन, लॉजिस्टिक्स, यूटिलिटी और औद्योगिक विनिर्माण में मजबूत उपस्थिति कायम की

अरबपति उद्योगपति और अदाणी ग्रुप के संस्थापक और चेयरमैन गौतम अदाणी ने कहा है कि अमेरिका में अदाणी समूह से जुड़े कानूनी मामलों का अध्याय अब पीछे छूट चुका है और समूह अब अपनी अगली विकास यात्रा पर पूरी मजबूती के साथ ध्यान केंद्रित कर रहा है। उन्होंने कहा कि अदाणी समूह अब ऊर्जा, परिवहन, लॉजिस्टिक्स और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों में निवेश को तेज करने पर काम कर रहा है। गौतम अदाणी ने कहा कि समूह के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती पूंजी जुटाना नहीं, बल्कि भारत की बढ़ती बुनियादी ढांचा और ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए परियोजनाओं को तेजी से लागू करना है। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के विस्तार के साथ बिजली की खपत बढ़ाने वाले डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर की मांग भी तेजी से बढ़ रही है। अदाणी ग्रुप के चेयरमैन ने समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी इंटरप्राइजेज के 24,930 करोड़ रुपए के राइट्स इश्यू को निवेशकों के भरोसे का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि यह उस समय हुआ जब समूह को कॉरपोरेट गवर्नेंस और नियामकीय मुद्दों को लेकर सवालों का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने कहा, "यह ऐसा वर्ष था जब दुनिया और अधिक विभाजित और जटिल होती जा रही थी।

ऊर्जा सुरक्षा फिर से राष्ट्रीय रणनीति के केंद्र में आ गई थी और तकनीक किसी भी देश की संप्रभुता से सीधे जुड़ गई थी। इसके बावजूद अदाणी समूह इस विश्वास पर अडिग रहा कि भारत का भविष्य इंतजार नहीं कर सकता। उन्होंने आगे कहा कि जब दूसरे लोग बहस कर रहे थे, तब अदाणी समूह निर्माण और विकास के काम में जुटा रहा तथा ऊर्जा, परिवहन, लॉजिस्टिक्स, यूटिलिटीज और औद्योगिक विनिर्माण क्षेत्रों में दुनिया के सबसे एकीकृत इंफ्रास्ट्रक्चर प्लेटफॉर्म के रूप में अपनी यात्रा को आगे बढ़ाता रहा।

गौतम अदाणी ने कहा कि यह प्रगति आसान परिस्थितियों में नहीं हुई। बंदरगाह से लेकर ऊर्जा क्षेत्र तक फैले समूह को असाधारण जांच-पड़ताल और चुनौतियों का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा, "लेकिन हम झुके नहीं और न ही रुके। उन्होंने आगे कहा, "हमारी पहचान हमारे आसपास के शोर से नहीं, बल्कि हमारी प्रतिक्रिया की ताकत से होती है। हमारी पहचान चुनौतियों की तीव्रता से नहीं, बल्कि हमारे उद्देश्य की स्पष्टता से होती है।

## पीएम स्वनिधि योजना के तहत 75.5 लाख से अधिक रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं को मिले 112 लाख से ज्यादा के लोन



**एजेंसी । नई दिल्ली**

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के तहत अब तक 75.5 लाख से अधिक रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं (स्ट्रीट वेंडर्स) ने 112 लाख से ज्यादा लोन का लाभ उठाया है। देश भर के रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं को 17,800 करोड़ रुपए से अधिक के लोन वितरित किए जा चुके हैं। इसके अलावा लाभार्थियों को ब्याज सब्सिडी और डिजिटल कैशबैक प्रोत्साहन के रूप में लगभग 800 करोड़ रुपए भी प्राप्त हुए हैं। योजना के लाभार्थियों में लगभग 46 प्रतिशत महिलाएं हैं, जबकि करीब 70 प्रतिशत लाभार्थी वंचित और कमजोर वर्गों से आते हैं। बयान के अनुसार, इस योजना ने सूक्ष्म उद्यमों, स्थानीय आपूर्ति श्रृंखलाओं और शहरी स्थानीय निकायों के साथ रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं के एकीकरण को मजबूत किया है। पीएम स्वनिधि योजना की शुरुआत कोविड-19 महामारी के दौरान की गई थी, ताकि उन रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं (स्ट्रीट वेंडर्स) को किफायती कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराई जा सके, जिनका कारोबार महामारी से गंभीर रूप से प्रभावित हुआ था। रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं के लिए विशेष रूप से शुरू की गई यह देश की पहली सूक्ष्म ऋण योजना थी। असंगठित क्षेत्र के इस बड़े वर्ग की औपचारिक ऋण व्यवस्था तक सीमित पहुंच को देखते हुए, योजना का उद्देश्य उनके कारोबार को बढ़ावा देना और वित्तीय समावेशन को मजबूत करना था। योजना की उपलब्धियों और इसके सकारात्मक प्रभाव को देखते हुए सरकार ने पीएम स्वनिधि योजना का पुनर्गठन और विस्तार करने को मंजूरी दी है। अब इस योजना के तहत ऋण वितरण की अवधि मार्च 2030 तक बढ़ा दी गई है। इस योजना के तहत वे सभी लोग पात्र हैं जो सड़क, फुटपाथ, पगडंडी या अन्य सार्वजनिक स्थानों पर अस्थायी ढांचे के माध्यम से अथवा घूम-घूमकर दैनिक उपयोग की वस्तुएं, खाद्य पदार्थ या अन्य सामान बेचते हैं या सेवाएं प्रदान करते हैं।

## स्वच्छ ऊर्जा आधारित औद्योगिक विकास में दुनिया का नेतृत्व कर सकता है भारत

**एजेंसी । नई दिल्ली**



भारत औद्योगीकरण के लिए कोयले की जगह सौर ऊर्जा का उपयोग करने वाला पहला देश हो सकता है। देश की सौर ऊर्जा क्षमता करीब 40 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ रही है और मार्च 2026 तक 150 गीगावाट के अधिक हो गई है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई। जलवायु और पर्यावरण केंद्रित अमेरिकी न्यूज पोर्टल ग्रिस्ट ने येल ई360 की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि भारत गुजरात के कच्छ के रेगिस्तान में फैले विशाल सौर पैनलों के कारण यह क्षेत्र तेजी से दुनिया के सबसे बड़े नवीकरणीय ऊर्जा केंद्रों में से एक में परिवर्तित हो रहा है। भारत-पाकिस्तान सीमा के पास लगभग 280 वर्ग मील में फैला खावड़ा सौर पार्क 2029 तक दुनिया की सबसे बड़ी सौर ऊर्जा परियोजना बन सकता है। एक बार पूरा होने पर, इस परियोजना में लगभग 6 करोड़ सौर पैनल लग जाएंगे और इससे 30 गीगावाट बिजली उत्पन्न होगी - जो ऑस्ट्रिया जितने बड़े देश को बिजली देने के लिए पर्याप्त है। यह विशाल परियोजना सौर ऊर्जा की ओर भारत के बढ़ते कदम को दर्शाती है। देश की स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता में प्रतिवर्ष लगभग 40 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है और मार्च में यह 150 गीगावाट को पार कर गई। जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करते हुए बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करने के उद्देश्य से भारत ने 2030 तक इस क्षमता को फिर से दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। ब्रिटेन स्थित थिंक टैंक एम्बर के ऊर्जा रणनीतिकार किंग्समिल बॉन्ड के अनुसार, भारत, चीन और पश्चिमी देशों से अलग राह पर चल रहा है, जिन्होंने अपनी अर्थव्यवस्थाओं का बड़ा हिस्सा जीवाश्म ईंधन पर टिकाया है। बॉन्ड ने कहा, "चीन ने कोयले पर अपनी अर्थव्यवस्था का निर्माण किया; भारत सौर ऊर्जा पर निर्माण कर रहा है।" उन्होंने आगे कहा कि भारत का मॉडल अन्य उभरती अर्थव्यवस्थाओं को प्रेरित कर सकता है जो कार्बन उत्सर्जन में भारी वृद्धि किए बिना तीव्र विकास की तलाश में हैं। भारत का तेज सौर ऊर्जा विस्तार महज एक दशक पहले की स्थिति से एक नाटकीय बदलाव को दर्शाता है।

## निर्यात में गिरावट से चीन के विनिर्माण क्षेत्र की रफ्तार धीमी, मई में गतिविधियां और कमजोर पड़ीं

**एजेंसी । बीजिंग**

चीन के राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो (एनबीएस) द्वारा रविवार को जारी सर्वेक्षण के अनुसार, चीन के विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) क्षेत्र की गतिविधियां मई में और धीमी पड़ गईं। नए निर्यात ऑर्डरों में गिरावट और बढ़ती उत्पादन लागत के कारण उद्योग पर दबाव बढ़ा है। आंकड़ों के मुताबिक, आधिकारिक विनिर्माण परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) अप्रैल के 50.3 अंक से घटकर मई में 50 अंक पर आ गया, जो तीन महीने का निचला स्तर है। पीएमआई में 50 अंक का स्तर वृद्धि और गिरावट के बीच की सीमा माना जाता है। आंकड़ों के अनुसार, इस दौरान उत्पादन में वृद्धि हुई, लेकिन मांग और कमजोर पड़ गई। विनिर्माण पीएमआई सर्वेक्षण में उत्पादन उप-सूचकांक 51.2 और नए ऑर्डर का उप-सूचकांक 49.9 दर्ज किया गया। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण मई में नए निर्यात ऑर्डर 50.3 से गिरकर 48.6 पर पहुंच गए। इन आंकड़ों ने चीन सरकार की चिंताओं को और बढ़ा दिया है। सरकार पहले से ही आपूर्ति और मांग के बीच बढ़ते असंतुलन की चुनौती का सामना कर रही है।



## वैश्विक अस्थिरता के चलते अगले हफ्ते सेंसेक्स-निफ्टी सीमित दायरे में कारोबार कर सकते हैं: मार्केट एक्सपर्ट्स

**एजेंसी । मुंबई**

वैश्विक अस्थिरता के चलते अगले हफ्ते सेंसेक्स-निफ्टी में दबाव देखने को मिल सकता है अगर वह अपने अहम रुकावट के स्तर को तोड़ते नहीं है। यह बयान मार्केट एक्सपर्ट्स की ओर से रविवार को दिया गया। विश्लेषकों का कहना है कि एमएससीआई सूचकांक के पुनर्संतुलन के चलते शुक्रवार के कारोबारी सत्र के अंतिम 30 मिनटों में अस्थिरता देखी गई, जिससे दिन के अंत में शेयरों में भारी गिरावट आई। टेक्निकल आउटलुक पर विशेषज्ञों ने कहा कि सेंसेक्स में नकारात्मक रुझान बना हुआ है क्योंकि निवेशक सतर्क बने हुए है और उच्च स्तर पर खरीदारी का रुझान कमजोर है। एक विश्लेषक ने कहा, "टेक्निकल तौर पर, सेंसेक्स में तात्कालिक रुकावट का स्तर 75,800-76,000 के क्षेत्र के पास है, जबकि 76,500-76,700 का दायरा एक प्रमुख प्रतिरोध और आपूर्ति क्षेत्र बना हुआ है।



# दृष्टिपात

## चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ रहो' अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**मोहम्मदगंज।** माहवारी स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत मोहम्मदगंज पंचायत में महिलाओं और किशोरियों को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का आयोजन जलसहिया किरण देवी की पहल पर किया गया। ब्लॉक वाश कोऑर्डिनेटर हरसु कुमार दयानिधि और प्रेमतोष पांडेय ने महिलाओं एवं किशोरियों को माहवारी से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने, स्वच्छता अपनाने, नियमित हाथ धोने, पोषणयुक्त भोजन लेने तथा अन्य महिलाओं को जागरूक करने की शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि 28 मई से 4 जून तक 'चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ रहो' अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य किशोरियों और महिलाओं को माहवारी स्वच्छता प्रबंधन के प्रति जागरूक बनाना तथा उन्हें आवश्यक जानकारी और सुविधाओं से जोड़ना है। कार्यक्रम में माहवारी के दौरान स्वच्छ प्रथाओं को अपनाने, अपशिष्ट प्रबंधन के प्रति जागरूकता फैलाने तथा माहवारी अनुकूल वातावरण तैयार करने पर भी जोर दिया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी सेविका ललिता देवी सहित कई महिलाएं उपस्थित थीं।

## तेंदुआ कला में स्वच्छता जागरूकता रैली जलसहिया ने दिया स्वच्छ रहने का संदेश



**मोहम्मदगंज।** प्रखंड की पंसा पंचायत अंतर्गत तेंदुआ कला गांव में रविवार को जलसहिया गूंजा देवी के नेतृत्व में स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व और उसके स्वास्थ्य पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। रैली में शामिल महिलाओं ने 'एक कदम स्वच्छता की ओर', 'स्वच्छता अपनाओ, बीमारी भगाओ', 'हर गांव-हर घर रखें स्वच्छ' तथा 'साफ-सफाई अपनाना है, भारत को स्वस्थ बनाना है' जैसे नारों के साथ लोगों को जागरूक किया। गूंजा देवी ने कहा कि माहवारी स्वच्छता, घर और गांव की साफ-सफाई से स्वास्थ्य एवं पर्यावरण अनुकूल वातावरण का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के प्रति सजग रहना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। रैली में गायत्री देवी, राजकुमारी देवी, प्रभा देवी, किसमती देवी, गुड्डी देवी, सुचिता देवी, ममता देवी सहित कई महिलाएं शामिल हुईं। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाजहित में महत्वपूर्ण कदम बताया।

## रामपुर गोलीकांड की निष्पक्ष जांच की मांग



**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के रामपुर में हुई गोलीकांड की घटना पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के हुसैनाबाद प्रखंड अध्यक्ष रविन्द्र सिंह सहित संगठन के अन्य सदस्यों ने गहरी चिंता व्यक्त की है। महासभा ने घटना की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। जारी बयान में रविन्द्र सिंह ने कहा कि रामपुर गोलीकांड की सच्चाई सामने लाने के लिए प्रशासन को बिना किसी पक्षपात के जांच करानी चाहिए। उन्होंने कहा कि कानून का राज कायम रखने तथा आम लोगों का विश्वास बनाए रखने के लिए दोषियों की शीघ्र पहचान कर उन्हें न्यायिक प्रक्रिया के तहत दंडित किया जाना आवश्यक है। किसी एक पक्ष पर करवाई न हो, प्रशासन इस बात पर ध्यान रखें। महासभा के सदस्य अजय सिंह, हरी सिंह, राजू सिंह, प्रभात सिंह, मुकेश सिंह, राजीव सिंह (पूर्व मुखिया), सुधीर सिंह (पूर्व सैनिक), भुना सिंह, उमेश सिंह, प्रदीप सिंह एवं ज्ञानू सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि घटना की निष्पक्ष जांच से ही पीड़ित पक्ष को न्याय मिल सकेगा और क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द का माहौल कायम रहेगा। संगठन के प्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की कि मामले की गहन जांच कर जल्द से जल्द वास्तविक तथ्यों को सार्वजनिक किया जाए तथा किसी भी निर्दोष व्यक्ति को परेशान न करते हुए दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

**हुसैनाबाद।** ए.के. सिंह कॉलेज, जपला में जारी शिक्षकेतर कर्मचारियों के आंदोलन के बीच प्रभारी प्राचार्य डॉ. राम सुभग सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कर्मचारियों के आरोपों को निराधार बताते हुए धरना कार्यक्रम को राजनीति से प्रेरित करार दिया है। डॉ. सिंह ने कहा कि महाविद्यालय की सर्वोच्च संस्था शासी निकाय है और उसके निर्णय सभी के लिए मान्य होते हैं। उन्होंने दावा किया कि प्रधान लिपिक सहित कई शिक्षकेतर कर्मचारियों ने धरना में भाग नहीं लिया है, जिससे यह स्पष्ट होता है।

# पांकी में संदेहास्पद स्थिति में शिक्षक की मौत, खिड़की के फंदे से लटका मिला शव

**नवीन मेल संवाददाता**



**पांकी।** थाना क्षेत्र में एक बेहद हृदयविदारक और संदेहास्पद मामला सामने आया है, जहां एक स्कूल शिक्षक का शव उनके किराए के कमरे की खिड़की के फंदे से लटका हुआ पाया गया। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान सत्य प्रकाश श्रीवास्तव के रूप में हुई है, जो सिलदिलीया प्लस टू उच्च विद्यालय में फिजिकल टीचर (शारीरिक शिक्षक) के पद पर कार्यरत थे। वह पिछले 3 वर्षों से पांकी थाना रोड स्थित नीरज गुप्ता के मकान में किराए पर कमरा लेकर रह रहे थे। उनका शव संदेहास्पद परिस्थितियों में खिड़की के फंदे से झूलता हुआ मिला। थाना पुलिस द्वारा मृतक शिक्षक सत्य प्रकाश श्रीवास्तव के परिजनों को घटना की आधिकारिक सूचना दे दी गई है। परिजनों के आने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारणों का पूरी तरह से खुलासा हो पाएगा। फिलहाल पुलिस आसपास के लोगों और मकान मालिक से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### मामले की जांच में जुटी पुलिस

घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए सूचना मिलते ही लेस्लीगंज एसडीपीओ और पांकी थाना प्रभारी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तुरंत मुस्तैदी दिखाते हुए शव को अपने कब्जे में ले लिया है और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस मामले की हर कोण से जांच कर रही है कि यह आत्महत्या का मामला है या इसके पीछे कोई और संदेहास्पद कारण है।

## रामपुर घटना की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच हो : बिमलेश सिंह

हैदरनगर। क्षत्रिय जागृति मंच पलामू के सक्रिय सदस्य एवं भाजपा कार्यकर्ता सह हैदरनगर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष बिमलेश सिंह ने चैनपुर थाना क्षेत्र के रामपुर में हुई घटना की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच की मांग की है। जारी बयान में उन्होंने कहा कि एक सप्ताह पूर्व रामपुर में जमीन विवाद से जुड़ी घटना को लेकर विभिन्न तरह की चर्चाएं हो रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग माहौल को प्रभावित करने और निर्दोष लोगों को फंसाने का प्रयास कर रहे हैं। बिमलेश सिंह ने कहा कि मामले की जांच किसी भी प्रकार के राजनीतिक या जातिगत दबाव से मुक्त होकर की जानी चाहिए, ताकि वास्तविक तथ्य सामने आ सकें।

## अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर किया गया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) सुनील कुमार वर्मा के स्थानांतरण के उपरांत प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रखंड एवं अंचल कर्मियों, जनप्रतिनिधियों तथा अन्य गणमान्य लोगों ने उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी। समारोह में अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ, फूलमाला और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके कार्यकाल की सराहना की गई। वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, प्रशासनिक कार्यों के संचालन तथा आम लोगों की समस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वक्ताओं ने उनके सरल स्वभाव, कार्यकुशलता और सहयोगात्मक रवैये की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देने का प्रयास किया। कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुत विदाई गीत ने माहौल को भावुक बना दिया। उपस्थित लोगों ने उनके उज्ज्वल भविष्य और सुखद जीवन की कामना करते हुए नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दीं। समारोह में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि और प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

## आकाशीय बिजली गिरने की आशंका के बीच सुरक्षा इंतजाम की मांग

**मोहम्मदगंज।** ऐतिहासिक एवं पर्यटन महत्व वाले भीमचूल्हा स्थित शिव मंदिर परिसर में तड़ित चालक (लाइटनिंग अरेस्टर) नहीं लगाए जाने से श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार करीब 40 लाख रुपये की लागत से मंदिर और परिसर का सौंदर्यीकरण किया गया है, लेकिन आकाशीय बिजली से सुरक्षा के लिए आवश्यक तड़ित चालक की व्यवस्था अब तक नहीं की गई है। ग्रामीणों ने बताया कि वर्षों पहले मंदिर के गुंबद पर आकाशीय बिजली गिरने से उसमें दरार आ गई थी। सौभाग्य से उस समय कोई श्रद्धालु मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया था। वर्तमान में यह स्थल धार्मिक और पर्यटन दोनों दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

# जपला स्टेशन पर स्ट्रेचर से ट्रेन तक पहुंचाकर सुरक्षित कराया सफर

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने 'ऑपरेशन यात्री सेवा' के तहत मानवता और संवेदनशीलता की मिसाल पेश करते हुए जपला रेलवे स्टेशन पर एक गंभीर रूप से बीमार बुजुर्ग यात्री को सुरक्षित ट्रेन में बैठाकर उनकी यात्रा सुगम बनाई। जानकारी के अनुसार हैदरनगर थाना क्षेत्र के चौकड़ी गांव निवासी 62 वर्षीय अवध प्रसाद अस्वस्थ होने के कारण चलने-फिरने में असमर्थ थे। उन्हें रेल यात्रा करनी थी, लेकिन उनकी शारीरिक स्थिति को देखते हुए स्टेशन तक पहुंचने और ट्रेन में चढ़ने में कठिनाई हो रही थी। मामले की जानकारी मिलते ही जपला रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट के उपनिरीक्षक कार्तिक बिंझा अपनी टीम के साथ सक्रिय हुए। आरपीएफ कर्मियों ने तत्काल स्ट्रेचर की व्यवस्था की और बुजुर्ग यात्री को सावधानीपूर्वक प्लेटफॉर्म से ट्रेन तक पहुंचाया। गाड़ी संख्या 53611 के जपला स्टेशन पहुंचने पर आरपीएफ टीम ने बुजुर्ग यात्री को स्ट्रेचर के माध्यम से कोच तक पहुंचाकर सुरक्षित रूप से उनकी सीट पर बैठाया। पूरी प्रक्रिया के दौरान जवानों ने विशेष सतर्कता और संवेदनशीलता का परिचय दिया। यात्री के परिजनों ने आरपीएफ के इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। वहीं स्टेशन पर मौजूद अन्य यात्रियों ने भी रेलवे सुरक्षा बल की तत्परता और सेवा भावना की सराहना की। आरपीएफ अधिकारियों ने बताया कि 'ऑपरेशन यात्री सेवा' का उद्देश्य बुजुर्ग, दिव्यांग, बीमार और जरूरतमंद यात्रियों को यात्रा के दौरान आवश्यक सहायता उपलब्ध कराना है। रेलवे सुरक्षा बल यात्रियों की सुरक्षा के साथ-साथ उनकी सुविधा और सहायता के लिए भी निरंतर तत्पर है।

# जलाशय के पुनर्जीवन से सिंचाई, पर्यटन और रोजगार को मिल सकती है नई दिशा



**नवीन मेल संवाददाता**

**नौडीहा।** प्रखंड के लक्ष्मीपुर पंचायत स्थित बटाने जलाशय परियोजना आज भी अधूरी उम्मीदों और मुआवजा विवाद के बीच उलझी हुई है। करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित यह महत्वाकांक्षी योजना वर्षों से उपेक्षा का शिकार बनी हुई है। जानकारी के अनुसार परियोजना का निर्माण कार्य 1980 के दशक में शुरू हुआ और 1990 के आसपास इसका निर्माण पूरा हुआ। जलाशय परिसर में अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए कई आवासीय भवन, कार्यालय और अन्य आधारभूत संरचनाएं भी बनाई गई थीं। लेकिन भूमि अधिग्रहण के मुआवजे को लेकर किसानों के आंदोलन के बाद परियोजना प्रभावित हो गई और धीरे-धीरे पूरा परिसर खंडहर में तब्दील हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि परियोजना के लिए 21 गांवों की भूमि अधिग्रहित की गई थी, लेकिन सभी प्रभावित किसानों को पूर्ण मुआवजा नहीं मिल सका। इसी कारण वर्षों से विवाद बना हुआ है और परियोजना का अपेक्षित लाभ किसानों तक नहीं पहुंच पाया। ग्रामीणों का मानना है कि यदि लंबित मुआवजा भुगतान की समस्या का समाधान कर जलाशय को पुनः सक्रिय किया जाए तो पलामू और बिहार के सीमावर्ती क्षेत्रों के दर्जनों गांवों को सिंचाई सुविधा मिल सकती है। इसके साथ ही मत्स्य पालन, पर्यटन और स्थानीय रोजगार के नए अवसर भी विकसित हो सकते हैं। स्थानीय लोगों ने राज्य सरकारों और प्रशासन से परियोजना के पुनरुद्धार की दिशा में ठोस पहल करने तथा किसानों की समस्याओं का समाधान करने की मांग की है।

## आकाशीय बिजली गिरने की आशंका के बीच सुरक्षा इंतजाम की मांग

**मोहम्मदगंज।** ऐतिहासिक एवं पर्यटन महत्व वाले भीमचूल्हा स्थित शिव मंदिर परिसर में तड़ित चालक (लाइटनिंग अरेस्टर) नहीं लगाए जाने से श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार करीब 40 लाख रुपये की लागत से मंदिर और परिसर का सौंदर्यीकरण किया गया है, लेकिन आकाशीय बिजली से सुरक्षा के लिए आवश्यक तड़ित चालक की व्यवस्था अब तक नहीं की गई है। ग्रामीणों ने बताया कि वर्षों पहले मंदिर के गुंबद पर आकाशीय बिजली गिरने से उसमें दरार आ गई थी।

## रामपुर घटना की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच हो : बिमलेश सिंह

हैदरनगर। क्षत्रिय जागृति मंच पलामू के सक्रिय सदस्य एवं भाजपा कार्यकर्ता सह हैदरनगर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष बिमलेश सिंह ने चैनपुर थाना क्षेत्र के रामपुर में हुई घटना की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच की मांग की है। जारी बयान में उन्होंने कहा कि एक सप्ताह पूर्व रामपुर में जमीन विवाद से जुड़ी घटना को लेकर विभिन्न तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

# गाद जमाव से सिकुड़ रहा भीमबराज का जलक्षेत्र, बढ़ी जलभंडारण क्षमता घटने की चिंता



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय भीमबराज में लगातार गाद (सिल्ट) जमा होने से जलाशय का बड़ा हिस्सा टापू में तब्दील होता जा रहा है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते गाद की सफाई नहीं कराई गई तो इससे जलाशय की जलभंडारण क्षमता प्रभावित हो सकती है। स्थानीय लोगों के अनुसार पहले टापू का दायरा सीमित था, लेकिन वर्षों से गाद की सफाई नहीं होने के कारण इसका विस्तार लगातार बढ़ता गया है। वर्तमान में यह जलाशय के बड़े हिस्से तक फैल चुका है। हालांकि गर्मी के मौसम में यह क्षेत्र आसपास के मवेशियों के लिए चारागाह तथा प्रवासी पक्षियों के लिए अनुकूल स्थल बन जाता है, लेकिन जल संरक्षण के दृष्टिकोण से इसे चुनौती माना जा रहा है। लोगों का कहना है कि टापू की सतह काफी कठोर हो चुकी है, जिसके कारण बाढ़ के दौरान भी जमा गाद बह नहीं पाती। पिछले वर्ष भारी बाढ़ के दौरान भीमबराज के 40 में से 38 गेट खोले गए थे, फिर भी गाद में कोई उल्लेखनीय कमी नहीं आई। स्थानीय लोगों ने जलाशय की सफाई कर उसकी मूल जलधारण क्षमता बहाल करने की मांग की है, ताकि वर्षभर अधिक मात्रा में जल संचय संभव हो सके।

## पेज एक के शेष

### तंबाकू को ना,...

डॉ रजाक (राज्य नोडल पदाधिकारी, शिशु स्वास्थ्य एवं आरकेएसके), डॉ मुकेश (राज्य नोडल पदाधिकारी, सीएम-सीपीएचसी सेल), डॉ राजीव कुमार (आयुष चिकित्सक) सहित स्वास्थ्य विभाग के अनेक अधिकारी, चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी एवं प्रतिभागी उपस्थित थे।

### राज्य सरकार ने...

कैबिनेट द्वारा राज्य में हुक्का बार के संचालन को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर 1 लाख रुपए का जुर्माना और एक साल तक की कैद का प्रावधान किया गया है। तंबाकू उत्पादों को खरीदने की न्यूनतम कानूनी आयु को 18 वर्ष से बढ़ाकर 21 वर्ष कर दिया गया है। सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने पर जुर्माने की राशि को 100 रुपए से बढ़ाकर 1,000 रुपए कर दिया गया है। वहीं, अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी कार्यालयों के 100 मीटर के दायरे में कोई भी तंबाकू की दुकान खोलने की अनुमति नहीं है। इसके साथ ही, खुली सिगरेट और बीड़ी बेचने पर भी रोक लगाई गई है।

### हिंसा से नहीं...

पुलिस के अनुसार, सोनारपुर थाने की टीम ने रातभर इलाके में सर्च अभियान चलाया। हमले से जुड़े वीडियो फुटेज की भी जांच की गई। प्रारंभिक जांच में वीडियो फुटेज के आधार पर छह लोगों की पहचान की गई और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस का कहना है कि सभी गिरफ्तार आरोपी स्थानीय निवासी हैं और घटना के समय मौके पर मौजूद थे।

### अभिषेक झारखंड आएं...

लेकिन किसी भी जनप्रतिनिधि की सुरक्षा, सम्मान और स्वास्थ्य से समझौता नहीं किया जा सकता। राजनीतिक संघर्ष अपनी जगह है, लेकिन किसी व्यक्ति के स्वास्थ्य और जीवन को प्रभावित करने वाली परिस्थितियां गंभीर चिंता का विषय हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के परस्पर सम्मान तथा संवैधानिक मूल्यों के पालन पर आधारित होती है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार ने हमेशा लोकतांत्रिक अधिकारों, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और राजनीतिक विविधता का सम्मान किया है। डॉ अंसारी ने कहा कि स्वास्थ्य और मानवता किसी भी राजनीतिक विचारधारा या प्रतिस्पर्धा से ऊपर हैं। ऐसे मामलों में सभी दलों और सरकारों को राजनीतिक सीमाओं से ऊपर उठकर मानवीय दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि संबंधित मामले की निष्पक्ष जांच होगी और यदि किसी स्तर पर लापरवाही या दोष पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाएगी। डॉ अंसारी ने अभिषेक बनर्जी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना लोकतांत्रिक व्यवस्था की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

### मसूरी की वादियों...

सिलसिले में मसूरी पहुंचे हैं। धोनी अपनी पत्नी साक्षी और बेटी जीवा के साथ लालटिब्बा क्षेत्र स्थित एक ऐतिहासिक होटल त्वामइल डंदवत में ठहरे हैं। धोनी के आगमन की खबर मिलते ही रविवार को होटल परिसर और आसपास के इलाकों में क्रिकेट प्रेमियों का जमावड़ा लग गया। हालांकि, हमेशा की तरह धोनी ने खुद को सुर्खियों से दूर रखने की कोशिश की, लेकिन उनकी एक झलक पाने को लोग घंटों इंतजार करते रहे। होटल कर्मचारियों और वहां ठहरे कुछ पर्यटकों के साथ उन्होंने तस्वीरें भी खिंचवाईं। कई लोगों ने कहा कि धोनी की सादगी ही उनकी सबसे बड़ी पहचान है।

**धोनी की एक झलक पाने के लिए होटल के पास मंडराते रहे पर्यटक :** रविवार की सुबह मसूरी का मौसम बेहद खुशनुमा रहा। धोनी ने भी सुबह के समय मसूरी की ठंडी फिजाओं और शांत वातावरण का भरपूर आनंद लिया। तमाम पर्यटक भी धोनी की एक झलक के लिए घूमने के कार्यक्रम छोड़कर होटल के आसपास डटे रहे। सोशल मीडिया पर भी धोनी, साक्षी और उनकी बेटी के मसूरी दौरे की तस्वीरें और चर्चा तेजी से वायरल होती रहीं।

### झारखंड में 6...

वज्रपात होने और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार, 5 जून 2026 को राज्य के उत्तर-पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी जिलों में तथा 6 जून 2026 को उत्तर-पश्चिमी जिलों को छोड़कर अधिकांश क्षेत्रों में गर्जन और वज्रपात की आशंका बनी रहेगी। मौसम वैज्ञानिकों ने किसानों, खुले स्थानों पर कार्य करने वाले लोगों और आम नागरिकों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। राजधानी रांची समेत कई जिलों में मौसम सुहावना बना हुआ है। रविवार को रांची और आसपास के क्षेत्रों में सुबह से मौसम साफ रहा, जबकि दोपहर बाद आंशिक रूप से बादल छाए रहे। बादलों की मौजूदगी और हालिया बारिश के कारण लोगों को गर्मी से काफी राहत महसूस हुई। इधर, पिछले दो-तीन दिनों के दौरान हुई बारिश का असर तापमान पर भी स्पष्ट रूप से देखा गया है। राज्य के कई जिलों में तापमान में 8 से 10 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार, कई क्षेत्रों में तापमान सामान्य से लगभग 9 डिग्री सेल्सियस तक नीचे चला गया है, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक अधिकतम तापमान मेदिनीनगर (डालटनगंज) में 39.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान लातेहार में 16.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, रविवार को रांची का अधिकतम तापमान 33.0 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 21.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मेदिनीनगर (डालटनगंज) में अधिकतम तापमान 39.2 डिग्री और न्यूनतम 24.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 34.4 डिग्री और न्यूनतम 22.0 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम तापमान 35.2 डिग्री और न्यूनतम 22.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### राहुल सिंह गिरोह...

कंपनी प्रबंधन पर रंगदारी के लिए दबाव बनाने तथा दहशत फैलाने के उद्देश्य से कंपनी के वर्कशॉप/कैंप परिसर पर रात्रि में गोलीबारी करने के लिए एकत्रित हुए हैं तथा योजना बना रहे हैं। प्राप्त सूचना की गंभीरता को देखते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, हुसैनाबाद के नेतृत्व में हैदरनगर थाने की पुलिस की संयुक्त टीम के जरिए त्वरित कार्रवाई करते हुए संदिग्ध स्थान पर घेराबंदी कर छापेमारी की गई। पुलिस टीम को देखकर अपराधी भागने का प्रयास करने लगे, किंतु पुलिस बल की तत्परता एवं घेराबंदी के फलस्वरूप चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की विधिवत तलाशी लेने पर उनके पास से अवैध आग्नेयास्त्र, कारतूस, मोबाइल बरामद किया गया। पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे राहुल सिंह गिरोह के निर्देश पर सड़क निर्माण ड्रअर्स कंस्ट्रक्शन कंपनी के वर्कशॉप परिसर पर गोलीबारी कर कंपनी प्रबंधन में भय उत्पन्न करने, रंगदारी वसूलने तथा निर्माण कार्य को बाधित करने की योजना बना रहे थे। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि पूर्व में भी राहुल सिंह गिरोह के जरिए कंपनी प्रबंधन पर दबाव बनाने एवं रंगदारी की मांग किए जाने का प्रयास किया गया था। इस संबंध में हैदरनगर थाने में (कांड संख्या-41/26) के तहत कांड दर्ज किया गया तथा गिरफ्तार चारों आरोपियों को कानूनी प्रक्रिया पूरी कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। राहुल सिंह गिरोह के अन्य सदस्यों की संलिप्तता, वित्तीय नेटवर्क एवं संगठित आपराधिक गतिविधियों के संबंध में गहन अनुसंधान किया जा रहा है। छापेमारी अभियान में हुसैनाबाद डीएसपी दिव्यांश शुक्ला, हैदरनगर थाना प्रभारी तंजीलुल मनान, एसआई राजू कुमार गुप्ता, मुकेश कमार सिंह, आशीष कुमार एवं अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

### रांची से लापता...

लाख रुपए की फिरौती की मांग की। लगातार आ रहे इन फोन कॉल्स ने मामले को अपहरण की आशंका से जोड़ दिया था। पुलिस अब उस मोबाइल नंबर की तकनीकी जांच कर रही है, जिससे फिरौती की मांग की गई थी। हटिया पुलिस उपाधीक्षक नीरज कुमार ने रविवार को कहा कि मां-बेटी को बिहार के आरा जिले से सुरक्षित बरामद कर लिया गया है। प्रारंभिक जांच में अपहरण की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि दोनों किन परिस्थितियों में रांची से आरा पहुंचीं और इस पूरे घटनाक्रम के पीछे क्या कारण थे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मां-बेटी के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और सभी तथ्यों का सत्यापन किया जा रहा है। फिलहाल दोनों सुरक्षित हैं और मामले की जांच जारी है। पुलिस का मानना है कि जांच पूरी होने के बाद ही पूरे घटनाक्रम की वास्तविक तस्वीर सामने आ सकेगी।

### बीएड प्रवेश परीक्षा...

लेकिन प्रवेश द्वार पर दस्तावेजों की जांच और अन्य प्रक्रियाओं में देरी के कारण उन्हें समय पर अंदर नहीं जाने दिया गया। छात्रों के अनुसार गेट पर तैनात कर्मियों ने उन्हें प्रतीक्षा करने के लिए कहा, जिससे उनका समय बर्बाद हुआ और बाद में उन्हें प्रवेश से वंचित कर दिया गया। कई छात्रों ने आरोप लगाया कि परीक्षा शुरू होने से ठीक पहले कुछ अभ्यर्थियों को अंदर जाने दिया गया, जबकि अन्य को रोक दिया गया। इससे छात्रों में असंतोष और बढ़ गया। उनका कहना था कि यदि कुछ अभ्यर्थियों को अंतिम समय में प्रवेश दिया जा सकता है, तो उन्हें परीक्षा देने का अवसर क्यों नहीं मिला। परीक्षा से वंचित छात्रों का कहना था कि वे भले ही रिपोर्टिंग समय से कुछ मिनट देरी से पहुंचे हों, लेकिन परीक्षा शुरू होने से पहले केंद्र पर मौजूद थे। इसके बावजूद उन्हें परीक्षा कक्ष में प्रवेश नहीं दिया गया। उनका मानना है कि इस फैसले से उनका पूरा शैक्षणिक वर्ष प्रभावित हो सकता है। छात्रा प्रिया सिंह, हाजरा खातून, जियासवारी दास और ज्योति समेत कई अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया कि मामूली देरी को आधार बनाकर उन्हें परीक्षा से बाहर कर दिया गया। उन्होंने इसे अन्यायपूर्ण बताते हुए मामले की जांच और उचित कार्रवाई की मांग की। वहीं, ग्रेजुएट कॉलेज की प्राचार्य डॉ वीना सिंह प्रियदर्शी ने कहा कि निर्धारित समय के भीतर पहुंचने वाले सभी अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी गई है। उनके अनुसार परीक्षा संचालन निर्धारित नियमों और दिशा-निर्देशों के तहत कराया गया।




## हिंद-प्रशांत में चीन के बढ़ते प्रभाव पर अमेरिका सख्त

# सुरक्षा बैठकों से काम नहीं चलेगा बढ़ाएं सैन्य क्षमता : पीट हेगसेथ

### शांगरी-ला डायलॉग में कहा, इस क्षेत्र में स्थिरता बनाए रखने के लिए मजबूत गठबंधन जरूरी

**सिंगापुर (आईएएनएस)**

अमेरिका के रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका के साथियों से रक्षा खर्च बढ़ाने और चीन के बढ़ते प्रभाव और सैन्य विस्तार का मुकाबला करने के लिए सैन्य तैयारी को मजबूत करने के लिए कहा है। रिपोट्र्स के अनुसार, सिंगापुर में शांगरी-ला डायलॉग में अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने कहा कि एशिया-प्रशांत क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए मजबूत सैन्य ताकत, बेहतर सहयोग और अमेरिका के सहयोगी देशों को ज्यादा योगदान देना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि अब सिर्फ सुरक्षा बैठकों से काम नहीं चलेगा, बल्कि देशों को अपनी सैन्य क्षमता बढ़ानी होगी। इसके लिए जहाज, पनडुब्बियां और रक्षा सिस्टम जैसे संसाधनों की जरूरत है। पीट हेगसेथ ने कहा कि इस क्षेत्र में स्थिरता बनाए रखने के लिए मजबूत गठबंधन जरूरी है, ताकि किसी भी आक्रामकता को रोका जा सके। उन्होंने सुझाव दिया कि सहयोगी देशों को अपनी जीडीपी का लगभग 3.5 प्रतिशत रक्षा पर खर्च करना चाहिए।



सिंगापुर में आयोजित शांगरी-ला डायलॉग में अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने कहा कि एशिया-प्रशांत क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए मजबूत सैन्य ताकत, बेहतर सहयोग और अमेरिका के सहयोगी देशों को ज्यादा योगदान देना जरूरी है। उन्होंने कहा कि अब सिर्फ सुरक्षा बैठकों से काम नहीं चलेगा, बल्कि देशों को अपनी सैन्य क्षमता बढ़ानी होगी। इसके लिए जहाज, पनडुब्बियां और रक्षा सिस्टम जैसे संसाधनों की जरूरत है। चीन को लेकर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि उसकी सैन्य ताकत बढ़ रही है, लेकिन अमेरिका और चीन के बीच बातचीत पहले से बेहतर हुई है। पीट हेगसेथ ने यह भी कहा कि जापान जैसे देश अमेरिका के साथ मिलकर अपनी रक्षा क्षमता मजबूत कर रहे हैं, जो अच्छी बात है। ताइवान के मुद्दे पर उन्होंने सीधा जवाब नहीं दिया, लेकिन कहा कि अमेरिका की नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया के बीच रक्षा नियंत्रण को लेकर उन्होंने कहा कि अमेरिका और दक्षिण कोरिया को मिलकर संतुलन बनाना होगा।

### द. कोरिया को युद्धकालीन ऑपरेशनल कंट्रोल सौंपने में संतुलन बनाना जरूरी

अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने कहा कि दक्षिण कोरिया को युद्धकालीन ऑपरेशनल कंट्रोल सौंपने में संतुलन बनाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि ऐसा करते समय कोरियाई प्रायद्वीप पर दशकों से अमेरिकी सेनाओं की जो भूमिका रही है, उसका भी सम्मान किया जाना चाहिए। यह बयान ऐसे समय में आया जब दक्षिण कोरिया (सोल) और अमेरिका के बीच इस बात को लेकर मतभेद सामने आ रहे हैं कि युद्धकालीन ऑपरेशनल कंट्रोल को कब और किस तरीके से ट्रांसफर किया जाए। योन्हाप न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार हेगसेथ ने कहा, हमें एक संतुलन बनाना होगा, ताकि हमारी सैन्य योजनाओं और उन जिम्मेदारियों का सम्मान हो, जिन्हें अमेरिकी सैनिक दशकों से निभा रहे हैं। साथ ही, हम दक्षिण कोरिया को युद्धकालीन ऑपरेशनल कंट्रोल ट्रांसफर की प्रक्रिया आगे बढ़ा रहे हैं, जिसे वे चाहते हैं।

## संघर्ष नहीं, संवाद ही समाधान का रास्ता : सलाम

**एजेंसी । बेरूत**



लेबनान के प्रधानमंत्री नवाफ सलाम ने दक्षिणी क्षेत्र में इजरायल की ओर से हो रहे ताबड़तोड़ हमले को खतरनाक करार दिया। उन्होंने तत्काल युद्धविराम की मांग करते हुए कहा कि "धरती को झुलसाने की नीति" इजरायल की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकती। टेलीविजन संबोधन में सलाम ने अपनी सरकार की ओर से तेल अवीव के साथ सीधी बातचीत का भी बचाव किया। सलाम ने अपनी सरकार की ओर से इजरायल के साथ सीधे बातचीत का भी बचाव किया। जिसका ईरान समर्थित हिज्बुल्लाह विरोध करता है और कहा कि ये वार्ताएं लेबनान को "सबसे कम नुकसान पहुंचाने वाला रास्ता" है। उन्होंने कहा, "पिछले कुछ दिनों में इजरायल की ओर से की गई खतरनाक और जरूरत से ज्यादा सैन्य बढ़त को देखते हुए, यह आवश्यक है कि राजनीतिक और कूटनीतिक प्रयासों को तेज किया जाए ताकि जल्द और वास्तविक युद्धविराम हासिल किया जा सके। सलाम ने इजरायल पर "धरती को झुलसाने की नीति और सामूहिक सजा" अपनाने का आरोप लगाया।

# स्विस विमान के इंजन में खराबी टेकऑफ के दौरान इंजन फेल



**एजेंसी । नई दिल्ली**

### फ्लाइट रिकॉर्डर जब्त, जांच जारी

- फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर जांच के लिए निकाले गए।
- चालक दल, उड़ान आंकड़ों और हवाई यातायात नियंत्रण रिकॉर्ड की जांच जारी है।
- खराबी के मूल कारण का पता लगाने के लिए विस्तृत तकनीकी विश्लेषण होगा।
- फ्रांस की विमानन सुरक्षा एजेंसी और एयरबस भी जांच में सहयोग कर रहे हैं।
- जांच पूरी होने के बाद सुरक्षा संबंधी सिफारिशें जारी की जा सकती हैं।

विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने रविवार को स्विस इंटरनेशनल एयर लाइंस की उस उड़ान से जुड़ी प्रारंभिक जांच रिपोर्ट जारी की, जिसमें 26 अप्रैल को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर टेक-ऑफ के दौरान इंजन फेल हो गया था।

रिपोर्ट के अनुसार, नई दिल्ली से ज्यूरिख जा रही स्विस एयरलाइंस की उड़ान एलएक्स147 को रात करीब 1:27 बजे टेक-ऑफ के दौरान विमान के बाएं इंजन में खराबी आने के कारण उड़ान रद्द करनी पड़ी। एएआईबी ने इस घटना को "गंभीर घटना" की श्रेणी में रखा है, जिसमें छह लोग घायल हुए थे। एयरबस ए330-343 विमान में कुल 245 लोग सवार थे, जिनमें 232 यात्री और 13 चालक दल के सदस्य शामिल थे। जांचकर्ताओं ने बताया कि विमान के नंबर-1 इंजन में करीब 106 नॉट की गति पर खराबी आने के बाद पायलटों ने टेक-ऑफ रोकने का फैसला लिया। पायलटों ने तुरंत हवाई यातायात नियंत्रण (एटीसी) को इसकी जानकारी दी और आपातकालीन सहायता मांगी। बाद में चालक दल ने बताया कि उन्हें जोरदार धमाके जैसी आवाज सुनाई दी और विमान के बाएं इंजन से बड़ी लपटें निकलती दिखाई दीं। घटना के दौरान विमान बाईं ओर मुड़ने लगा, लेकिन पायलटों ने स्थिति को संभालते हुए उसे रनवे पर सुरक्षित रोक लिया। घटना के बाद दिल्ली हवाई अड्डे पर पूर्ण आपातकाल घोषित कर दिया गया और बचाव व राहत कार्यों के लिए सभी सात आपातकालीन द्वार खोल दिए गए। इस दौरान चार यात्रियों के घायल होने की भी सूचना मिली थी। जारी जांच के तहत एएआईबी ने विमान का दृश्य निरीक्षण किया और क्षतिग्रस्त इंजन के निकास भाग में छोटे धातु कण और मलबा पाया। विमान के सॉलिड स्टेट फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (एसएसएफडीआर) और सॉलिड स्टेट कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (एसएससीवीआर) को विस्तृत जांच के लिए निकाल लिया गया है। जांचकर्ता फिलहाल चालक दल के रिकॉर्ड, उड़ान संबंधी आंकड़ों और हवाई यातायात नियंत्रण के रिकॉर्ड की जांच कर रहे हैं ताकि इंजन फेल होने से पहले की घटनाओं का क्रम पता लगाया जा सके। ब्यूरो ने कहा कि खराब हुए इंजन की विस्तृत तकनीकी जांच की जाएगी ताकि खराबी के मूल कारण का पता लगाया जा सके। इस जांच में फ्रांस के विमानन सुरक्षा जांच और विश्लेषण ब्यूरो (बीईए) का भी सहयोग मिल रहा है, जिसने जांच में मदद के लिए अपना अधिकृत प्रतिनिधि नियुक्त किया है। विमान निर्माता एयरबस और यूरोपीय संघ विमानन सुरक्षा एजेंसी (ईएएसए) भी जांच प्रक्रिया से जुड़ी हुई हैं।

## बोध गया से म्यांमार के राष्ट्रपति का आध्यात्मिक शंखनाद, 5 दिवसीय भारत दौरे का हुआ आगाज

**एजेंसी । नई दिल्ली**

म्यांमार के राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग ने शनिवार को बिहार के गयाजी जिले में स्थित यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल और बौद्ध तीर्थस्थल बोधगया के पवित्र महाबोधि मंदिर में प्रार्थना के साथ अपनी पांच दिवसीय भारत यात्रा की शुरुआत की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने ह्लाइंग की यात्रा की सराहना करते हुए दोनों देशों के बीच साझा बौद्ध विरासत को रेखांकित किया। एक्स पर एक पोस्ट में जायसवाल ने कहा कि म्यांमार के राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग ने आज बोधगया का दौरा किया और पवित्र महाबोधि मंदिर में प्रार्थना की। यह यात्रा भारत और म्यांमार के बीच गहरे आध्यात्मिक और सभ्यतागत



संबंधों को दर्शाती है, जो साझा बौद्ध विरासत में निहित हैं और पीढ़ियों से हमारे लोगों को जोड़ती आ रही हैं। जयसवाल ने म्यांमार के साथ भारत के सभ्यतागत और आध्यात्मिक संबंधों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बौद्ध बहुल देश म्यांमार पहुंचने पर राष्ट्रपति के गर्मजोशी से स्वागत का जिक्र किया, जहां बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने उनका अभिनंदन किया। पोस्ट में लिखा था, बोधगया पहुंचने पर म्यांमार के राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग का हार्दिक स्वागत है। हवाई अड्डे पर माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने उनका स्वागत किया। पोस्ट में आगे कहा गया कि यह यात्रा "हमारे दोनों देशों को जोड़ने वाले मजबूत आध्यात्मिक, ऐतिहासिक और जन-संबंधों को दर्शाती है और हमारे निरंतर सहयोग की गहराई को उजागर करती है। आगमन के तुरंत बाद, राष्ट्रपति मिन आंग ह्लाइंग ने पवित्र महाबोधि मंदिर का दौरा किया, जो एक प्रमुख बौद्ध तीर्थ स्थल और यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल है।

## ईरानी अधिकार सुरक्षित हुए बिना अमेरिका से समझौता नहीं : गालिबाफ

**तेहरान ।** ईरान के संसदीय स्पीकर और शीर्ष वार्ताकार मोहम्मद बाघेर गालिबाफ का कहना है कि तेहरान अमेरिका के साथ अपने झगड़े को खत्म करने वाले किसी भी समझौते को तब तक स्वीकार नहीं करेगा, जब तक यह सुनिश्चित न हो जाए कि ईरानी लोगों के अधिकार सुरक्षित हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ईरानी संसद के स्पीकर गालिबाफ ने रविवार सुबह हुए एक वर्चुअल संसदीय सत्र के दौरान ईरान-अमेरिका समझौते को लेकर ये बयान दिया। गालिबाफ ने ईरानी संसद के प्रेसिडियम के साथ दोबारा चुने गए स्पीकर के तौर पर शपथ ली। कुछ देशों की राजनीतिक सभाओं में कार्यकारी अधिकारियों की एक परिषद होती है जो सामूहिक रूप से अध्यक्ष के साथ या उसके स्थान पर अपने कामकाज का संचालन करती है।

# नेपाल के आरएसपी दो दिवसीय दौरे पर आएंगे भारत

**एजेंसी । काठमांडू**

नेपाल की सत्तारूढ़ राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के अध्यक्ष रबी लामिछाने दो दिवसीय (1-2 जून) दौरे पर भारत आएंगे। यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह की संभावित भारत यात्रा को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। पार्टी प्रवक्ता मनीष झा ने आईएएनएस को बताया कि लामिछाने को भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने नई दिल्ली आने का निमंत्रण दिया है। भाजपा अध्यक्ष के अलावा उनके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर सहित अन्य नेताओं से मुलाकात करने की संभावना है। प्रवक्ता ने कहा, "यात्रा से जुड़ी विस्तृत जानकारी सोमवार को जारी की जाएगी।" हाल के वर्षों में भाजपा ने राज्यों और सरकारों के अलावा राजनीतिक दलों के बीच



**वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर से भी मुलाकात करेंगे**

संबंधों को भी प्राथमिकता दी है, और इससे पहले भी नेपाल के कई नेताओं ने भाजपा के निमंत्रण पर भारत का दौरा किया है। हालांकि, अभी तक न तो भारतीय और न ही नेपाली पक्ष ने इस यात्रा की आधिकारिक घोषणा की है। आरएसपी, जिसने नेपाल की प्रतिनिधि सभा में दो-तिहाई बहुमत हासिल किया कि छवि "जेन-जी समर्थित" सरकार की है। पार्टी नेताओं का कहना है कि सत्तारूढ़ दल के प्रमुख की पड़ोसी देश की यात्रा को सामान्य कूटनीतिक प्रक्रिया के रूप में देखा जाना चाहिए। यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब काठमांडू और नई दिल्ली के बीच संबंधों में कुछ तनाव देखा जा रहा है।

सीमा विवाद, व्यापार नियमों और निर्यात से जुड़े मुद्दों ने दोनों देशों के बीच मतभेद बढ़ाए हैं। नेपाल ने मई की शुरुआत में भारत और चीन दोनों को कड़ा विरोध जताते हुए असहमति पत्र भेजा था। जब दोनों पड़ोसी देशों ने यह घोषणा की थी कि भारतीय तीर्थयात्री नेपाल की अनुमति के बिना विवादित लिपुलेख क्षेत्र के रास्ते कैलाश मानसरोवर की यात्रा करेंगे। नेपाल और भारत दोनों ही लिपुलेख, कालापानी और लिम्पियाधुरा क्षेत्रों पर संप्रभुता का दावा करते हैं, जो वर्तमान में भारत के प्रभावी नियंत्रण में हैं। भारत ने भी अप्रत्यक्ष रूप से नेपाल की उस सख्त नीति पर चिंता जताई, जिसके तहत भारत से नेपाल लाए जाने वाले 100 रुपये से अधिक मूल्य के सामान पर कस्टम ड्यूटी को कड़ाई से लागू किया गया है। यह नियम नया नहीं है, लेकिन इसके सख्त क्रियान्वयन से सीमा पार का व्यापार प्रभावित हुआ है, जिससे भारतीय व्यापारियों में समय-समय पर विरोध भी देखने को मिला। नेपाल सरकार का कहना है कि यह कदम तस्करी को रोकने के लिए उठाया गया है। नेपाल के सर्वोच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश के बाद फिलहाल इस नियम को लागू नहीं किया गया है। इसी बीच, भारत ने नेपाल से आने वाली हर चाय खेप के लिए अनिवार्य लैब परीक्षण की शर्त लगा दी, जिससे नेपाल के चाय निर्यात पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा। बाद में भारतीय सरकार ने इस नियम में संशोधन किया और केवल उन चाय पर परीक्षण अनिवार्य किया जो भारत के रास्ते तीसरे देशों को पुनः निर्यात की जाती हैं।

